RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 90
नई दिल्ली, सोमवार, 5 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

मैंने बचपन में नस्लवाद का अनुभव किया
विदेश-11

पूर्वोत्तर की उपेक्षा पर मोदी ने कांग्रेस को लताड़ा

प्रधानमंत्री ने असम की सांस्कृतिक विरासत को सराहा, कहा- परियोजनाओं से पूर्वोतर का संपर्क बेहतर होगा

पायनियर समाचार सेवा। गुवाहाटी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए दावा किया कि आजादी के बाद सत्ता में रहने वाले लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और राजनीतिक कारणों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की। मोदी ने 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का अनावरण करने के बाद गुवाहाटी में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, कोई भी देश अपने अतीत को मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता। एक दिन पहले ही मोदी ने भुवनेश्वर की रैली में कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला था।

मोदी ने केंद्र द्वारा 498 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जाने वाली कामाख्या मंदिर गलियारा परियोजना पर कहा कि इसके तैयार होने के बाद बड़ी संख्या में भक्त 'शक्ति पीठ' के दर्शन के लिए आएंगे और इससे संपूर्ण पूर्वोत्तर में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। पीएम ने कहा, यह पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार बनेगा। हजारों वर्षों की चुनौतियों के बावजूद, ये हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं और हमने खुद को कैसे संरक्षित रखा है। इनमें से कई प्रतीक, जो हमारी मजबूत संस्कृति का हिस्सा हैं, आजकल खंडहर बन गए हैं। उन्होंने कहा, 'कामाख्या दिव्यलोक परियोजना' शक्ति पीठ की तीर्थयात्रा के अनुभव में पूर्ण बदलाव सुनिश्चित करेगी। पीएम ने दावा किया कि आजादी के बाद लंबे समय तक सरकार चलाने वाले लोग ऐसे आस्था स्थलों की कीमत और महत्व को नहीं समझ सके और उनकी उपेक्षा की। उन्होंने जोर देकर कहा, राजनीतिक लाभ के कारण, उन्होंने अपनी संस्कृति और अतीत पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति शुरू कर दी। कोई भी देश अपने अतीत को भूलकर, मिटाकर और अपनी जड़ें काटकर विकास नहीं कर सकता।

मोदी ने कहा, हालांकि, पिछले 10 वर्षों में स्थिति बदल गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली 'डबल इंजन' सरकार की नीति विकास और विरासत की सुरक्षा की है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर असम का हवाला दिया और कहा कि यह एक ऐसी जगह है जहां मान्यताएं, आध्यात्मिकता और इतिहास आधुनिकता से जुड़े हुए हैं। मोदी ने कहा कि उन्होंने जिन परियोजनाओं का अनावरण किया, उनसे न केवल पूर्वोत्तर, बल्कि शेष दक्षिण एशिया में भी कनेक्टिविटी मजबूत होगी। उन्होंने कहा, आज युवा देखना चाहते हैं कि असम और पूर्वोत्तर का विकास दक्षिण एशिया के बराबर हो। आपका सपना मोदी का संकल्प है। मोदी आपके सपने को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह मोदी की गारंटी है। पीएम ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में असम में शांति लौटी है और 7,000 से अधिक लोग हथियार डालकर मुख्यधारा में लौट आए हैं। 10 से अधिक प्रमुख शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा, एक समय में, मैंने पार्टी के लिए असम में काम किया था। मैंने गुवाहाटी में सड़क अवरोध और बम विस्फोट जैसी घटनाओं को अपनी आंखों से देखा है। यह अब अतीत की बात है। मोदी ने कहा कि राज्य और क्षेत्र के कई इलाकों से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (एएफएसपीए) हटा लिया गया है. पीएम मोदी ने कहा, पिछले दशक में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों ने पूर्वोत्तर का दौरा किया है। हम ऐतिहासिक स्थानों के उत्थान के लिए एक नई योजना शुरू करेंगे और इसीलिए हमने इस साल के बजट में पर्यटन पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके लिए असम और पूर्वोत्तर में एक बड़ा अवसर है। प्रधान मंत्री ने दावा (शेष पेज 9)

गुवाहटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा के साथ कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद रोड शो करते हुए

दिल्ली सरकार की वित्त मंत्री आतिशी के आवास पर नोटिस देने पहुंची पुलिस

विधायक खरीद-फरोख्त दावे पर पुलिस ने आतिशी से मांगा साक्ष्य

● पांच जनवरी तक नोटिस का जवाब देने के लिए कहा, कथित तौर पर विधायकों की खरीद फरोख्त की कोशिश का आप ने लगाया था आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने रविवार को पीडब्ल्यूडी और वित्त मंत्री आतिशी को नोटिस दिया। जिसमें भाजपा द्वारा आप विधायकों की कथित तौर पर खरीद-फरोख?त के प्रयासों के आरोपों का उन्हें 5 फरवरी तक जवाब देने के लिए कहा है। पुलिस अधिकारी आतिशी व उनके ओएसडी का मथुरा रोड स्थित घर पर का करीब तीन घंटे इंतजार किया लेकिन वह घर पर नहीं मिली। बाद में मंत्री के स्टाफ को नोटिस देकर वापस आए गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपराध शाखा की टीम रविवार अपराह्न 12 बजकर 55 मिनट पर दूसरी बार आप नेता के मथुरा रोड स्थित आवास पर पहुंची और उसके बाद उनके कर्मचारी को नोटिस सौंपा। नोटिस के अनुसार, अपराध शाखा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आतिशी को भाजपा के खिलाफ लगाए आरोपों पर जानकारी देने को कहा है। इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं के बयानों से पता चलता है कि उनके पास संज्ञेय अपराध के संबंध में कुछ सूचना है। इससे एक दिन पहले, अपराध शाखा के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को नोटिस देकर उनसे भाजपा की तरफ से आप के सात विधायकों को खरीदने की कोशिश संबंधी उनके दावों (शेष पेज 9)

आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा विदेश मंत्रालय का सुरक्षा कर्मचारी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली, लखनऊ

आतंकवाद निरोधक दस्ते यानी एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले भारतीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी सतेंद्र सिवाल विदेश मंत्रालय के मल्टी टास्किंग स्टाफमें है। वर्तमान में वह मास्को स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है। सतेंद्र हापुड़ के गांव शाहमहीउद्दीनपुर का रहने वाला है। यूपी एटीएस से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एटीएस को विभिन्न गोपनीय स्रोतों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैण्डलरों द्वारा कुछ छद्म नाम के व्यक्तियों से विदेश मंत्रालय भारत सरकार के कर्मचारियों को बहला फुसलाकर एवं धन का लालच देकर भारतीय सेना से सम्बंधित भारत की सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण, गोपनीय व प्रतिषेधित सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं । जिससे भारत की आन्तरिक एवं बाह्य सुरक्षा को बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न होने की सम्भावना है। एटीएस उत्तर प्रदेश द्वारा इस सूचना को विकसित करते हुए इलेक्ट्रानिक एवं भौतिक सर्विलांस के माध्यम से साक्ष्य संकलन किया गया तो पाया गया कि सतेन्द्र सिवाल पुत्र जयवीर सिंह निवासी ग्राम शाहमहीउद्दीनपुर थाना. हापुड़ देहात जनपद हापुड़ विदेश मंत्रालय भारत सरकार में

एमटीएस मल्टी टास्किंग स्टाफ के पद पर नियुक्त है तथा वर्तमान में मास्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है, आईएसआई के हैण्डलर्स के संजाल में संलिप्त हो कर भारत विरोधी कृत्यो में लिप्त है तथा भारत के दूतावास रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय व भारतीय सैन्य (शेष पेज 9)

दक्षिण के सामाजिक न्याय के प्रणेता की चर्चा अब वैश्विक स्तर पर

● नायर सर्विस सोसाइटी के संस्थापक मन्नाथु पद्मनाभन का 1970 में हुआ था निधन

पायनियर समाचार सेवा। कोच्चि

नायर सर्विस सोसाइटी (एनएसएस) के संस्थापक मन्नाथु पद्मनाभन (1878-1970) मृत्यु के पांच दशक से भी अधिक समय बाद उनकी किवदंती वैश्विक स्तर पर पहुंच रही है। मन्नम, जैसा कि उन्हें पूरे केरल में इसी उपनाम से जाना जाता है, वे सामाजिक न्याय, समावेशी विकास की वकालत करने वाले दक्षिण भारत के अग्रणी थे और उन्होंने नायर समाज में जन-विरोधी रीति-रिवाजों और परंपराओं को खत्म करने का आह्वान किया था। उन्होंने अपने पारिवारिक मंदिर के दरवाजे हरिजनों के साथ-साथ पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए भी खोल दिए। इससे पहले कि स्वयंभू तर्कवादियों और नास्तिकों ने पूरे तमिलनाडु में हिंदू देवी-देवताओं के विरोध में प्रदर्शन किया था।

मन्नम ने नायर समुदाय के सदस्यों से आह्वान किया कि वे जातिगत उच्च न बने रहें, बल्कि उच्च शिक्षा प्राप्त करें और ज्ञान का उपयोग देश के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए करें। उन्होंने छुआछूत और जाति और पंथ के आधार पर भेदभाव के खिलाफ खुली लड़ाई की घोषणा की थी।



उनके विचारों से राष्ट्रीय मानस पर जो प्रभाव पड़ा, उससे बाहरी दुनिया अभी भी अनभिज्ञ है।, एनएसएस के महासचिव जी सुकुमारन नायर ने कहा, राष्ट्रपिता मोहनदास गांधी ने मन्नाथु पद्मनाभन से प्रेरणा लेकर ही उन्होंने सार्वजनिक सड़कों पर चलने और मंदिरों में पूजा करने के लिए उत्पीड़ित और दबे हुए वर्गों के संघर्ष में भाग लेने के लिए केरल की राजनीतिक तीर्थयात्रा की।

मन्नम द्वारा स्थापित एनएसएस ने इस महीने 'श्री मन्नथु पद्मनाभन-लिविंग बियॉन्ड द एजेस' पुस्तक प्रकाशित की है। एनएसएस हिंदू कॉलेज, पेरुन्ना की प्रिंसिपल प्रोफेसर एस सुजाता के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम ने मन्नम के जीवन और समय को फिर से रेखांकित किया है जिन्हें समुदयाचार्यन के नाम से जाना जाता है। जिसका मुख्य लेख सुकुमारन नायर द्वारा लिखा गया है। सुजाता ने कहा कि यह काम मिलना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। यद्यपि उनके कार्यों का अंग्रेजी में अनुवाद करने का प्रयास किया गया, लेकिन इसका वो स्वरूप नहीं मिला क्योंकि मन्नम की कलात्मक भाषा का अंग्रेजी में अनुवाद नहीं किया जा सका। सुजाता ने कहा, वह मलयालम भाषा के विंस्टन चर्चिल या सैमुअल जॉनसन थे। केरल में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसे मन्नम ने न छुआ हो। वह चाहते थे कि हरिजनों और पिछड़े समुदायों का विशेष ध्यान रखा जाए। आज हम जो आरक्षण देखते हैं वह अवैज्ञानिक होने के साथ-साथ अनुत्पादक भी है। सुकुमारन नायर ने कहा, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए लेकिन योग्यता से कभी समझौता नहीं किया जाना चाहिए। (शेष पेज 9)

अभी और बरसात की संभावना, उड़ान में देरी, रोड पर जाम और कोहरे ने बढ़ाई मुसीबत

राजेश कुमार। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को हल्की बारिश होने से सड़क यातायात, हवाई सेवा और रेल परिचालन बाधित हुआ, जिसके कारण यात्रियों को ठंड के बीच परेशानी का सामना करना पड़ा। ताजा बारिश पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई जिसने उत्तर-पश्चिम भारत में शनिवार और रविवार को प्रभावित किया, इसके साथ दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उससे सटे पाकिस्तान पर स्थित चक्रवाती परिसंचरण का दबाव बना हुआ है। पिछले दो दिनों में कम हुआ घना कोहरा राजधानी में फिर से लौटेगा क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 5 और 6 फरवरी की सुबह भी ऐसा ही अनुमान लगाया है। आईएमडी के अनुसार, रविवार को ठंडे दिन की स्थिति नहीं देखी गई।

आईएमडी ने रविवार को कहा कि सोमवार और मंगलवार को घने कोहरे के कारण दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हवाई, रेल मार्ग और सड़क यातायात प्रभावित हो सकता है। इसके साथ सावधानी से गाड़ी चलाने का सुझाव दिया गया है और जब तक एहतियाती कदम नहीं उठाए जाते, इससे कुछ सड़क यातायात टकराव हो सकते हैं। इस बीच, हिमाचल प्रदेश में ताजा बर्फबारी के कारण राज्य में 518 सड़कें बंद हो गईं, जबकि कश्मीर घाटी में बर्फबारी के कारण रविवार को सामान्य

जनजीवन प्रभावित हुआ और श्रीनगर हवाई अड्डे पर सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने कहा कि शिमला में 161 सड़कें बंद हैं, इसके बाद लाहौल और स्पीति में 157, कुल्लू में 71, चंबा में 69 और मंडी जिले में 46 सड़कें बंद हैं। 478 ट्रांसफार्मर और 567 जल आपूर्ति योजनाएं बाधित हो गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश और तेज बर्फीली हवाएं चलीं, जिससे राजधानी का न्यूनतम तापमान बढ़कर 11.9 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो मौसम के औसत से तीन डिग्री अधिक है। दिल्ली और यहां के आसपास के इलाकों में रात और सुबह तेज हवा के कारण ठंड बढ़ गई। आईएमडी के आंकड़ों से पता चला है कि दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में सुबह 5 बजे से 8 बजे तक बारिश हुई। शहर में पिछले 24 घंटों में सुबह 8:30 बजे 3 मिमी बारिश हुई। शनिवार रात और रविवार की सुबह हुई हल्की बारिश के साथ कोहरे की एक पतली परत ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जमीनी परिचालन को प्रभावित किया, (शेष पेज 9)

बच्चे ने पप्पी को बहुमंजिला इमारत से फेंका, आक्रोश भड़का

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विचलित करने वाली घटना में, एक बच्चे ने एक पिल्ले को बहुमंजिला इमारत से सड़क पर फेंक दिया। इस घटना में एक महीने के कुत्ते के बच्चे की मौत हो गई। यह घटना ग्रेटर नोएडा के बिसरख पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गौर सिटी-14वें एवेन्यू में हुई। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने नाबालिग लड़के द्वारा कथित तौर पर सड़क पर ऊंची इमारत से कुत्ते के बच्चे को फेंकने के मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गैर सरकारी संगठन पीपुल फॉर एनिमल्स के एक स्वयंसेवी द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, तकरीबन 9-10 साल का लड़का एवेन्यू गौड़ सिटी-2 का निवासी है। प्राथमिकी में कहा गया है कि यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और इसे सोसायटी के समूहों और सोशल मीडिया पर रील के तौर पर साझा किया गया। प्राथमिकी में कहा गया है कि वीडियो में देखा गया कि लड़के ने कथित तौर पर एक वयस्क की देखरेख में करीब एक माह के कुत्ते के बच्चे को बेरहमी से उठाया, जो कि एक झाड़ी में छिपा हुआ था। लड़का उसे एक सड़क की तरफ लेकर गया जबकि कुत्ता मिमियाता रहा और उसके चंगुल से छूटने की असफल कोशिश करता रहा। प्राथमिकी में कहा गया है कि कुत्ते के बच्चे के लगातार

चिल्लाने के बावजूद लड़के ने उसे ऊंचाई से फेंक दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

प्राथमिकी में बच्चे को एक किशोर न्याय अदालत में पेश करने और उसकी मानसिक स्थिति की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। पीएफए स्वयंसेवी सुरभि रावत ने पीटीआई-भाषा को बताया, इसी सोसायटी में कुछ दिन पहले एक व्यक्ति ने जानबूझकर कुत्ते के एक बच्चे को अपने वाहन से कुचल दिया था। एक अन्य कुत्ते का बच्चा भी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया था। ऐसी आशंका है कि उसे जहर दिया गया था। पोस्टमार्टम कराया जाएगा। कुत्ते के बच्चों के खिलाफ इस तरह की क्रूर हरकतों की वजह सोसायटी के व्हाट्सएप समूह पर फैलाई गई नफरत है। आजकल बच्चों के पास फोन है और वे वयस्कों द्वारा आसानी से प्रभावित हो जाते हैं जो दिन भर डर पैदा करने और आवारा पशुओं के खिलाफ नफरत फैलाने में लगे रहते हैं।

पीएफए की न्यासी अंबिका शुक्ला ने कहा कि एक बच्चे का संवेदनहीन होना चिंता की बात है। उन्होंने कहा, इससे मनोरोगी प्रवृत्ति का पता चलता है जिससे तुरंत निपटा जाना चाहिए, वरना ऐसा न हो कि हमारे बीच एक राक्षस का पता चले। जो लोग पशुओं को नुकसान पहुंचाते हैं वे एक खतरनाक उदाहरण पेश करते हैं जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। अपने पूर्वाग्रहों से एक पूरी पीढ़ी को विकृत न करें। उन्होंने कहा कि हाल में राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले ने एक निजी सदस्य विधेयक पेश करते हुए पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम कानून में सर्वसम्मति से संशोधन करने का अनुरोध किया। गोखले ने कहा था, मौजूदा कानूनों के अनुसार, पशुओं पर अत्याचार करने के लिए केवल 500 रुपए जुर्माने की सजा है। मेरे विधएक में इस कानून में संशोधन और पशुओं पर अत्याचार करने वाले लोगों पर एक लाख रुपए तक जुर्माना लगाने और एक साल तक की सजा सुनाने का प्रावधान है। एफआईआर के अनुसार, वीडियो क्लिप से पता चलता है कि लड़के ने, एक वयस्क की कथित निगरानी में, लगभग एक महीने के पिल्ले को बेरहमी से उठाया, जो अन्य भाई-बहनों के साथ झाड़ी में छिपा हुआ था। लड़का पिल्ले को सड़क की ओर ले गया, जबकि कुत्ता चिल्लाता रहा और उसके चंगुल से भागने की असफल कोशिश करता रहा। एफआईआर में कहा गया है कि पिल्ले की रोने की आवाज ने भी लड़के को उसे ऊंचाई से फेंकने से नहीं रोका, जिससे उसकी मौत हो गई। एफआईआर में बच्चे को किशोर अदालत के सामने (शेष पेज 9)

स्क्रैप माफिया रवि काना और उसके साथी को भगोड़ा घोषित किया, नोटिस किए चस्पा

● जल्द आरोपियों की संपत्ति होगी जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के नामी स्क्रैप माफिया और सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी रवि काना के खिलाफ नोएडा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

गैंगरेप मामले में फरार चल रहे स्क्रैप माफिया रवि काना और उसका साथी महकी को पुलिस ने भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। लंबे समय से फरार चल रहे गैंगरेप के दोनों आरोपियों के घर के बाहर शनिवार को पुलिस ने नोटिस चस्पा किया है।

बता दे कि दोनों आरोपियों के तीन साथी इस मामले में पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। अगर रवि काना और उसके साथी की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई तो भगोड़ा घोषित करने के बाद पुलिस इनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई करेगी। नोएडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रवि काना और उसका साथी महकी काफी अर्से से फरार चल रहे है।

दोनों आरोपियों के घर के बाहर शनिवार को पुलिस ने नोटिस चस्पा किया और मुनादी कराई। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में काना के तीन साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी और दोनों की संपत्तियों को चिह्नित किया जा रहा है। मामले की जानकारी देते हुए नोएडा के सेक्टर 39 थाना पुलिस ने बताया कि फरार दोनों आरोपियों के दनकौर थाना क्षेत्रों के दादूपुर स्थित आवासों पर शनिवार को नोटिस किया गया।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि फरार दोनों आरोपियों के बारे में कई अहम जानकारी पुलिस के हाथ लगी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि दोनों आरोपियों के नेपाल के रास्ते विदेश भागने के कयास लगाए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि रवि काना के खिलाफ नोएडा सेक्टर.39 थाने में एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज है। आरोप है कि रवि और उसके साथियों ने नौकरी देने के नाम पर युवती को मॉल में बुलाया और पार्किंग में बंदूक की नोक पर उसके साथ दुष्कर्म किया एवं जान से मारने की धमकी दी।

फेयरवेल पार्टी के बाद स्कूली छात्रों का सड़क पर हंगामा

● जमकर की आतिशबाजी, बजाये हूटर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में कुछ युवकों ने बीच सड़क पर जमकर हंगामा मचाया। एक स्कूल की फेयरवेल पार्टी के बाद स्कूल छात्रों ने भी सड़क पर आतिशबाजी की और गाड़ियों के होटल में जाकर जमकर हंगामा किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस ने दो गाड़ियों को पकड़कर सीज कर दिया। नोएडा के थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर 50 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

यह वीडियो शनिवार का है, जहां पर एक नामी स्कूल की फेयरवेल पार्टी चल रही थी। फेयरवेल पार्टी के बाद स्कूल से बाहर निकले छात्रों ने सड़क पर जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान बीच सड़क पर उन्होंने आतिशबाजी की और फिर अपनी गाड़ियों के हूटर बजाते हुए जमकर हंगामा किया। सड़क पर उनके द्वारा किए गए इस हंगामा की वजह से काफी देर के लिए ट्रैफिक रुक गया और लोग भी परेशान हो गए।

कुछ लोगों के द्वारा इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तब तक काफी लोग वहां से जा चुके थे लेकिन पुलिस ने वीडियो के आधार पर दो गाड़ियों को पकड़ कर सीज कर दिया। मामले में वीडियो के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना सेक्टर 49 प्रभारी ने बताया कि एक स्कूल की फेयरवेल पार्टी के बाद कुछ छात्रों के द्वारा सड़क पर आतिशबाजी की गई थी और हूटर बजाकर हुड़दंग किया गया था। दो गाड़ियों को सीज कर दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

वसुंधरा के सेक्टर-5 में पार्कों का सौन्दर्यीकरण करते कर्मचारी।

वसुंधरा के सेक्टर–5 में पार्कों का सौन्दर्यीकरण शुरू

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर सेक्टर -5 में वसुंधरा की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने पार्कों की साफ-सफाई और घास लगवाने का कार्य शुरू करवाया है। आरडब्ल्यूए की टीम समय-समय पर सेक्टर पांच में निरंतर कार्य करवाती रहती है। आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने बताया कि उनका लक्ष्य वसुंधरा सेक्टर पांच के क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना है, जिसके लिए आरडब्ल्यूए की पूरी टीम बिना किसी भेदभाव के दिन-रात मेहनत से कार्य कर रही हैं। साथ ही भाजपा के क्षेत्रीय पार्षद सतेंद्र चौधरी इस अभियान में आरडब्ल्यूए की टीम की पूरी मदद कर रहें हैं जिसके लिए आरडब्ल्यूए की टीम उनका तहेदिल से आभार व्यक्त करती है।

विश्व कैंसर दिवस पर मरीजों की निशुल्क स्क्रीनिंग

नोएडा। विश्व कैंसर दिवस पर रविवार को फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैंप में लगभग 80 लोगों ने अपनी जांच कराई और ऑन्कोलॉजिस्ट और गायनेकोलॉजिस्ट से नि:शुल्क परामर्श का लाभ भी लिया। इस अवसर पर फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में मेडिकल ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉ. सारिका बंसल ने लोगों को बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने और खुद के स्वास्थ्य के प्रति लोगों को सजग रखने का संदेश दिया।

लैब का शुभारंभ, शिविर में 300 लोगों की जांच

गाजियाबाद। अहिंसा खंड-2 के आशियाना ग्रीन मार्केट में रविवार को मेदांता लैब का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 300 से ज्यादा लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप कराया, जिसमें ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, पीएफटी आदि की रिपोर्ट भी दी गई। लैब के उदघाटन अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल और निगम पार्षद डॉ अनिल तोमर ने भी हेल्थ चेकअप कराया। अनिल अग्रवाल ने कहा कि हमें उम्मीद है यह लैब बेहतर काम करेगा और समय समय पर कैंप लगाकर इलाके के लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाएगा। इस अवसर पर यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के जय भगवान गोयल, एडीएम अतुल पांडेय, पूर्व भाजपा विधायक रूप चौधरी, डॉ. शान्त्वना श्रीकान्त, पारुल खेरा, अश्वनि दुबे, टीवी पर्सनॉलिटी श्रीवर्धन त्रिवेदी, एनयूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी भी मौजूद रहे।

गाजियाबाद में रेलवे पुलिस ने 140 मोबाइल मालिकों को लौटाए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना जीआरपी में रविवार को 140 रेल यात्रियों को उनके मोबाइल वापस लौटाए गए। ये वो मोबाइल फोन थे जो यात्रा के दौरान किसी न किसी तरह लापता हो गए थे। मोबाइल पाने के बाद रेल यात्रियों के चेहरे पर खुशी थी।

वापिस किये गए मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए है। रेलवे पुलिस के पुलिस उपाधीक्षक सुदेश कुमार गुप्ता ने बताया की रेल यात्रा के दौरान अक्सर यात्रियों के मोबाइल ट्रेन में चढ़ते या उतरते समय गिर जाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है की यात्री का फोन ट्रेन में ही छूट जाता है। ऐसे मामलों की यात्री रेलवे थानों में सूचना देते हैं।

गाजियाबाद जीआरपी पुलिस ने पिछले चार महीना में ऐसे गुम हुए फोनो को तलाशने का अभियान चलाया था। जिसके तहत रविवार को 140 फोन उनके मालिकों को वापस किए गए। इन सभी फोनों की कीमत 29 लाख 47 हजार है। पुलिस उपाधीक्षक सुदेश कुमार गुप्ता ने बताया की गुम हुए फोन कई बार तो जिसको प्राप्त होते हैं वह पुलिस को दे देता है। लेकिन कुछ लोग ऐसे फोनों में अपना सिम डालकर चलने लगते हैं उनसे भी यह फोन बरामद किए गए हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समृद्ध बनेगा भारत: महेश शर्मा

● संसदीय क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को लेकर प्रेस वार्ता

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

प्रेस वार्ता के दौरान सांसद महेश शर्मा व अन्य।

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से बीजेपी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने रविवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

इस दौरान बीजेपी सांसद डॉ महेश शर्मा ने केंद्र की मोदी सरकार और सूबे की योगी सरकार के विकास कार्यों का बखान किया। साथ ही उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में किए गए कार्यों को लेकर भी बात की। प्रेस वार्ता के दौरान बीजेपी सांसद ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो को लेकर कहा कि वहां के लोगों को यातायात की बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि यहां के लोगों को मेट्रो सेवा की सख्त ज़रुरत है। उन्होने बताया कि ग्रेनो वेस्ट मे मेट्रो सेवा को लेकर केंद्रीय मंत्री डॉ हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात भी की है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो जल्द दौड़े केंद्र और यूपी की डबल इंजन सरकार भी यही चाहती है, ग्रेनो वेस्ट के लोगों का ये सपना जल्द साकार होने वाला है। मीडिया से बात करते हुए सांसद महेश शर्मा ने कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक जल्द मेट्रो पहुंचेगी। इसके लिए हर प्रयास तेजी से किये जा रहे हैं।

आपको बता दें पहले मेट्रो के रूट को सरकार ने खारिज कर दिया था। जिसके बाद एक बार फिर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों ने मेट्रो को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। बीजेपी सांसद डॉ शर्मा ने मोदी सरकार के अंतरिम बजट को लेकर कहा कि यह बजट पिछले वर्ष के आधार पर बनाया गया है। जो मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास के आदर्श वाक्य के अनुरूप, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को शामिल करता है।

पूर्व उपायुक्त समेत चार को सुनाई सजा

गाजियाबाद। गाजियाबाद की कोर्ट ने सीमा शुल्क के तत्कालीन उपायुक्त शशिकांत समेत चार आरोपियों को चार साल कैद की सजा सुनाई है। इन पर 28 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। एक मामले में 5 लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है।

आईसीडी दादरी ग्रेटर नोएडा के तत्कालीन उपायुक्त शशिकांत पर 8 लाख रुपए जुर्माना, पत्नी श्वेता को 2 साल कारावास के साथ 4 लाख रुपए जुर्माना, मैसर्स अबान एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड के तत्कालीन मुख्य प्रोत्साहक नरेंद्र कुमार चुघ को 4 वर्ष कैद के साथ 8 लाख रुपए जुर्माना और एक मध्यस्थ व्यक्ति सतीश गुप्ता को 4 साल कैद के साथ 8 लाख रुपए जुर्माने की सजा शनिवार को गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट ने सुनाई है। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया, इन सभी के खिलाफ29 नवंबर 2013 को एक मामला दर्ज किया गया था।

नए रूट से जाएगी नोएडा-ग्रेनो वेस्ट मेट्रो

● कॉमन स्टेशन और नए एलाइनमेंट के साथ तैयार की जा रही डीपीआर, 5 लाख मुसाफिरों को फायदा

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

मेट्रो के ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए अच्छी खबर है। डीएमआरसी की ओर से नई डीपीआर तैयार की जा रही है। इसे आगामी बोर्ड में रखा जाएगा। यहां से अप्रूवल के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा। नए रूट में मेट्रो के एलाइनमेंट में बदलाव किया गया है। इसे अब सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन से लेकर जाएंगे।

स्टेशन पर बोटेनिकल गार्डन की तरह ही कॉमन स्टेशन पर दो प्लेटफार्म बनाए जाएंगे। पहला ब्लू लाइन के लिए है जो वर्तमान में चल रहा है दूसरा एक्वा लाइन के होगा। इससे मुसाफिर को स्टेशन से बाहर नहीं आना होगा। नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी लोकेश एम ने बताया कि हम जल्द ही एक ऐसा कार्ड भी लेकर आ रहे है जो डीएमआरसी और एनएमआरसी में यात्रा करने के लिए कॉमन कार्ड होगा। इससे मुसाफिर को एक्वा और ब्लू लाइन के लिए अलग से कार्ड या टोकन नहीं लेना होगा।

नए एलाइनमेंट की डीपीआर को बोर्ड में रखा जाएगा। एक्वा लाइन एक्सटेंशन में ग्रेनो वेस्ट के लिए मेट्रो के रूट की डीपीआर पहले से तैयार है। डीपीआर में सेक्टर.51 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर.2 तक का रूट प्रस्तावित है, जिसमें 5 स्टेशन हैं।

इनमें नोएडा में सेक्टर-122 और सेक्टर.123 जबकि ग्रेनो वेस्ट के क्षेत्र में सेक्टर-4 एईकोटेक-12 और सेक्टर-2 की लोकेशन चिह्नित है। इस कॉरिडोर की लंबाई 9.605 किमी होगी। दूसरे चरण में यहां से नॉलेज पार्क.5 तक रूट है। इस डीपीआर को यूपी सरकार से लेकर पीआईबी तक की मंजूरी मिल चुकी है। केंद्र में कैबिनेट से मंजूरी मिलनी बाकी बची थी।

कैबिनेट नोट तैयार होने की प्रक्रिया में मंत्रालय स्तर पर ब्लू लाइन से कनेक्टिविटी न होने का सवाल उठा दिया गया। इस पर एनएमआरसी ने ब्लू लाइन के सेक्टर-52 से एक्वा लाइन के सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन के बीच स्काईवॉक प्रोजेक्ट की जानकारी दी, लेकिन मंत्रालय सहमत नहीं हुआ। इसलिए अब नए एलाइनमेंट के साथ डीपीआर तैयार की जा रही है।

इस नई डीपीआर में ग्रेनो वेस्ट लाइन को सेक्टर.61 के ब्लू लाइन स्टेशन से सीधे जोड़ते हुए नॉलेज पार्क-5 तक ले जाना है। जिसमें सेक्टर.61 को कॉमन स्टेशन या जंकशन बनाया जाएगा। यानी सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से मेट्रो रूट निकाल कर ब्लू लाइन के सेक्टर-61 स्टेशन को जोड़ फिर सेक्टर-71 से सेक्टर-122 की तरफ निकालने को लेकर तैयारी है। इस स्टडी को लेकर एनएमआरसी अपनी सहमति दे चुका है। इसकी डीपीआर तैयार की जा रही है। नए रूट में करीब 2.5 किमी ज्यादा दूरी होगी।

क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

● शव को नाले में फेंककर फरार, तीन पर केस दर्ज

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

सेंट्रल नोएडा में क्रिकेट खेलने के दौरान विवाद हो गया। इस दौरान मारपीट होने लगी। कुछ युवक एक युवक को पीटने लगे। युवक आरोपियों से जान बचाकर भाग रहा था, इसी दौरान वह नाले में गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे अन्य युवकों ने ईंट से हमला कर युवक की हत्या कर दी।

शव को नाले में फेंक कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर दो नामजद सहित तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिसरख थाना क्षेत्र के चिपियाना बुजुर्ग में साइ उपवन कॉलोनी के पास कुछ युवक मैच क्रिकेट मैच खेल रहे थे। यह सभी लोग एक ही कॉलोनी के थे और आपस में एक दूसरे को जानते थे। मूल रूप से मेरठ के जानी निवासी सुमित 24 ग्रेटर नोएडा वेस्ट के साईं उपवन में परिवार के साथ रहता है।

सुमित कैब चलाकर गुजारा करता है। रविवार को सुमित कॉलोनी के हिमांशु सहित अन्य लड़कों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। क्रिकेट खेलने के दौरान सुमित का दूसरे पक्ष के युवक हिमांशु से विवाद हो गया दोनों पक्षों में मारपीट हुई। इस दौरान दूसरे पक्ष के युवक अधिक होने के कारण हावी हो गए। हिमांशु व अन्य लड़कों ने मिलकर सुमित को पीटना शुरू कर दिया। इसके चलते सुमित वहां से जान बचाकर भागने लगा। तभी सामने नाला देखकर सुमित ने छलांग लगाकर नाले को फांदकर उस पार जाने का प्रयास किया। लेकिन इसी प्रयास में वह नाले में गिर गया।

इसके बावजूद आरोपियों ने उसे बचाने का प्रयास करने के बजाय ईंट से हमला कर दिया। सिर में ईंट लगने से सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचकर सुमित के शव को नाले से बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बिसरख पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर दो नामजद सहित तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गाजियाबाद में घर में मिला बुजुर्ग का शव

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग का शव रविवार को उन्हीं के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। बुजुर्ग का केबल और वायर का व्यापार था।

बुजुर्ग के तीन बेटे थे। जिसमें से मंझले बेटे की मौत करीब 3 वर्ष पहले हुई थी। बुजुर्ग दिल की और अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि थाना टीला मोड़ के। 138 डिफेंस कॉलोनी में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पता चला पूरन सिंह उम्र 72 वर्ष की मौत हुई है।

नियमों का उल्लंघन करने वालों का काटे चालान

● पांच हजार वाहनों पर हुई कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नोएडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शनिवार को 23 वाहन सीज करने के साथ 5 हजार से ज्यादा ई-चालान काटे गए है।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में सडक सुरक्षा के मद्देनजर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रथम के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा माडल टाउन सैक्टर 62, सेक्टर 15 गोलचक्कर चौक, सेक्टर 18, सैक्टर 27 के आसपास सार्वजनिक मार्ग पर अनाधिकृत रूप से नो-पार्किंग में खडे तथा अनाधिकृत रूप से चलने वाले वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान कुल 27 वाहनों को क्रेन द्वारा टो कर हटाया गया।

अनाधिकृत रूप से चलने वाले 17 वाहनों के विरूद्ध सीज तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध ई-चालान की कार्यवाही की गयी। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत डीएनडी टोल, महामाया फ्लाई ओवर व जेवर टोल प्लाजा पर कोहरे के कारण सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए अनाउसमेन्ट के माध्यम से वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है।

पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

● पांच गिरफ्तार, विभिन्न थानों के थे कई मामले दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

चेकिंग के दौरान वाहन चोरों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच शातिर गिरफ्तार।

नोएडा में पुलिस ने बीती रात वाहन चोरी करने वाले गैंग के पांच बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। नोएडा के पर्थला ब्रिज से गढी गोलचक्कर की तरफ जाने वाली रोंग साइड सर्विस रोड पर मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैरों में गोली लगने से बदमाश घायल हो गए।

चोरी करने वाले गिरोह के पांच बदमाशों को कोतवाली फेस 3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाहन चोर गैंग के सदस्यों को नोएडा कोतवाली फेस 3 पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। कांबिंग के दौरान बदमाशों से हुई मुठभेड़ में बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया जिसके जवाब में पुलिस ने फायरिंग करते हुए दो बदमाशों को घायल कर दिया। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नोएडा कोतवाली फेस 3 पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी की तीन कारे, स्कैनर डिवाइस, हथोड़ा, चुंबक, चाबी और लॉक तोड़ने के कई उपकरण बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाशों की पहचान फिरोज अहमद, आशीष जाट, अमित उर्फ भूपेंद्र, पन्नू उर्फ अजमेरी और मध्य प्रदेश के मुरैना के निवासी दिनेश गुर्जर के रूप में हुई है। नोएडा कोतवाली फेस 3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार अपनी टीम के साथ शनिवार रात गढ़ी पुश्ते के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान कार सवार दो लोगों को पुलिस की टीम ने रुकने का इशारा किया एइस पर बदमाश रुकने के बजाय भागने लगे। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया तो, बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की और दो बदमाशों को गोली मारकर लंगड़ा कर दिया। इन दोनों बदमाशों के खिलाफ एक दर्जन से भी ज्यादा अपराध के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक यह बदमाश चोरी में इतनी तेज थे कि महज कुछ ही मिनट में गाड़ियां चोरी कर लेते थे और अगर गाड़ी में जीपीएस भी लगा होता था तो उसे भी निकाल कर फेंक देते थे।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that We, Sarita Chopra W/o Sh. Praveen Kumar Chopra And Praveen Kumar Chopra S/o Sh. Pravesh Kumar Chopra both R/o 131, Antariksha Co-operative Group Housing Society Ltd. (known as Antariksha Apartments) Plot No.21 Block-H, Vikaspuri, New Delhi-110018, purchaser of flat No.131, Category "A", Antariksha Co-operative Group Housing Society Ltd. (Known as Antariksha Apartments) Plot No.21 Block-H, Bodella, Phase-II, Vikaspuri, New Delhi-110018, have applied for conversion of the said Flat from leasehold to freehold in our favour, vide application No. LD33758GH/CON/18082023 in DDA. The Original Allotment Letter issued by The Antariksha CGHS Ltd. in respect of the above said flat has been misplaced/lost. An FIR to this effect has been lodged in the Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No.1390682/2024 dated 29.01.2024.

Any person(s) claiming any right interest, having any objection or found in possession of the above said original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.9988077754, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write to the Dy. Director, (GH) or Director (RL), Vikas Sadan, INA, New Delhi.

(Sarita Chopra & Praveen Kumar Chopra)

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I Sham Lal Dogra @ Sham Nath Dogra S/o Late Bishamber Nath Dogra R/o 165, Antariksha Co-operative Group Housing Society Ltd. (known as Antariksha Apartments) Plot No.21 Block-H3, Bodella, Phase-II, Vikaspuri, New Delhi-110018, purchaser of flat No.165, Antariksha Co-operative Group Housing Society Ltd. (known as Antariksha Apartments) Plot No.21 Block-H, Bodella, Phase-II, Vikaspuri, New Delhi-110018, have applied for conversion of the said Flat from leasehold to freehold in my favour, vide application No. LD34834GH/CON/04102023 dated 06.10.2023 in DDA. The Original Share certificate allotment letter....Issued by the Antariksha CGHS Ltd. in respect of the above said flat have been misplaced/lost. An FIR to this effect has been lodged in the Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No.1088024/2023 dated 31.10.2023.

Any person(s) claiming any right interest, having any objection or found in possession of the above said original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.8076758094, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write to the Dy. Director, (GH) or Director (RL), Vikas Sadan, INA, New Delhi.

(Sham Lal Dogra @ Sham Nath Dogra).

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	सुमन सिंघल (कर्ज़दार), मोहित सिंघल (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या LBGHZ00002865036 और LBGHZ00002891317	प्लॉट संख्या III- एफ-1/21, ग्राउंड फ्लोर (बिना छत अधिकार के) नेहरू नगर गाजियाबाद (क्षेत्रफल 102.17 वर्ग मीटर)	रु. 37,40,317/- (फरवरी 02, 2024 तक)	रु. 76,50,000/- / रु. 7,65,000/-	फरवरी 16, 2024 को दोप. 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक	फरवरी 29, 2024 को सु. 11:00 बजे से

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **फरवरी 28, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005** में **फरवरी 28, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **फरवरी 28, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **फरवरी 28, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8928935040, 8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : फरवरी 05, 2024
स्थान : गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

अस्पतालों के हालात पर एलजी और सीएम में ठनी

उपराज्यपाल सक्सेना ने लचर स्वास्थ्य व्यवस्था का आरोप लगाते हुए केजरीवाल को लिखा पत्र

● जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा है कि आपसे पहले ही स्वास्थ्य सचिव और वित्त सचिव को हटाने का किया था अनुरोध, जल्द इनको हटाइए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एलजी और मुख्यमंत्री में दिल्ली के अस्पतालों के हालत पर ठन गई है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल को लचर स्वास्थ्य व्यवस्था और सरकारी अस्पतालों की खराब स्थिति का आरोप लगाते हुए पत्र लिखा है। साथ ही उन्होंने सीएम से अस्पतालों की स्थिति को लेकर रिपोर्ट भी मांगी है।

इसके जवाब में सीएम केजरीवाल ने भी एलजी को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि आपसे पहले ही स्वास्थ्य सचिव और वित्त सचिव को हटाने आनुरोध किया था। एक बार फिर से दोनों नौकरशाहों की हटाने की मांग करते हुए केजरीवाल ने उपराज्यपाल पर तंज भी कसा है। उन्होंने कहा कि वह जानेते हैं कि आपकी जरूर कोई मजबूरी होगी, वर्ना मुझे कई बार वादा करने के बावजूद आपने इनको नहीं हटाया है। दोनों अधिकारी राज्य की वर्तमान स्वास्थ्य प्रणाली के प्रति जिम्मेदार हैं।

उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री में तनातनी का ताजा मुद्दा गुरु तेग बहादुर अस्पताल पर उच्च न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के बाद सामने आया है। सरकारी अस्पतालों में आईसीयू बेड और वेंटिलेटर सुविधा की कमी पर वर्ष 2017 की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पिछले हफ्ते दिल्ली सरकार की खिंचाई की थी। अदालत ने कहा कि वह चीजों को ठीक करने में दिल्ली सरकार की मदद करना चाहती है। अगर आप हमें सही स्थिति नहीं बताते हैं, तो आपकी मदद करना बहुत मुश्किल है। हम आरोप-प्रत्यारोप में नहीं पड़ रहे हैं। यहां कागज पर सब कुछ ठीक-ठाक दिखता है, लेकिन जमीन पर लोगों को अस्पताल में भर्ती करने से वंचित कर दिया जाता है। उच्च न्यायालय की टिप्पणियों के कुछ दिनों बाद, एलजी सक्सेना ने केजरीवाल को पत्र लिखकर कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के तहत अस्पतालों की दयनीय स्थिति के संबंध में अपनी निराशा और चिंता व्यक्त करने के लिए लिख रहे हैं। भले ही आप और आपके मंत्रियों द्वारा लगातार इसके विपरीत बड़े-बड़े दावे किए गए हों, हाल की मीडिया रिपोर्टों में सरकारी अस्पतालों की निराशाजनक स्थिति पर उच्च न्यायालय द्वारा की गई तीखी टिप्पणियों को उजागर किया गया है। एलजी ने कहा,राष्ट्रीय राजधानी एक विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की हकदार है जो अपने नागरिकों की भलाई को प्राथमिकता देती है, न कि प्रणालीगत शिथिलता और उपेक्षा से ग्रस्त है, जैसा कि अब मामला है। उन्होंने दिल्ली सरकार के प्रमुख अस्पतालों में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे की स्थिति पर जल्द जल्द एक तथ्यात्मक रिपोर्ट भी मांगी।

उपराज्यपाल ने आगे कहा कि आपकी सरकार को एक काफी मजबूत स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा विरासत में मिला है, जिसे दिल्ली में केंद्र द्वारा संचालित स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा अत्यधिक पूरक बनाया गया है।

साथ ही, आपके पास पर्याप्त धन उपलब्ध है, क्योंकि वास्तव में शहर में सबसे अच्छी चिकित्सा जनशक्ति है। ऐसी स्थिति में निष्क्रियता और विफलताओं और उसके लिए बहाना खोजने की बहुत कम गुंजाइश या जगह बचती है। अदालत की टिप्पणियाँ आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक बदलाव के लिए एक अनूठा अवसर पेश करती है। वह इस क्षण को जाने नहीं दे सकते। उपरोक्त के आलोक में, मैं रचनात्मक और समयबद्ध प्रतिक्रिया के लिए दोबारा अनुरोध करते हैं ताकि गंभीर स्थिति से निपटने के लिए ठोस कदम जाएं। अगर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे की स्थिति पर एक तथ्यात्मक रिपोर्ट आती है तो इसकी सराहना करेंगे।

वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल की चिंताओं को स्वीकार किया और उन्हें भरोसा दिया कि स्वास्थ्य मंत्री को स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे की वर्तमान स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रदान करने का निर्देश दिया है। हालाँकि, उन्होंने स्वास्थ्य सचिव, दीपक कुमार और वित्त सचिव आशीष वर्मा के संबंध में एक लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे को भी जोरशोर से उठाया।

केजरीवाल ने कुमार के प्रदर्शन पर असंतोष व्यक्त किया और स्वास्थ्य मंत्री की मौखिक और लिखित दोनों आदेशों की खुले तौर पर अवहेलना करने की प्रवृत्ति का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार व वित्त सचिव आशीष वर्मा को बदलने के लिए पहले भी पत्र लिखा है, जो न केवल अक्षम हैं बल्कि अपने मंत्री के मौखिक और लिखित आदेशों की खुले तौर पर अवहेलना करते हैं।

ऐसे में एक निर्वाचित सरकार कैसे काम कर सकती है यदि उस विभाग का सबसे वरिष्ठ नौकरशाह अपने मंत्री के आदेशों का पालन करने से इनकार कर दे। पत्र में वित्त सचिव आशीष वर्मा का जिक्र करते हुए बताया कि वर्मा ने कथित तौर पर दवाओं, प्रयोगशाला परीक्षणों, डॉक्टरों के वेतन और विशिष्ट स्वास्थ्य योजनाओं जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भुगतान रोक दिया था।

भाजपा चाहती है कि उसके दल में शामिल हो जाएं : केजरीवाल

● बोलेः सारी एजेंसी हमारे संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के पीछे छोड़ दी हैं, हम सबका क्या कसूर है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

किराड़ी में नए स्कूल भवन की नींव रखने के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये कहते हैं कि भाजपा में आ जाओ, सारे अपराध माफ हो जाएंगे। मैंने भी कह दिया कि भाजपा में तो बिल्कुल नहीं आउंगा।

हम क्यों भाजपा में चले जाएं। अगर हमने कुछ गलत किया होता तो हम भी दूसरे लोगों की तरह भाजपा में चले जाते और अपने सारे केस बंद करवा लेते। लेकिन जब हमने कुछ गलत किया ही नहीं है तो फिर क्यों भाजपा में जाएं। हमारे ऊपर लगाए गए सारे केस झूठे हैं। आज नहीं तो कल सभी केस खत्म हो ही जाएंगे। इन्हें गलतफहमी है कि हम स्कूल-अस्पताल बनाना बंद कर देंगे, लेकिन स्कूल-अस्पताल तो बनेंगे। चाहे मुझे भी जेल में डाल दें। दिल्ली की जनता का आशीर्वाद हमारे साथ हैं। ये लोग जो मर्जी हमारे खिलाफ साजिश कर लें, लेकिन कुछ नहीं होने वाला है।

वह दिल्ली वालों का कोई काम नहीं रुकने देंगे। जब तक सांस है, देश और समाज की सेवा करते रहेंगे।केजरीवाल ने भाजपा नाम लिए बगैर कहा कि ये लोग हमारे पीछे पड़े हैं। इन्होंने अपनी सारी एजेंसी हमारे संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के पीछे छोड़ दी हैं। हम सबका क्या कसूर है। मनीष सिसोदिया का कसूर यही है कि वो अच्छे स्कूल बना रहे थे। सत्येंद्र जैन का यह कसूर है कि वो शानदार मोहल्ला क्लीनिक बना रहे थे।

मुख्यमंत्री की टिप्पणी नए झूठ का पुलिंदा : सचदेवा

नई दिल्ली। *प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान कि उन्हें प्रस्ताव मिला है कि भाजपा में शामिल हो जाए तो उनके सब केस खत्म हो जायेंगे। यह उनके एक और झूठ का नया पुलिंदा है। सचदेवा ने केजरीवाल और मंत्री अतिशी को चुनौती दी है कि वह दिल्ली वालों को बताए कि भाजपा की ओर किस नेता ने उन्हें भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था या फिर इस्तीफा दें। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की तरह मंत्री अतिशी भी संवाददाता सम्मेलन के शुरू में वह नाम बताने का झूठा दावा किया जिसने भाजपा की ओर से आप विधायकों को दलबदल के लिए सम्पर्क किया था पर पूरे संवाददाता सम्मेलन में किसी वो का दस बार जिक्र कर विधायकों से सम्पर्क करने वाले का नाम बताये बिना उठ कर चली गई जो साफ दर्शाता है कि वह सफेद झूठ बोल रहीं थी। केजरीवाल ने गत 27 जनवरी को भाजपा पर ऑपरेशन लोटस 2 चला कर आम आदमी पार्टी के विधायक तोड़ने का झूठा आरोप लगाया और अब 3 दिन से मामले में पुलिस जांच से बचते घूम रहे हैं पर आज फिर बेबुनियाद आरोप लगाया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव मिला है जो पूरी तरह भ्रामक है और खुद पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से जनता का ध्यान हटाने का प्रमाण है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि आम आदमी पार्टी अब एक बिखरता कुनबा है जो लोकसभा चुनाव में दिल्ली की 7 में से 5 सीटें देकर भी कांग्रेस से गठबंधन करने को तैयार है।*

कांग्रेस ने लोस उम्मीदवारों के लिए मांगे सुझाव

● पार्टी कार्यकर्ता व आम जनता के सुझाव व सलाह को प्राथमिकता देगी : लवली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गीता कालोनी के न्याय संकल्प सम्मेलन की सफलता से गदगद प्रदेश कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन के लिए रायशुमारी करेगी। पार्टी ने दिल्ली की सातों संसदीय क्षेत्रों में कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया का ऐलान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि उम्मीदवारों के चयन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम जनता के सुझाव व सलाह को प्राथमिकता दी जाएगी। लोस चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर अगले एक महीने सभी 14 जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जनहित के मुद्दों को आक्रामक रुप से उठाऐंगे। लवली ने भाजपा तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा दिल्ली में इंडिया गठबंधन को लेकर गुमराह कर रही है। कांग्रेस एक राजनीतिक दल होने के नाते केन्द्रीय नेतृत्व के और प्रभारी दीपक बाबरिया के निर्देश पर सातों सीटों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं दिल्ली वालों से सिर्फ सुझाव मांगे है। अरविन्दर सिंह वली ने स्पष्ट किया दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में सकारात्मक बातचीत चल रही है।

पार्टी कार्यकर्ता सातों संसदीय सीटों पर मजबूती के साथ गठबंधन धर्म निभाएगी। उन्होंने दिल्ली के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सातों सीटों पर सुझाव इसलिए मांगे है क्योंकि गठबंधन की स्थिति में हम गठबंधन सहयोगी उम्मीदवार के लिए भी उतना ही काम करना होगा जितना कांग्रेस उम्मीदवार के लिए। लवली ने रविवार को कहा कि प्रथम चरण में दिल्ली के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम जनता से जीतने वाले, साफ सुथरी छवि व लोकप्रिय उम्मीदवारों के नामों पर सुझाव मांगे जाऐगे। यह सुझाव प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लिखित, मौखिक या अन्य साधनों से दिए जा सकते हैं।

वहीं पूर्व विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि इससे पूर्व में इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन लेने की प्रथा रही है लेकिन पार्टी ने इस बार गंभीरता दिखाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता के सुझाव व सलाह को पहली प्राथमिकता देने निर्णय कर लिया है। पार्टी ने यह भी फैसला किया कि लवली व दिल्ली के सभी वरिष्ठ, छोटे-बड़े नेता अगले एक महीने तक लगातार सभी 14 जिलों में लगभग 15 हजार पोलिंग बूथों पर न केवल कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सीधा सम्पर्क करेंगे बल्कि लोगों से घर-घर जाकर भी संपर्क साधेंगे।

बेटी ने मां के घर से आभूषण चोरी किए, पकड़ी गई

नई दिल्ली। पुलिस ने एक महिला को अपनी मां के घर से आभूषण और नकदी चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला ने वित्तीय संकट और अपनी मां से प्यार की कमी के कारण ऐसा किया। अधिकारी ने रविवार को कहा कि 30 जनवरी को उत्तम नगर के एक घर में चोरी की शिकायत मिली। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बुर्का पहने एक महिला घर में घुसी, सोने और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ 25,000 रुपये की नकदी चुरा ली।

उन्होंने कहा कि काला बुर्का पहने एक महिला को घर में प्रवेश करते देखा गया। अधिकारी ने कहा कि टीम ने बाद में शिकायतकर्ता की बेटी पर ध्यान केंद्रित किया और उसे गिरफ्तार कर लिया, साथ ही चोरी के आभूषण भी बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी मां अपनी छोटी बेटी को उससे ज्यादा प्यार करती है और उस पर कुछ वित्तीय बोझ था और इसलिए उसने साजिश रची।

मुख्यमंत्री ने दो विश्वस्तरीय सरकारी स्कूलों की रखी नींव

● विद्यालय में होंगे 100 से अधिक क्लासरूम, लेबोरेट्री, लाइब्रेरी, एक्टिविटी रूम और लिफ्ट की होंगी सुविधाएं

● दो शिफ्टों में चलेंगे , अगले एक साल में भवन हो जाएंगे तैयार

रविवार को किराड़ी के प्रताप विहार में नए स्कूल भवन का मॉडल देखते मुख्यमंत्री केजरीवाल व साथ में मंत्री आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली स्थित किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के रोहिणी सेक्टर 41 में अगले साल जनवरी तक दो भवनों के तैयार होने पर चार नए सरकारी स्कूल मिल जाएंगे। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने रविवार को किराड़ी के प्रताप विहार में दो नए स्कूल भवनों की नींव रखी। इसमें दो शिफ्टों में चार स्कूल चलेंगे। जहां करीब 10 हजार बच्चे शिक्षा पा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, दोनों नए स्कूल भवनों में 100 से अधिक शानदार क्लासरूम होंगे। इसके अलावा लेबोरेट्री, लाइब्रेरी, एक्टिविटी रूम और लिफ्ट समेत अन्य आधुनिक सुविधाएं होंगी। इन दो स्कूल भवनों का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मौजूदा स्कूलों पर बच्चों का बोझ कम होने के साथ छात्र-कक्षा अनुपात में भी सुधार होगा।

इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली के कुछ इलाकों में स्कूलों की कमी के मद्देनजर हम नए स्कूल बना रहे हैं, ताकि हर बच्चों को अपने घर के पास ही अच्छी शिक्षा मिल सके। मैंने कसम खाई है कि जो शिक्षा मेरे देश ने मुझे और मेरे बच्चों को दी है, वैसी ही अच्छी शिक्षा देश के हर बच्चे को मिलनी चाहिए। इसके लिए लिए मैं काम करता रहूंगा। इसलिए हमारी सरकार पिछले नौ वर्षों से शिक्षा और स्वास्थ्य पर 40 फीसद बजट खर्च करती है।

जबकि केंद्र सरकार पूरे देश की शिक्षा और स्वास्थ्य पर मात्र 4 फीसद बजट ही खर्च करती है। केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार पिछले नौ वर्षों से शिक्षा और स्वास्थ्य पर 40 फीसद बजट खर्च करती है।

जबकि केंद्र सरकार पूरे देश की शिक्षा और स्वास्थ्य पर मात्र 4 फीसद बजट ही खर्च करती है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी और स्थानीय विधायक रितुराज झा समेत अन्य

आप सरकार ने लाई शिक्षा क्रांति : आतिशी

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार बनने के बाद दिल्ली में शिक्षा क्रांति आई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में न केवल किराड़ी में बदलाव देखने को मिल रहा है, बल्कि पिछले 9 साल में पूरी दिल्ली में जो शिक्षा क्रांति आई है, उसने पूरी दिल्ली का कायापलट कर दिया है। पहले सरकारी स्कूलों की हालत बहुत दयनीय थी। स्कूल टूटे-फूटे हालत में थे। पहले स्कूल के अंदर घुसते ही टॉयलेट की बदबू आती थी। स्कूलों में कमरों की कमी होती थी। बच्चे शौचालय की बदबू के बीच कॉरिडोर में फर्श पर बैठकर पढ़ाई करते थे। बच्चों के पास पीने का पानी नहीं होता था। साफ टॉयलेट नहीं होता था। बैठने के लिए टेबल-कुर्सी नहीं होती थी, लेकिन 2015 में आप सरकार के बाद सबकुछ बदल दिया है।

अगले साल जनवरी तक तैयार होंगे ये स्कूल

रोहिणी सेक्टर 41 में प्लॉट नंबर 1 और प्लॉट नंबर 2 पर यह दोनों नए स्कूल बनाए जाएंगे। प्रत्येक स्कूल में ग्राउंड प्लस तीन मंजिला बिल्डिंग बनाई जाएंगी, सेमी-परमानेंट स्ट्रक्टर के होंगे। सितंबर 2022 में डीडीए द्वारा शिक्षा निदेशालय को यह जमीन आवंटित की गई थी। दोनों स्कूल बिल्डिंग्स जनवरी 2025 तक बन कर तैयार हो जाएगी।

अस्पतालों का कायाकल्प कर दिया मुफ्त इलाज

केजरीवाल ने कहा, हमने पूरी दिल्ली में जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक बनवा दिए। पहले कोई मोहल्ला क्लीनिक नहीं थे। आज किराड़ी में 20 मोहल्ला क्लीनिक हैं। ये शानदार मोहल्ला क्लीनिक हैं, यहां सारी दवाइयां मुफ्त मिलती है, सारे टेस्ट, इलाज, डॉक्टर समेत सब कुछ मुफ्त है। दिल्ली के सभी 35 सरकारी अस्पतालों में सभी का इलाज मुफ्त किया जाता है। इन अस्पतालों में शानदार सुविधाएं दी जाती हैं। हमने सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प कर दिया और सबका इलाज मुफ्त कर दिया।

फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा, तीन ठग गिरफ्तार

● आरोपी ऑनलाइन अमेरिकी नागरिकों को ठगते थे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने रविवार को तीन लोगों की गिरफ्तारी के साथ पश्चिम विहार इलाके में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर रैकेट का भंडाफोड़ करने का दावा किया, जो ऑनलाइन सहायता प्रदान करने के बहाने अमेरिकी नागरिकों को धोखा दे रहा था। 30 जनवरी को बाहरी जिले के साइबर पुलिस स्टेशन में एक कॉल सेंटर के बारे में एक सूचना प्राप्त हुई थी जो कथित तौर पर अमेरिकी नागरिकों को धोखा दे रहा था।

दिल्ली पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अमेरिकी नागरिकों को ऑनलाइन सहायता प्रदान करने के बहाने ठगते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली के रहने वाले शुभम चौधरी(24), अखिल बरदिया(30) और राहुल गुसाईं(26) के रूप में हुई है। इन्हें शनिवार को गिरफ्तार किया है। 30 जनवरी को बाहरी जिले के साइबर पुलिस स्टेशन में एक कॉल सेंटर के बारे में एक सूचना मिली थी, जो कथित तौर पर अमेरिकी नागरिकों को धोखा दे रहे थे। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) जिमी चिरम ने कहा कि आरोपी खुद को बड़ी इंटरनेट कंपनियों का अधिकारी बताते थे। आरोपी उन्हें बताते कि वो उनकी समस्याओं को हल कर सकते हैं, लेकिन उन्हें उसका भुगतान करना पड़ेगा। वो अमेरिकी नागरिकों को धोखा देते थे। पुलिस ने कहा कि छापामारी के दौरान तीन लोगों को पकड़ा। आरोपी अपना नाम विदेशी लोगों के तर्ज पर बताते थे। पूछताछ के दौरान पता चला कि उन्होंने अवैध तकनीकों का इस्तेमाल किया, जिससे सरकारी खजाने को गलत नुकसान हुआ।

आरोपी अमेरिका में रहने वाले लोगों को उनकी समस्याएं सुलझाने के नाम पर धोखा दे रहे थे और मोटी रकम वसूल रहे थे। पुलिस ने पांच लैपटॉप और दो वाईफाई राउटर भी जब्त किए। अधिकारी ने कहा कि हमने मामला दर्ज कर लिया है और जांच चल रही है।

पेटीएम से अन्य भुगतान ऐप पर शिफ्ट हो रहे दुकानदार

● व्यापारियों संगठन कैट ने व्यापारियों को दी सलाह

फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने व्यापारियों को अपने कारोबार से संबंधित लेनदेन के लिए पेटीएम से अन्य भुगतान ऐप पर स्थानांतरित होने की सलाह की है।

पेटीएम वॉलेट और बैंक परिचालन पर भारतीय रिजर्व बैंक के पाबंदी लगाने के बाद कैट ने यह सलाह दी है। कैट ने दिल्ली समेत देश भर में पेटीएम का उपयोग करने वाले व्यापारियों को सावधान करने के लिए सलाह दी है जिसमें कहा गया है कि पेटीएम उपयोगकर्ता अपने धन की सुरक्षा के लिए तुरंत उपाय करें और बिना किसी नुकसान के अपने वित्तीय लेन-देन को सुनिश्चित करें। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग छोटे व्यापारी, विक्रेता, हॉकर्स और महिलाएं पेटीएम के माध्यम से लेन-देन कर रहे हैं और आरबीआई के प्रतिबंध से इन लोगों को वित्तीय परेशानी हो सकती है। दोनों ने कहा कि पेटीएम पेमेंट बैंक पर प्रतिबंध का प्रमुख कारण में से एक बिना सही पहचान के बनाये गये करोड़ों खाते थे।

इन खातों के तहत केवाईसी (अपने ग्राहक की पहचान) की प्रक्रिया पूरी नहीं की थी। इतना ही नहीं इसमें बिना पहचान के करोड़ों रुपये का लेन दें भी किया था जिसे मनी लाउंड्रिंग की आशंका पैदा हुई है।

इसके अलावा आरबीआई और ऑडिटर्स दोनों की जाँच में पाया गया कि पेटीएम बैंक नियमों का पालन नहीं कर रहा है ।

कैट का मानना है कि अगर फण्ड की हेराफेरी का कोई भी सबूत पाया जाता है तो ईडी को पेटीएम पेमेंट बैंक की जाँच करनी चाहिए खंडेलवाल ने व्यापारियों के लिए अपने धन जोखिम को कम करने के लिए सलाह दे है कि वे पेटीम से अपना पैसा तुरंत निकालें और अन्य पेटीएम एप पर शिफ्ट करें।

राजधानी में प्रदूषण रोकने को 100 मलबा संग्रहण क्रेंद बनाएगा एमसीडी

● 35 केंद्र पहले से चालू, 49 के लिए की गई स्थानों की पहचान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रदूषण को कम करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 100 मलबा संग्रहण केंद्र स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एमसीडी ने एक बयान में कहा कि इन मलबा संग्रहण केंद्रों में से 35 पहले से ही विभिन्न क्षेत्रों में चालू हैं, अन्य 49 ऐसे केंद्रों के लिए दिल्ली में विभिन्न स्थानों की पहचान की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में वायु प्रदूषण में निर्माण गतिविधियों का बड़ा योगदान है। एमसीडी ने एक बयान में कहा, इस मुद्दे का हल करने के लिए एमसीडी ने ए-पीएजी और सी एंड डी (निर्माण और विध्वंस) संयंत्र के सहयोग से, दिल्ली क्षेत्र में मलबा संग्रहण बिंदु स्थापित किए हैं।

एमसीडी ने प्रारंभिक चरण में पश्चिम क्षेत्र के 10 वार्ड में एक पायलट परियोजना चलाई, जिसमें तीन समर्पित संग्रह स्थल स्थापित किए गए। बयान में कहा गया है कि इस पहल के उल्लेखनीय परिणाम मिले, जिससे मलबे के अवैध निपटान में 46 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है। अधिकारियों ने कहा कि इसका विस्तार करते हुए एमसीडी वर्तमान में लगभग 100 ऐसे संग्रह बिंदु स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

गुरुग्राम जिला में 2000 एकड़ भूमि पर नैनो यूरिया स्प्रे छिड़काव का लक्ष्य

किसान भाई जल्दी रजिस्ट्रेशन कराएं, 100 रुपये में होगा नैनो यूरियर स्प्रे

योजना का लाभ लेने को 15 फरवरी तक करें आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला में 2000 एकड़ भूमि पर नैनो यूरिया स्प्रे छिड़काव का लक्ष्य रखा गया है। यह स्प्रे छिड़काव ड्रोन के माध्यम से किया जाएगा। जो भी किसान नैनो यूरिया स्प्रे छिड़काव अपनी फसलों में कराना चाहते हैं, वे ऑनलाइन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। इसकी आखिरी तारीख 15 फरवरी 2024 है। रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कम करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को आधी कीमत पर नैनो तरल यूरिया देगी। सरकार द्वारा जिला गुरुग्राम में 2000 एकड़ भूमि पर ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया स्प्रे छिड़काव का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्कीम के तहत नैनो की बोतल 100 रुपये में दी जाएगी, बाकी का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। खेत में ड्रोन व अन्य माध्यम से छिड़काव का प्रबंध भी किया जाएगा। जिला में अभी तक करीब 1000 एकड़ भूमि पर ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया स्प्रे छिड़काव का कार्य पूरा किया जा चुका है।

जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों के ज्यादा प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता में गिरावट आती है। फसल व सब्जियों में इसका प्रभाव आता है। नाइट्रोजन युक्त उर्वरक मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को कम करते हैं। यह पीएच व पोटेशियम उर्वरक पोषक तत्वों के संतुलन को बिगाड़ देते हैं। नाइट्रोजन ऑक्साइड जो अन्य वायुमंडलीय गैसों के साथ मिलकर इसमें योगदान करते हैं, इससे वायु प्रदूषण भी होता है। किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के पंजीकरण विवरण के साथ ही पोर्टल पर भी नैनो यूरिया के लिए आवेदन करना होगा।

बेहतर तालमेल के लिए पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी कर रही काम

गुरुग्राम में रविवार को पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठक में भाग लेते लोग व पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाार सेवा। गुरुग्राम

कई क्षेत्रों के लोगों के साथ की गई समन्वय बैठकें

थाना भोंडसी, थाना सेक्टर-65, पुलिस चौकी मारुति कुंज, थाना सदर सोहना, पुलिस चौकी एसपीआर क्षेत्र में रविवार को पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में संबंधित थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारी शामिल हुए।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण सिद्धान्त जैन के दिशा-निर्देश अनुसार इन बैठकों में संबंधित थाना क्षेत्रों के गांवों, शहरों की गतिविधियों व अन्य समस्याओं संबंधित जानकारी ली। साथ ही गांवों/शहरों में अपराध व अपराधियों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए उनसे पुलिस की मदद करने की अपील की गई। गुरुग्राम पुलिस द्वारा अपील की गई कि अगर कोई गैर-कानूनी काम करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि अपराधियों को पकड़कर अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। अवैध रूप से नशा रखने/बेचने वाले की सूचना गुरुग्राम पुलिस को देने की अपील की। इस मीटिंग के माध्यम से डायल 112 ऐप डाउनलोड करवा कर उसके प्रयोग के संबंध में जानकारी दी गई। संबंधित थाना अधिकार क्षेत्र से आए हुए पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी के सदस्यों ने भी अपनी समस्याएं व सुझाव पुलिस अधिकारियों के सम्मुख रखे, जिनको सुनकर उनका निपटारा करने के लिए संबंधित को दिशा-निर्देश/आदेश दिए गए।

इस पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी के माध्यम से क्षेत्र के लोगों का पुलिस के साथ मैत्री संबंध बनेंगे। मीटिंग में उपस्थित आमजन ने इस मीटिंग में दिए गए दिशा-निर्देशों का समर्थन करते हुए सराहना की तथा समय-समय पर इस तरह का आयोजन कराते रहने का सुझाव दिया। यह मीटिंग पुलिस व पब्लिक के बीच की दूरियों को समाप्त करने में सक्षम है। लोग बिना किसी डर भाव के निसंकोच अपनी परेशानी पुलिस के साथ सांझा कर सकेंगे। बैठकों के दौरान संबंधित गांवों/आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी/मौजीज व्यक्ति व पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल

जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी उपचार के लिए मदद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

इलाज खर्च का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख रुपये तक मिलेगा लाभ

आवेदक साल में केवल एक बार ही ले सकेंगे आर्थिक सहायता

हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया सरल हो गयी है।

अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा, वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे।

उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल--अचल संपत्ति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपत्ति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली रिपोर्ट्स को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत की गई राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी। मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा, जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपए निर्धारित की गई है। वहीं आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

संगठन की मजबूती के लिए करूंगा काम: गगन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गगन को भाजपा जिला सचिव का मिला दायित्व

वरिष्ठ नेताओं का गगन गोयल ने जताया आभार

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल यादव द्वारा जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। इसमें कर्मठ युवा नेता व संगठन में कई पदों पर रह चुके गगन गोयल को जिला सचिव बनाया गया है। इसके लिए गगन गोयल ने वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए उनके विश्वास पर सदा खरा उतरने की बात कही है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, केंद्रीय चुनाव समिति सदस्या डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, जिला अध्यक्ष कमल यादव का गगन गोयल ने आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के विश्वास पर वे खरा उतरने हुए संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। वर्ष 2009 से 2014 तक भाजपा के लिए चुनावों में कड़ी मेहनत की। इसके बाद संगठन में जिला युवा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वर्ष 2021 में भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। तीन साल तक प्रदेश कार्यकारिणी भाजयुमो में जमीनी स्तर पर काम करने पर अब वर्ष 2024 में जिला अध्यक्ष कमल यादव द्वारा गगन गोयल को जिला सचिव का दायित्व दिया गया है। गगन गोयल ने रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल का भी विशेष आभार प्रकट किया है, जिनके मार्गदर्शन में वे संगठन में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता को उचित सम्मान दिया जाता है। भाजपा के कार्यकर्ताओं, नेताओं ने गगन गोयल को शुभकामनाएं दी हैं।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को दी जन्मदिवस की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

गुर्जर गरीब, शोषित, किसान-मजदूर, व्यापारी के हितैषी हैं

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता नेत्रपाल चंदीला और युवा मोर्चा के पूर्व खेड़ी मंडल महामंत्री अरविन्द चंदीला ने आज केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर को सेक्टर-28 स्थित कार्यालय जाकर उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर उन्होनें मंत्री जी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनके हाथों से केक कटवाया और मिठाई खिलाई। इस अवसर पर नेत्रपाल चंदीला और अरविन्द चंदीला ने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर गरीब, शोषित, किसान-मजदूर, व्यापारी के साथ साथ हर वर्ग के हितैषी है। वे 36 बिरादरियों के नेता व फरीदाबाद के विकास पुरूष है। उन्होनें कहा कि हम भगवान से प्रार्थना करते है कि उन्हें हमेशा स्वस्थ रखे और उनकी दीघायु हो। इस मौके पर कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि ने कहा आप सभी का प्यार देखकर मुझे सुख की अनुभूति हो रही है। उन्होनें कहा कि आप सभी मेरा परिवार हो और आपको देखकर ही मुझे ताकत मिलती है।

सोहना के बाजार, सार्वजनिक स्थान और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में नहीं बजेगा डीजे

विवाह स्थल या खुशी के अन्य कार्यक्रम में रात 10 बजे के बाद डीजे होगा बंद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना शहर थाना पुलिस और शहरवासियों के बीच हुई सद्भावना बैठक।

बाजार व अधिक भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थान पर डीजे बाजाने पर प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंध के बाजवूद ध्वनी प्रदूषण फैलाने वाले चालान काटने के साथ जब्त किया जाएगा। शहर में चरमराई यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शहर के मुख्य मार्ग को वन वे किया जाएगा। हर माह के पहले रविवार को पुलिस और शहरवासियों के बीच सदभावना बैठक होगी।

रविवार को शहर थाना परिसर में शहरवासियों और पुलिस के बीच सदभावना बैठक हुई। उक्त बैठक में शहर के पार्षद हरिश नंदा, व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज राघव, आर्य समाज स्कूल प्रबंधक सोहनपाल राघव, पार्षद नीरज सिंगला, व्यापार मंडल प्रधान अशोक गर्ग व सोनू समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार ने की। जिसमें शहर में जनसमस्याओं को लेकर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख्यता से शहर के बाजार, सार्वजनिक स्थान, अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, मुख्य सड़क व चौक-चुराहों पर किसी भी कार्यक्रम को लेकर बजाया जाने वाला डीजे पर पूर्ण रुप से रोक लगे। डीजे की ध्वनी से हृद्य रोगियों की जान को भारी खतरा बन जाता है। डीजे केवल शादी समारोह में विवाह स्थल पर बजे। जिसकी आवाज व बजाने का समय सीमित होना चाहिए। रात 10 बजे के बाद वाटिका, धर्मशाला या अन्य किसी कार्यक्रम में डीजे बजाने पर पूर्णरुप से रोक रहे।

> शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए सर्व सम्मति से लिए गए फैसलों को जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा। पुलिस जनसमस्याओं को शहरवासियों के साथ हर माह के पहले रविवार को सदभावना बैठक में जनसमस्याओं के समाधान और उनके निदान पर चर्चा करती रहेगी।
>
> **(सुरेन्द्र कुमार-थाना प्रभारी शहर सोहना)**

मुख्य सडकें वन वे

शहर के बाजारों में चरमराई यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के इरादे से बस स्टैंड मार्ग, महाराजा अग्रसैन मार्ग, पुराना अलवर मार्ग, नगर परिषद मार्ग से शहीद भगत सिंह फव्वारा से जूड़ने वाले अस्पताल मार्ग, चुंगी नंबर एक मार्ग को वन वे किया जाना चाहिए। इसके अलावा तावडू मार्ग पर सड़क के साथ-साथ बनी मीट मार्केट को समाप्त किया जाए।

शहर की सड़क, आम रास्ते पर बैठे दुकानदार रेहड़ी-ठेला का पुलिस करेगी सफाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।

सोहना में बिजली निगम एसडीओ कार्यालय के बाहर चौक पर हो रहा अतिक्रमण।

शहर चौकी पुलिस महाराजा अग्रसेन चौक से शहीद भगत सिंह फव्वारा और चुंगी नंबर एक तक हो रहा अतिक्रमण का सफाया करेगी। अतिक्रमण करने वालों की सिफारिश करने वालों के खिलाफ मामले दर्ज किए जाएंगे। बिजली निगम एसडीओ कार्यालय के पास सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

शहर की सड़कों पर छाया अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सिटी चौकी पुलिस ने रुप रेखा तैयार कर ली है। सोमवार के बाद से शहर चौकी पुलिस नगर परिषद प्रशासन को साथ लेकर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाएगी। महाराजा अग्रसैन चौक से लेकर पुराना लेबर चौक, पुराना अलवर मार्ग, नगर परिषद कार्यालय से शहीद भगत सिंह चौक से होते हुए चुंगी नंबर एक तक जाने वाले मार्ग पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों का पुलिस चालान काटने का काम करेगी। पटरी दुकानदार से लेकर रेहड़ी, ठेला, मेज कुर्सी सड़क के ऊपर रखने पर भी दुकानदार का पुलिस चालान काटेंगी।

चौक होगा अवैध कब्जों से मुक्त

महाराजा अग्रसैन पार्क के पास बिजली निगम एसडीओ कार्यालय से लगती परिष्द की दुकानों के सामने चौक अतिक्रमण से मुक्त किया जाएगा। यहा बैठें दुकानदार, रेहड़ी, ठेला को हटाया जाएगा। फल, सब्जी, कपड़ा समेत अन्य सामान बेचने वालों के चालान काटें जाएंगे।

सिफारिश करने पर होगी एफआईआर दर्ज

पुलिस अब अतिक्रमण या शहर में आम लोगों के राह में समस्या पैदा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के बीच में सिफारिश करने वाले पर केस दर्ज किए जाएंगे। जिनके खिलाफ जनसमस्याओं को बढ़ावा देने का आरोप होगा। सरकारी जमीन पर कब्जा कराने का आरोप के तहत मामला दर्ज होगा।

> शहर की सड़कों को जाम मुक्त बनाने के लिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में चार या इससे अधिक पहिया वाले वाहन को लेकर आने वाले का चालान काटा जाएगा। जरुरत पड़ने पर वाहन को इंपाउंड किया जाएगा। नगर परिषद का पत्र लिखकर पुलिस के साथ टीम गठित करके सयुक्त रुप से अभियान चलाया जाएगा।
>
> **(राजबीर सिह-शहर चौकी प्रभारी सोहना)**

संस्कृति के उत्थान के लिए सनातन परम्पराओं व मूल्यों को धारण करने की आवश्यकता: सीएस बी. नरसिम्हन

ओम शांति रिट्रीट सेंटर में क्रिएटिंग ए कल्चर ऑफ वेल बीइंग कार्यक्रम संपन्न

फाइनेंस प्रोफेशनल्स के लिए हुआ कार्यक्रम का आयोजन

सीए, सीएस, सीएमए एवं एडवोकेट्स सहित 200 से भी अधिक लोगों ने की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

ओआरसी गुरुग्राम में फाइनेंस प्रोफेशनल्स कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते अतिथि।

ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में फाइनेंस प्रोफेशनल्स के लिए क्रिएटिंग ए कल्चर ऑफ वेल बीइंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सीए, सीएस, सीएमए और एडवोकेट्स सहित 200 से भी अधिक लोग शामिल हुए। इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी के अध्यक्ष सीएस बी. नरसिम्हन ने बतौर मुख्य अतिथि सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि संस्कृति के कल्याण के लिए हमें मूल्यों और सनातन परम्पराओं को अपनाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में जागृति आयेगी। इस प्रकार का आयोजन एक नई चेतना का संचार करता है। श्रेष्ठ संस्कृति का निमार्ण विषय पर बोलते हुए संस्था के अतिरिक्त महासचिव राजयोगी बीके बृजमोहन ने कहा कि आज मानव की पहचान उसके प्रोफेशन के आधार से होती है। जिस कारण मानव मूल्यों की पहचान खो गई है। श्रेष्ठ संस्कृति के निर्माण के लिए श्रेष्ठ संस्कारों की आवश्यकता है। जब हम ह्यूमन बीइंग कहते हैं तो बीइंग वास्तव में आत्मा का सूचक है। लेकिन बीइंग को भूलकर हम केवल स्वयं को ह्यूमन समझते हैं। शांति, प्रेम और आनंद जैसे मूल गुण वास्तव में आत्मा में निहित हैं। समाज और संस्कृति के कल्याण के लिए आत्मा के इन्हीं मौलिक गुणों की आवश्यकता है। आत्मिक गुणों को जागृत करने के लिए मन और बुद्धि का सम्बन्ध परमात्मा से जरूरी है।

आध्यात्मिकता से ही होती है सकारात्मक चिंतन की शुरुआत

राजयोगिनी बीके योगिनी ने कहा कि अधिक वर्क लोड और कॉम्पिटिशन के कारण तनाव बढ़ रहा है। आज हम केवल बाहर की तरफ भाग रहे हैं। हमारी असली शक्ति आंतरिक स्वरूप में निहित है। आध्यात्मिकता ही हमें तनाव से मुक्त कर सकती है।

आध्यात्मिकता एक सकारात्मक चिंतन की शुरुआत करती है। राजयोग के अभ्यास से सहज ही चिंता मुक्त बन सकते हैं। डॉ. स्वाति, पार्टनर डिलॉइट, माइक्रोसॉफ्ट की सीएफओ रेखा तल्लूरी, सीए ऋषभ श्यामसुखा, सीए राज चावला, सीएमए निखिल गुप्ता एवं सीए अमित गुप्ता ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से आई एडवोकेट बीके लता ने राजयोग के अभ्यास से शांति की गहन अनुभूति कराई। बीके येशु ने मंच संचालन किया।

जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का है प्रयास

शिविर में 250 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच, बीमारियों से बचने के बताए उपाय

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के जन्मदिवस पर ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल और एचआरपी सेवा फाउंडेशन की तरफ से ओल्ड फरीदाबाद गोपी कॉलोनी स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता, न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता मुख्य रूप उपस्थित रहे।

शिविर के संयोजक सचिन रहे। इस दौरान 250 में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। डॉ. ऋषि ने केंद्रीय राज्य मंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के द्वार तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया गया। जिससे लोगों को घर के नजदीक ही निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिल सके। जिसका शिविर में पहुंचे सैकड़ों लोगों ने लाभ लिया। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। डॉ. रोहित ने इसे मरीजों के लिए हितकारी करार दिया।

वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के नेतृत्व में सरकार बेहतर कार्य कर रही है। जन्मदिन की उन्हें बधाई। उन्होंने बताया कि अनेक जरूरतमंद लोग महंगे इलाज के डर से अस्पतालों तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम स्वयं उनके द्वार पर पहुंची है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में सबसे अधिक हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और पैरालिसिस होता है। जागरूकता के अभाव में लोग समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं। जिससे कई बार मरीजों की जान तक चली जाती है। शिविर में लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोग, दिमागी बीमारियों सहित अनेक जांचें की गईं। जिसमें 70 से 80 लोगों में बीपी और शुगर की समस्या सामने आई है।

लोगों को इन बीमारियों से बचने के उपाय बताए गए। बीमारियों के शुरुआती लक्षणों की जानकारी दी गई। जिससे समय रहते बीमारियों को बढ़ने से रोका जा सके। शिविर के संयोजक सचिन ने कहा कि अलग अलग क्षेत्रों में खासकर ग्रामीण इलाकों में लगाए जाते रहेंगे। जिससे गांव वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

मीटिंग में ममता चौहान का स्वागत

फरीदाबाद। फरीदाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं का गांव चलो अभियान के निमित्त प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, राज्यसभा सांसद व प्रदेश प्रभारी बिप्लव देब व प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा वीर ममता चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनका तिलक लगाकर व फूलों से स्वागत किया गया। उन्होंने सभी का धन्यवाद किया।

ड्यूटी से लौट रहे व्यक्ति को नग्न कर पीटा, लूटपाट की

सड़क पर मरा हुआ समझकर छोड़ गए बदमाश

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

नेशलन हाईवे पर हथियार के बल पर एक व्यक्ति के साथ लूटपाट की गई। बदमाश उसको नंगा कर पीटा और फिर अधमरा कर उसका मोबाइल फोन व नकदी लूट कर उसे बेहोशी की हालत में रोड के साथ छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर तीन अज्ञात लुटरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सीमा के अनुसार, बामनीखेड़ा गांव निवासी मुरारी लाल ने दी शिकायत में कहा है कि वह सोनीपत स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। ड्यूटी से अपने घर आने के लिए केएमपी के रास्ते एक ट्रक में लिफ्ट लेकर केएमपी पुल के पास पहुंचा। ट्रक से उतर कर पैदल-पैदल पुल के नीचे पहुंच गया, ताकि वहां से ऑटो लेकर अपने गांव जा सके। इसी दौरान तीन युवक किसी वाहन से आए और पीछे से आकर उसकी कौली भरकर उसे पकड़ लिया।

मुरारी लाल ने बताया कि वे उसे उठाकर पास के एक पार्क में ले गए। उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो बदमाशों ने देसी कट्टा उसकी कनपटी पर रख दिया और मारपीट करने लगे। हथियार के बल पर उसका मोबाइल फोन व जेब में रुपये लूट लिए। उसके कपड़ों को भी उतरवा लिया और उसे बेहोशी की हालत में नग्न अवस्था में मरा हुआ मानकर वहीं पार्क में छोड़ कर फरार हो गए।

इसके बाद उसको जब होश आया तो वह हाईवे पर पहुंचा और एक ऑटो को रुकने का इशारा किया। उसके सिर व शरीर पर काफी चोटें लगी हुई थी और कपड़े भी नहीं थे। उसी दौरान ऑटो में बैठे उसके एक जानकार व्यक्ति ने उसे पहचान लिया। उसे इलाज के लिए बामनीखेड़ा अस्पताल में दाखिल करा दिया और उसके परिजनों को सूचना दे दी। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

मोटे मुनाफे के लालच में गंवाए 37.75 लाख

स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर हो रही ठगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मोटे मुनाफे के चक्कर में स्टॉक मार्केट में निवेश कराकर ठगों ने एक व्यक्ति से 37 लाख 70 हजार रुपये की ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना सेक्टर-17 में सेक्टर-78 में रहने वाले खेमचंद ने दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2023 में उसके पास एक युवक का फोन आया। उसने अपना नाम आशीष शाह बताया और कहा कि वह स्टॉक मार्केट में काम करता है। उसने किसी अनिल शर्मा के बारे में भी बताया कि वह स्टॉक मार्केट का विश्लेषक है।

आशीष ने उसे बताया कि दिसंबर में काफी आइपीओ लांच होने वाले हैं। इनसे काफी मुनाफा हो सकता है। वह उसकी बातों में आ गए और निवेश शुरू कर दिया। शुरुआत में 10 लाख 40 हजार रुपये निवेश किए। इसके बाद उससे और शेयर खरीदने को कहा गया। वह खरीदते चले गए। ठग उसे बताते रहे कि उसे मोटा मुनाफा हो रहा है। वह उनकी बातों में आते चले गए। वह आरोपियों को कुल 37 लाख 75 हजार 700 रुपये भेज चुके थे। बाद में उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने मना कर दिया। इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लोन दिलाने के नाम पर ठगी

वहीं दूसरी तरफ एक व्यक्ति से लोन दिलाने के नाम पर ठग ने 7470 रुपये ठग लिए। छांयसा थाने के अंतर्गत गांव शाहजहांपुर में रहने वाले राजकुमार ने साइबर थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी गाड़ी के लिए लोन अप्लाई किया था, जो रिजेक्ट हो गया था। करीब आठ महीने पहले उसके पास एक अनजान शख्स ने फोन किया। उसने अपना नाम अंशुल कौशिक बताया। उसने आपको येस बैंक से बताया। उसने उसके लोन रिजेक्ट होने के बारे में बताया। इसके बाद उसने कहा कि उसका सिविल ठीक करने लिए 1770 रुपये लगेंगे।

उसने यह रुपये अपने अकाउंट से उसे फोन पे कर दिए। इसके बाद 27 दिसंबर 2023 को 5700 रुपये प्रोसेसिंग फीस के रूप में भेज दिए गए। इसके बाद भी उसका लोन नहीं कराया गया। उससे कुल 7470 रुपये ले लिए गए। अब वह फोन नहीं उठा रहा है और न ही पैसे वापस दिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एटीएम से पैसे निकाल रही महिला से ठगे 50 हजार

पलवल। एटीएम से पैसे निकाल रही महिला का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 50 हजार रुपये निकालने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस एटीएम बूथ की सीसीटीवी खंगाल कर चोरों की पहचान करने में जुटी हुई है।

कैंप थाना प्रभारी सीमा के अनुसार, रंगपुरी पहाड़ी नई दिल्ली निवासी राजेंद्र कुमार की पत्नी रेखा ने दी शिकायत में कहा है कि वह दिल्ली से अपने मायके गुदराना गांव के लिए आई थी। पीड़िता पलवल बस स्टैंड के निकट स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से पैसे निकालने लगी। लेकिन एटीएम से रुपये नहीं निकले तो कुछ देर बाद वहां पर तीन लड़के आए तो उन्होंने कहा कि एटीएम में पैसे नहीं है। पीड़िता का बैंक खाता दिल्ली स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में है। आरोपियों ने उसका कार्ड एटीएम मशीन से निकाल कर उसे दे दिया। इसी दौरान आरोपियों ने पीड़िता का एटीएम कार्ड बदल कर उसे ऐसा ही दूसरा एटीएम थमा दिया। जिसके बाद पीड़िता वहां से चली गई। पीड़िता जब दिल्ली पहुंची तो उसने अपना मोबाइल फोन चेक किया। जिसमें उसके खाते से 50 हजार रुपये कटने का मैसेज आया हुआ था। पीड़िता ने इस संबंध में बैंक से पता किया तो बैंक से पता चला कि उसके एटीएम कार्ड से पलवल के एटीएम बूथ से 50 हजार रुपये निकाले गए हैं। पीड़िता ने इसकी शिकायत कैंप थाना पुलिस को दी है।

मोदी-मनोहर सरकार की नीतियों का जन-जन में करें प्रचार: गुर्जर

भाजपा नेता दीपक डागर के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया केंद्रीय मंत्री का जन्मदिवस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का जन्मदिवस जिले के भाजपाइयों ने धूमधाम के साथ मनाया। इसी कड़ी में पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर ने अपनी टीम के साथ सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का बड़ी माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार मोदी सरकार, भाजपा पार्टी जिंदाबाद, कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ कार्यकर्ता होते है और भाजपा का संगठन मजबूत होने के साथ-साथ अनुशासित भी है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व गुरु बनाने में प्रयासरत है, वहीं हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पिछले नौ सालों में जितना विकास देश और प्रदेश का भाजपा सरकार में हुआ है, उतना विकास पिछले 70 सालों में नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि सरकार की नीतियों का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे।

गैंगस्टर नीरज फरीदपुरिया का साथी गिरफ्तार

एनआईए की रेड के दौरान हुआ था फरार गिरफ्तारी पर था इनाम

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

करमन गांव में एनआईए की रेड के दौरान फरार हुए सरपंच के देवर एवं पांच हजार के इनामी को एसटीएफ की टीम ने साथी सहित गिरफ्तार किया है। सदर थाना में मार्च 2022 में दर्ज हत्या व हत्या के प्रयास के मामले में वह फरार चल रहा था। इतना ही नहीं आरोपी अनिल के तार कुख्यात कौशल गैंग के सदस्य नीरज फरीदपुरिया से जुड़े हैं। इसके चलते एनआईए की टीम ने उनके घर पर दबिश दी थी, लेकिन वह फरार हो गया था।

एसटीएफ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल छिल्लर ने बताया कि सदर थाना में मार्च 2022 में दर्ज 148, 149, 302, 307, 427, 506, 120बी एवं आर्म्स एक्ट के मामले में करमन गांव निवासी अनिल फरार चल रहा था। इसके चलते आईजी रेवाड़ी ने उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। 11 जनवरी को एनआईए की टीम ने उनके निवास पर दबिश दी थी, लेकिन आरोपी उससे पहले ही फरार हो गया था। इसके चलते एनआईए की टीम उसके बड़े भाई व गांव करमन की सरपंच सरोज के पति सुनील को अपने साथ ले गई थी। आरोपी की तलाश में एसटीएफ की टीम भी जुटी हुई थी।

एसटीएफ के इंचार्ज अनिल छिल्लर ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली की अनिल अपने साथी तिगांव फरीदाबाद निवासी राजेंद्र उर्फ सिंह साहब के साथ पलवल में मौजूद है। उन्होंने तुरंत टीम गठित की और बताए गए स्थान पर दबिश देकर अनिल व उसके साथ राजेंद्र उर्फ सिंह साहब को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। वहां से राजेंद्र उर्फ सिंह साहब को जेल भेज दिया, जबकि अनिल को पूछताछ के लिए सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

एसपीएस इंटरनेशनल ने किया फेयरवेल का आयोजन

पलवल। हुडा सेक्टर-2 स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ की गई। समारोह के दौरान स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों का स्वागत उनके अध्यापकों व 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा फूलों से किया। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन सुरेश भारद्वाज ने सभी को बधाई दी।

एनआईटी का विधायक बन चुका है भूत : भड़ाना

उत्तम नगर की जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना एवं जिला सचिव मेहरचंद हरसाना निगम वार्ड नंबर-9 एनआईटी-86 विधानसभा के उत्तम नगर में अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने उत्तम नगर के जनता की समस्याएं देखीं। धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि उत्तम नगर का नाम नरक नगर होना चाहिए।

उत्तम नगर की गलियों में सीवर का पानी लबालब भरा हुआ है। यहां तक कि लोगों के घरों में भी सीवर का पानी घुस जाता है। बिजली के स्मार्ट मीटर तो लगे हैं, लेकिन कई कई दिन बिजली गुल रहती है। कारण यह है कि वहां पर बिजली के खंभे ही नहीं लगे। बांस के सहारे बिजली की तारें बिछाई गई हैं, जो आए दिन टूट जाती है और उनकी सुध लेने के लिए बिजली के कर्मचारी कई दिन बाद वहां पहुंचते हैं। बात करें बिल की तो वह लगातार भेजे जाते हैं, यहां तक कि एक दिन भी बिल लेट होने पर बिजली काट दी जाती है। पीने का पानी तो देखने को भी नहीं है।

उन्होंने जनता ने विधायक नीरज शर्मा को भूत बताया एवं क्षेत्र छोड़कर नए क्षेत्र में जाने की बात भी कही। मौके पर विधायक और पार्षद मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए गए। धर्मवीर भड़ाना एवं मेहरचंद हरसाना ने कहा कि अगर आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि जीत करते हैं तो उनकी सारी समस्याओं का जल्द से जल्द निदान किया जाएगा। दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर मुफ्त बिजली मुफ्त शिक्षा और मुफ्त पानी की सुविधा भी दी जाएगी।

इस मौके पर सैकड़ों महिलाओं समेत प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, सुभाष बघेल, लोकेश राजपूत, बिट्टू राजपूत, विनोद कुमार, सत्य प्रकाश पांचाल, मनोज कुमार यादव, विवेकानंद झा, हरेंद्र, सुरेंद्र, मुकेश, भीम सिंह भंडारी, किशोर कुमार शर्मा, प्रभु दयाल, गोपाल सिंह, ओमकार यादव, मनजीत, कलावती, सुनीता, शारदा आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

घर से अपहरण कर नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म

पलवल। एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ पूरी रात दुष्कर्म किया गया। इसके बाद आरोपी उसे सुबह घर के बाहर छोड़कर, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। होडल थाना पुलिस ने नाबालिग की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा है कि मनोज नामक एक युवक घर में सो रही उसकी 17 वर्षीय बेटी का अपहरण कर ले गया। आरोप है कि पूरी रात उसकी नाबालिग बेटी को अज्ञात स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। सुबह करीब पांच बजे उसकी बेटी को घर के बाहर छोड़कर धमकी दी कि यदि इस बारे में किसी को बताया तो जान से खत्म कर दूंगा। महिला ने कहा कि वह अपनी बेटी को तलाश कर ही रही थी कि उसकी बेटी घर पहुंची। उसकी बेटी ने उसे बताया कि मनोज नामक युवक उसे रात अपहरण करके ले गया था। उसने पूरी रात अपने पास रखकर उससे दुष्कर्म किया है। आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी को धमकी दी है कि यदि इस बारे में किसी को कुछ बताया तो जान से खत्म कर दूंगा। इसके चलते उसकी बेटी डरी हुई है। होडल थाना पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर आरोपी मनोज के खिलाफ केस दर्ज किया है। होडल थाना के जांच अधिकारी एसआई रमेश का कहना है कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज आरोपी की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच-56 की टीम ने चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 साइलेंसर, एक ईसीएम व 4000 रुपए नकद बरामद किए हैं। आरोपी इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में की गई चोरी की चार वारदातों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जमशेद उर्फ भूरा है, जो फरीदाबाद के धौज गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से एक साइलेंसर बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी चार मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें वह चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पूछताछ के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान पाया कि आरोपी के खिलाफ दो मुकदमे आदर्श नगर, एक सेक्टर-8, एक मुकदमा धॉज तथा एक मुकदमा मुजेसर थाने में दर्ज है। जिसमें आरोपी ने टावर की बैटरी, ईसीएम, साइलेंसर इत्यादि चोरी किए थे। आरोपी काम इलेक्ट्रिशियन का करता है। गांजे का नशा करता है और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देता है।

राजकुमार वोहरा ने जिला पदाधिकारियों का किया गठन

फरीदाबाद। भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने जिले के संगठन का गठन किया और जिला पदाधिकारियों की संगठनात्मक नियुक्तियां कीं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ सरमा और प्रदेश महामंत्री एवं विधायक मोहन लाल बडौली द्वारा स्वीकृत भाजपा फरीदाबाद जिले के अपने नए संगठन का गठन कर जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की। भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा ने सुरेंद्र जांगड़ा एवं मनोज कुमार वशिष्ठ को महामंत्री, अनिल नागर, सुखबीर शर्मा (मलेरना), वजीर सिंह डागर, भारती भाकुनी, बिजेंद्र नेहरा एवं पंकज रामपाल को जिला उपाध्यक्ष, सुनीता बघेल, गोल्डी अरोड़ा, मुकेश अग्रवाल, रवि कश्यप, लालजी मिश्रा एवं पंकज सिवाल को जिला मंत्री/सचिव, राजन मुथरेजा को कोषाध्यक्ष, राजेश डागर को कार्यालय सचिव, सचिन गुप्ता को सह कार्यालय सचिव, विनोद गुप्ता को जिला मीडिया प्रमुख, शिप्रा सिंह को सोशल मीडिया जिला संयोजक, समीर टंडन को आईटी जिला संयोजक, अजय डुडेजा को सह मीडिया प्रमुख, सचेत जैन को सोशल मीडिया जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। जिला अध्यक्ष वोहरा ने जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद कहा कि जिले की टीम में कुछ पुराने पदाधिकारियों को दोबारा जिम्मेदारी दी गई है और कुछ नए कार्यकर्ताओं को लेकर जिले की मजबूत टीम का गठन किया गया है। जिले के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन विस्तार के कार्य को आगे बढ़ाएंगे। मंडल, मोर्चों, प्रकोष्ठ और विभागों के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ पर शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ प्रमुख और पन्ना प्रमुख के माध्यम से बूथ मैनेजमेंट और माइक्रो बूथ मैनेजमेंट के काम को आगे बढ़ाकर फरीदाबाद के सभी 1469 बूथ को सशक्त करने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा की सभी 10 की 10 लोकसभा सीट जीतने के मूलमंत्र पर चल फरीदाबाद की लोकसभा सीट को पहले से ज्यादा मतों से जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे और आगामी विधानसभा चुनावों में फरीदाबाद जिले की सभी छह की छह सीट पर जीतकर मनोहर लाल के नेतृत्व में तीसरी बार हरियाणा प्रदेश में सरकार बनाने में अपना योगदान देंगे। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में सभी जिला पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया और उनके जन्मदिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष वोहरा एवं सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और जिला अध्यक्ष वोहरा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नव दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कर्मचारी रोहतक रैली के लिए रवाना हुए

फरीदाबाद। रोहतक रैली में कर्मचारियों के लंबित मांग मुद्दों व सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राज्य स्तरीय रैली के लिए कर्मचारी रवाना हुए। इस रैली में प्रेम सचिव, बिजेंद्र सिंह कुमिया, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, सह-सचिव रुपचंद डागर, मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन से भूदेव शर्मा, विपिन शर्मा, कृष्णा प्रधान पशुपालन विभाग, इस रैली का उद्देश्य कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाली, रेगुलरइजेशन की नीति बनवाने, विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने व विभिन्न वर्गो के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को ठीक करवाने, कौशल रोजगार निगम की समाप्ति आदि 15 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर रोहतक पहुंचे। इस रैली मे हथीन के सभी सरकारी विभागों से कच्चे, पक्के, आउट सोर्स सहित सभी विभागों से कर्मचारियों ने आक्रोश रैली मे भाग लिया। सभी विभागों के कर्मचारी नेताओं ने सरकार को चेताया कि या तो हमारी मांगों को पूरा करें।

आर्थिक कुप्रबंधन

संभावित श्वेत पत्र

केन्द्र सरकार लोकसभा चुनाव के पहले संप्रग सरकार के 'आर्थिक कुप्रबंधन' पर एक श्वेत पत्र ला सकती है। लोकसभा चुनाव निकट आने के साथ ही सरकार 2014 के पहले संप्रग सरकार द्वारा कथित आर्थिक कुप्रबंधन उजागर करने के लिए एक श्वेत पत्र लाने पर विचार कर रही है। इस दस्तावेज का उद्देश्य उन आर्थिक नीतियों और निर्णयों पर प्रकाश डालना है जिन्होंने भारत का वित्तीय रास्ता निर्धारित किया था। 2015 से पहले भारत को अनेक आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा था और उसके सामने अनेक अवसर भी आए थे। 2008 के वैश्विक संकट ने अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव डाला था और भारत उसके दुष्प्रभावों से अलग नहीं था। लेकिन 2015 के बाद तेज आर्थिक वृद्धि, तकनीकी प्रगति तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि सामने आए हैं। सरकार की योजना उन आर्थिक निर्णयों की ओर संकेत करना है जो इस कालखंड के पहले लिए गए थे। संभवत: उसका उद्देश्य किसी संभावित कुप्रबंधन को उजागर करना है जिससे देश की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई। पद पर आने के बाद मोदी सरकार ने अनेक आर्थिक सुधार किए हैं और नई नीतियां बनाई हैं। इनमें 2017 में वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी लागू करना उल्लेखनीय है जिसका उद्देश्य परोक्ष कर ढांचे का सरलीकरण तथा एकीकृत बाजार की स्थापना था। 2014 में शुरू 'मेक इन इंडिया' पहल का उद्देश्य विनिर्माण को बढ़ावा देकर भारत को वैश्विक विनिर्माण केन्द्र में बदलना था। इन पहलों के साथ ही 'बिजनेस सुगमता' में सुधार के प्रयास किए गए जिनका उद्देश्य विदेशी निवेश आकर्षित करना तथा वृद्धि तेज करना था। 2014 में शुरू की गई 'प्रधानमंत्री जनधन योजना' का उद्देश्य सबको बैंकिंग सेवायें पहुंचा कर वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करना था। इसने औपचारिक वित्तीय सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

2015 के पहले वाली आर्थिक नीतियों पर श्वेत पत्र लाने की सरकार की पहल पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करती है ताकि राष्ट्र को घटनाओं का परीक्षण कर पुराने प्रशासन के मूल्यांकन का अवसर मिल सके। सरकार को संभवत: यह कदम कुछ अर्थशास्त्रियों की आलोचना के कारण उठाना पड़ा है जो देश की समग्र आर्थिक प्रगति के प्रति आंखें बंद कर केवल उसके कमजोर पक्षों पर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट भाषण में कहा है कि भारत दस साल पहले की पांच सर्वाधिक अस्थिर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत की वर्तमान आर्थिक वृद्धि को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ ने भी उसकी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। भारत अगले तीन-चार साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत ने आर्थिक वृद्धि के साथ ही अमीर-गरीब के बीच खाई पाटने में भी बड़ी सफलता पाई है और पिछले दस साल में वह लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर लाने में सफल हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से लाभान्वित करने की महत्वाकांक्षी योजना पेश की है जो भारत को 'ऊर्जा आत्मनिर्भरता' की ओर ले जाएगी तथा इससे पर्यावरण संरक्षण में भी उल्लेखनीय योगदान मिलेगा। महिला स्वयं-सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण 'दीदियों' को लखपती बनाने का लक्ष्य बढ़ा कर तीन करोड़ किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जारी आर्थिक नीतियों की निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा की जाने वाली आलोचना देश की प्रगति में बाधा डाल सकती है और संभवत: इसके लिए 'श्वेत पत्र' लाना जरूरी हो गया है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनता रुपया

रुपये को सचमुच प्रभावशाली व लोकप्रिय वैश्विक मुद्रा बनाने के लिए सरल-तकनीक वाले विनिर्माण तथा छोटे एवं मझोले उद्यमों की प्रगति पर ध्यान देना जरूरी है।

सुरजीत महालनोबिस
(लेखक, इग्नू के अकादमिक सलाहकार हैं)

भारत लगातार ऊर्जा आयात का भुगतान रुपये में करने का प्रयास कर रहा है और इसके लिए वह अपनी राष्ट्रीय मुद्रा के अंतरराष्ट्रीयकरण हेतु प्रयासरत है। इसका उद्देश्य डालर के वर्चस्व को चुनौती देना नहीं है। भारत इसके लिए गतिशील राजनय का प्रयोग कर रहा है ताकि वह प्रतियोगिता में उतर सके। ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया है। जुलाई में भारत ने संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके अंतर्गत कच्चे तेल के आयात का भुगतान रुपये में किया जाना है। इसके बाद भारतीय तेल निगम-आईओसी ने अबूधाबी की नेशनल आयल कंपनी-एडनोक से एक मिलियन बैरल कच्चे तेल को रुपये में खरीदा। इससे 'भारत' की सक्रियता सामने आई। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 2014 के बाद से 'बिजनेस सुगमता' को बढ़ावा देने के लिए यह एक नीतिगत बदलाव था। इसे कौटिल्य की राजनय के अंतर्गत 'भारतीयता' के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसकी भारत में मुगल शासन तथा औपनिवेशिक शासन के दौरान अनदेखी की गई थी।

पहले भारत ने रूस के साथ रुपये में व्यापार का प्रयास किया था, पर यह प्रयास सफल नहीं हुआ। इसका कारण यह था कि उस समय तक भारत का रुपया 'पूर्ण परिवर्तनीय' नहीं था। 2015 से 2021 तक भारतीय निर्यात पर हुए एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि वैश्विक निर्यात में भारत से वस्तुओं का निर्यात केवल 1.77 प्रतिशत था। निर्यात में समुचित वृद्धि न होने के कारण अन्य देश अपने मुद्रा भंडार में रुपया रखने के लिए प्रोत्साहित नहीं होते हैं। हालांकि, वर्तमान समय में रूस के पास 40 बिलियन डालर के बराबर रुपयों का भंडार है।

यूएई के साथ इस समझौते के बावजूद रुपये के बदले तेल खरीदने की प्रक्रिया तेज नहीं हुई है। रूस की तुलना में पश्चिमी एशियाई देशों के बाद रुपये का भंडार काफी कम है। इसका कारण यह है कि भारत मशीनों व औजारों के रूप में इतने उत्पाद नहीं तैयार करता है जिनके निर्यात से ज्यादा राजस्व प्राप्त हो सके तथा रुपये की अंतरराष्ट्रीय मांग बढ़ सके। हालांकि, हाईटेक विनिर्माण पर जोर देना उचित है, पर भारत को लोटेक मशीनों और औजारों के विनिर्माण पर भी जोर देना चाहिए। इससे न केवल चीन से प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, बल्कि चीन के सीमा पर दु:साहस को रोकने में भी सहायता मिलेगी। एक अध्ययन के अनुसार चीन में विनिर्माण क्षेत्र उसकी जीडीपी में 42.6 प्रतिशत का योगदान करता है। हालांकि, विदेशी बाजारों से चीनी उत्पादों की मांग में 2023 में कमी आई है, पर इसके बावजूद प्रमुख एशियाई देशों में उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा है।

भारत से निर्यात बढ़ाने के लिए मानकीकरण बढ़ाने तथा त्वरित प्रसंस्करण व्यवहारों में सुधार की आवश्यकता है। उदाहरणार्थ, अनेक वस्तुओं की असेम्बली लाइनों के लिए उपकरणों के हिस्से कई जगहों से खरीदे जाते हैं। इससे क्लियरेंस, विभिन्न हवाईअड्डों पर हैंडलिंग प्रक्रियाओं, आदि के कारण विलंब होता है। यह स्थिति भारत के लिए चुनौतीपूर्ण है क्योंकि वह विश्व विनिर्माण तकनीक की दौड़ में पूर्णत: सफल नहीं हो पाता है। हालांकि, भारत की अधिकांश चुनौतियां हाईटेक उद्यमों के क्षेत्र में हैं। इस प्रकार की बाधायें लोटेक विनिर्माण के क्षेत्र में नहीं है क्योंकि यह काम पूर्णत: घरेलू क्षेत्र में ही किया जा सकता है।

'मेक इन इंडिया' आह्वान का प्रयोग भारत के बाहर बिक्री के लिए भी होना चाहिए। खासकर लो-स्किल्ड व दैनिक प्रयोग वाले उत्पादों के निर्यात में इसका उपयोग होना चाहिए जिससे तेजी से राजस्व प्राप्त होगा तथा भारतीय निर्यातों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार बनाने में सहायता मिलेगी। भारत को खास तकनीकों के उच्चीकरण पर ध्यान देना चाहिए जो निर्यात में सहायक हो सकती हैं। इसके साथ ही उसे विनिर्माण के ढांचे में भी परिवर्तन करना चाहिए। इस प्रकार निर्यात बढ़ाने से विश्व बाजार में रुपये की परिवर्तनशीलता भी तेजी से बढ़ेगी। वर्तमान समय में विनिर्माण उद्यम मुख्यत: हाईटेक क्षेत्र में हैं जिनका संचालन स्थापित उद्योगपतियों द्वारा किया जा रहा है। अब तक लोटेक एसएमई के विकास को ज्यादा प्राथमिकता नहीं मिली है। भारत में हाईटेक विनिर्माण का हिस्सा 2019 के पहले 30.5 प्रतिशत था जो अब बढ़ कर वित्त वर्ष 2022-23 में 43.6 प्रतिशत हो गया है। इस प्रकार 10.4 प्रतिशत की वृद्धि प्रशंसनीय है। लेकिन उच्च निवेश वाले उद्यमों में इन निवेशों का ज्यादातर हिस्सा कृषि तथा उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों में हुआ है। 2023 की तीसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र का जीडीपी में योगदान 7154.65 बिलियन या 14 प्रतिशत था। इसकी तुलना में राष्ट्रीय जीडीपी में भारतीय एसएमई का योगदान 27 प्रतिशत है। 1 नवंबर, 2023 को प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार भारत ने जून, 2023 तक 20.09 मिलियन एसएमई स्थापित की थीं। भारत ने स्वतंत्रता के फौरन बाद एमएसएमई को प्रोत्साहन देना शुरू किया था।

इसके अनेक कारण थे जिसमें 1948 के बाद भारत का पांच युद्धों में फंसना था। 1962 में चीनी हमले तथा 1965 में पाकिस्तान से युद्ध के कारण तीसरी और चौथी पंचवर्षीय योजनायें प्रभावित हुईं, लेकिन पांचवीं पंचवर्षीय योजना से एमएसएमई को प्रोत्साहन दिया जा सकता था। लेकिन लगभग 60 साल बाद 2007 में सरकार ने छोटी विनिर्माण इकाइयों को प्रोत्साहन देना शुरू किया। इस प्रकार 1991 में आर्थिक उदारीकरण के बाद लगभग 16 साल तक इस दिशा में कोई खास काम नहीं हुआ।

2019 में भारत में 'बिजनेस सुगमता' में व्यापक सुधार देखने को मिला और वह 2007 में 134वें स्थान से ऊपर उठ कर 2019 में 63वें स्थान पर आ गया। लेकिन इसके बावजूद अभी समय पर वित्तीय सहायता, तकनीकी उच्चीकरण, सस्ती व गैर-प्रदूषक बिजली सप्लाई, आयातों पर निर्भरता तथा दूसरे देशों से कठोर प्रतियोगिता जैसी स्थितियां बनी हुई हैं। वर्तमान समय में एसएमई का जीडीपी में योगदान लगभग 7 प्रतिशत है और वह 28 मिलियन लोगों को रोजगार देता है। एसएमई की उत्पादन लाइनें मुख्यत: खाद्य उत्पादों, पेय पदार्थों, तंबाकू, तंबाकू उत्पादों, सूती कपड़ों, ऊन, रेशम, संश्लेषित उत्पादों, जूट, जूट उत्पादों, लकड़ी व लकड़ी उत्पादों, फर्नीचर, पेपर एवं पेपर उत्पादों, प्रिंटिंग व संबंधित उद्योगों, मशीनरी, मशीनों के औजारों, बिजली उपकरणों, आदि में फैली हुई हैं।

हालांकि, तानाशाही चीन व लोकतांत्रिक भारत के बीच तुलना करना उचित नहीं होगा, पर दोनों देशों में नियमों, विनियमों व निर्णय प्रक्रियाओं के बीच तुलना होनी चाहिए। भारत चीन से आयात घटाने तथा विनिर्माण को प्राथमिकता देने का प्रयास कर रहा है जिससे दुश्मन देश की भारतीय सीमा पर आक्रामकता घटाने में भी सहायता मिलेगी। ऐसे में भारत को एमएसएमई को निर्यात योग्य बनाने के लिए सारे प्रयास करने चाहिए। इसका एक कारण यह भी है कि ऐसे उत्पादों से तेजी से राजस्व प्राप्त हो सकता है। भारत को वे सारे उत्पाद बनाने चाहिए जो चीन बनाता है। भारतीय वस्तुओं की गुणवत्ता बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि वे विश्व बाजारों में चीनी उत्पादों को कड़ी टक्कर दे सकें। यह चीन का मुकाबला करने का एकमात्र रास्ता है। इसके लिए भारत को युवाओं को एसएमई से जोड़ने के लिए 'इन्क्यूबेशन हब' बनाने चाहिए।

इसके साथ ही भारतीय समाज के हर कोने में उपलब्ध बेरोजगार या असंगठित क्षेत्र में मौजूद कौशल का प्रयोग करना चाहिए। भारत को जमीनी स्तर पर उद्यमिता के विकास के लिए असंगठित बाजारों, गांवों, दूकानों और आईटीआई समेत संस्थानों में स्थापित उद्योगपतियों द्वारा 'मेंटरशिप' की व्यवस्था को अमली जामा पहनाना चाहिए। इन प्रयासों की सफलता से सचमुच एक नया भारत बनाने में सहायता मिलेगी जो पहले के किसी भी समय की तुलना में ज्यादा शानदार होगा। इससे हम अपने कुशल, अकुशल व अर्धकुशल नौजवानों का कौशल बढ़ा कर उनको विनिर्माण के काम से जोड़ सकेंगे। आखिरकार विनिर्माण ही आर्थिक प्रगति का प्रमुख साधन है। इससे भारतीय रुपये को दुनिया भर में अंतराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्वीकार्यता भी मिलेगी।

छात्र गतिशीलता का बदलता परिदृश्य

> "डिजिटल परिवर्तन ने भारतीय छात्रों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक अवसरों के बारे में जानकारी तक जागरूकता और पहुंच में वृद्धि के साथ सशक्त बनाया है।"

अभिजित ज़ावेरी
(लेखक, शैक्षणिक सलाहकार हैं)

वैश्विक शिक्षा के निरंतर विकसित होते परिदृश्य में, ज्ञान की खोज सीमाओं से परे है, और भारतीय छात्र इस अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्रा में सबसे आगे खड़े हैं। कैरियर मोज़ेक ने हाल ही में अभिजीत ज़ावेरी के साथ एक व्यापक चर्चा की, जिसमें भारतीय छात्र गतिशीलता की जटिलताओं को उजागर किया गया। विदेश में पढ़ाई में बढ़ोतरी के कारकों से लेकर भू-राजनीतिक परिवर्तनों के प्रभाव और डिजिटल युग की परिवर्तनकारी भूमिका तक, हमारी बातचीत ने महत्वाकांक्षी भारतीय छात्र समुदाय की पसंद को आकार देने वाले प्रमुख रुझानों का खुलासा किया।

विदेशी शिक्षा में बढ़ती रुचि: विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में वृद्धि स्पष्ट है, अनुमान है कि 2024 तक आश्चर्यजनक रूप से 18 लाख छात्र होंगे। इस प्रवृत्ति के पीछे प्रेरणाएं विविध हैं, जिसमें बेहतर शैक्षिक मानकों की इच्छा, विदेशी विश्वविद्यालयों में आसान स्वीकृति शामिल है। और वैश्विक संस्थानों द्वारा प्रस्तुत व्यावहारिक अनुप्रयोग। इन विकल्पों को निर्देशित करने वाले प्रमुख कारकों में भारतीय शैक्षिक प्रणाली की सैद्धांतिक प्रकृति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, एक व्यापक पाठ्यक्रम, अनुसंधान के अवसर, सांस्कृतिक प्रदर्शन, विविधता और विशेष कार्यक्रमों तक पहुंच शामिल है। यात्रा को सुविधाजनक बनाने में दूतावासों की भूमिका: दूतावास वीजा जारी करने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अधिक कुशल और सहायक अनुभव में योगदान करते हैं। बेंगलुरु और अहमदाबाद में नए वाणिज्य दूतावासों के साथ अमेरिकी दूतावास के हालिया विस्तार का उद्देश्य वीजा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और पहुंच बढ़ाना है, जो इच्छुक अंतरराष्ट्रीय छात्रों के समर्थन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का उदाहरण है।

भू-राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव : हाल के भू-राजनीतिक और आर्थिक परिवर्तनों ने छात्रों की गतिशीलता के रुझान को बदल दिया है, साथ ही राजनयिक तनाव से उत्पन्न होने वाली सुरक्षा चिंताओं के कारण अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुभव प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से मेडिकल छात्र वैकल्पिक क्षेत्रों की खोज कर रहे हैं, जिससे अध्ययन स्थलों का पुनर्मूल्यांकन हो रहा है। जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे पारंपरिक विकल्प लोकप्रिय बने हुए हैं, स्पेन, जर्मनी, नीदरलैंड, फ्रांस और आयरलैंड कम पाठ्यक्रम लागत और नवीन शिक्षा दृष्टिकोण के कारण मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहे हैं।

छात्रों की गतिशीलता पर कोविड-19 का प्रभाव: महामारी ने छात्रों की गतिशीलता पर काफी प्रभाव डाला है, जिससे पारंपरिक अध्ययन स्थलों का पुनर्मूल्यांकन हुआ है। मास्टर और स्नातक कार्यक्रमों के लिए नामांकन में पर्याप्त वृद्धि के साथ, न्यूजीलैंड, जर्मनी और आयरलैंड जैसे देशों में रुचि बढ़ रही है। चुनौतियों के बावजूद, विदेश में अध्ययन के अनुप्रयोगों में उल्लेखनीय 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो वैश्विक शैक्षिक अवसरों की लचीली खोज पर जोर देती है।

डिजिटल परिवर्तन का प्रभाव: डिजिटल परिवर्तन ने भारतीय छात्रों को अंतराष्ट्रीय शैक्षणिक अवसरों के बारे में जानकारी तक जागरूकता और पहुंच में वृद्धि के साथ सशक्त बनाया है। इस बदलाव ने विकल्पों की तुलना को व्यापक बना दिया है, जिससे संस्थानों और कार्यक्रमों के राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन की अनुमति मिल गई है।

छात्र गतिशीलता में भविष्य के रुझान संयुक्त राज्य अमेरिका और विभिन्न यूरोपीय देश विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों में बढ़ती रुचि के साथ पसंदीदा स्थान बन रहे हैं। कोविड के बाद, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, जापान, मलेशिया, सिंगापुर और न्यूजीलैंड जैसे देशों को प्रभावी ढंग से महामारी का प्रबंधन करने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। उभरता हुआ वैश्विक शैक्षिक परिदृश्य, शैक्षणिक प्राथमिकताएँ और महामारी प्रबंधन संबंधी विचार भविष्य के रुझानों को आकार देंगे।

भारत के भीतर क्षेत्रीय रुझान: भारत के भीतर अद्वितीय क्षेत्रीय रुझान विदेशी भाषाओं के लिए प्राथमिकताओं और विदेश में अध्ययन स्थलों के विकल्पों को दर्शाते हैं। टियर 1 शहर के छात्र सांस्कृतिक प्रदर्शन और शैक्षणिक गुणवत्ता के मिश्रण को प्राथमिकता देते हैं, जो प्राथमिकताओं में बदलाव का संकेत देता है। इस बीच, टियर 1 और टियर 2/3 शहरों के बीच कार्यक्रम विकल्पों में अंतर विविध आकांक्षाओं को उजागर करता है।

जैसे-जैसे छात्र गतिशीलता का परिदृश्य विकसित हो रहा है, भारतीय छात्रों की विविध आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने के इच्छुक संस्थानों और सेवा प्रदाताओं के लिए इन रुझानों को समझना और अपनाना महत्वपूर्ण होगा। जैसे-जैसे हम अंतरराष्ट्रीय शिक्षा की जटिल रूपरेखा पर आगे बढ़ते हैं, यह स्पष्ट होता है कि भारतीय छात्रों की आकांक्षाएँ और विकल्प गतिशील हैं और कई कारकों से प्रभावित हैं। बेहतर शैक्षणिक मानकों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों की खोज से प्रेरित, विदेशी शिक्षा में रुचि में वृद्धि, शिक्षा के पारंपरिक प्रतिमानों में बदलाव का संकेत देती है। आगे देखते हुए, भारत से छात्र गतिशीलता में भविष्य के रुझान एक विविध परिदृश्य का वादा करते हैं।

भारत के भीतर क्षेत्रीय रुझान विकल्पों और आकांक्षाओं की विविधता को प्रदर्शित करते हैं, जो विभिन्न स्तरों के छात्रों की अनूठी जरूरतों को समझने और उन्हें अपनाने के महत्व पर जोर देते हैं। जैसे-जैसे संस्थानों और सेवा प्रदाताओं का विकास जारी है, यह समझ भारतीय छात्रों के बढ़ते समुदाय को उनकी वैश्विक शैक्षिक यात्रा शुरू करने के लिए प्रभावी समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने में सर्वोपरि होगी। जैसा कि हम इस परिवर्तनकारी यात्रा को देख रहे हैं, यह स्पष्ट है कि ज्ञान की खोज की कोई सीमा नहीं है, और वैश्विक मंच खुली बांहों के साथ भारतीय विद्वानों की अगली पीढ़ी का इंतजार कर रहा है।

आप की बात

विकृत सोच

कांग्रेसी मणिशंकर अय्यर सुर्खियों में बने रहने के लिए सनातन और हिन्दू विरोधी बयान देते रहते हैं और अपनी यह पहचान को देश से बाहर भी बनाए रखते हैं। 2014 में मोदी सरकार बनने पर मणिशंकर अय्यर ने पाकिस्तान यात्रा में एक साक्षात्कार में वहां के लोगों से मोदी को हराने में सहायता की गुहार तक लगाई थी। हाल ही में दिल्ली की एक कालोनी में रहने वाली उनकी बेटी सुरन्या अय्यर ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा विरोध करते हुए कहा कि श्रीराम मन्दिर का निर्माण मुस्लिमों के साथ अन्याय है। सुरन्या ने श्रीराम मन्दिर के विरोध में तीन दिन का उपवास भी रखा। इस प्रकरण के बाद सोसायटी का आरडब्लूए भी सुरन्या और मणिशंकर अय्यर के विरोध में उतर आया है। उसने मणिशंकर को मकान खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। सवाल है कि जब श्रीराम मन्दिर का निर्माण शीर्ष न्यायालय के आदेशानुसार हो रहा है तब भी अय्यर जैसे कांग्रेसी नेताओं की सोच विकृत क्यों बनी हुई है? उनको अपनी ही पार्टी के नेता प्रमोद कृष्णम से सीख लेनी चाहिए जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कल्कि धाम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे कर आए हैं और मोदी ने इसे स्वीकार भी कर लिया है। कांग्रेसी नेताओं की विकृत सोच उनकी पार्टी के विनाश का कारण बन सकती है।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

पाकिस्तान में राजनीति

पाकिस्तान में राजनीति उसके जन्म से उथल पुथल भरी रही है। पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान से लेकर वर्तमान शहबाज़ शरीफ तक एक-दो लोग ही अपना कार्यकाल पूरा कर पाए थे। सेना का फ़रमान न मानने के कारण उनमें से अधिकाँश को सत्ता से हाथ धोने पड़े या उनकी जान ही चली गयी। ज़ुल्फ़िक़ार अली भुट्टो व बेनजीर भुट्टो को सेना ने ही मौत के घाट पहुंचाया था। वहां चुनाव सिर्फ रस्म निभाने के लिए होते हैं, वरना सब कुछ पहले से तय रहता है। पिछली बार इमरान खान को सत्ता मिलनी तय थी। आगामी 8 फ़रवरी के चुनाव में वहां के जनरलों ने दीवार पर लिख दिया है की नवाज़ शरीफ एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। पिछले एक साल से सबकुछ सेना द्वारा लिखी पटकथा के अनुसार हो रहा है। नवाज़ शरीफ की हर सजा माफ़ कर चुनावी मैदान में वापस लाना तथा इमरान खान को पहले 3 साल फिर 10 साल और तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा इसका हिस्सा हैं। इमरान खान की जिंदगी भी उसी तरह खतरे में पड़ सकती है जिस प्रकार परवेज मुशर्रफ के हाथों नवाज शरीफ की पड़ी थी। नवाज शरीफ को तो सऊदी अरब ने दबाव डाल कर बचा लिया था, इमरान को बचाने कौन आएगा?

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

सोरेन पर शिकंजा

भ्रष्टाचार व घोटाले के आरोपी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी से दूर भागते रहे, लेकिन आखिरकार उसके शिकंजे में फंस ही गए। वह अच्छी तरह जानते थे कि उनका अपराध तुरंत गिरफ्तार किए जाने योग्य है! मगर मुख्यमंत्री पद का गलत उपयोग कर उससे बचने का प्रयास करते रहे। आखिरकार उनको अपना पद छोड़ कर चंचई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना पड़ा जिनको बहुमत सिद्ध करना है। मगर बहुमत की तारीख 5 फ़रवरी से पहले ही कुछ विधायकों ने बाहर निकलने का ऐलान कर दिया है। इस प्रकार इस सरकार के नींव के पाये खिसकने लगे है। सोरेन सरकार और उसके गठबंधन सहयोगी राजद व कांग्रेस सरकार बचाने का प्रयास कर रहे हैं। हेमंत सोरेन का भ्रष्टाचार जारी रहने के पीछे गठबंधन सरकार की मजबूरियां भी थीं। इसे देखते हुए अब जनता को सोचना चाहिए कि वह अपने प्रदेशों में मजबूत, जिम्मेदार, जवाबदेह तथा पारदर्शी सरकार बनाने का प्रयास करे। पहचान की राजनीति कर सत्ता में पहुंचने वाले भ्रष्टाचारी तत्वों पर लगाम लगाने के लिए वंशवाद पर भी नियंत्रण जरूरी हो गया है। सोरेन पर ईडी के शिकंजे से यह भी स्पष्ट हो गया है कि नये भारत में कोई भ्रष्टाचारी जेल जाने से बच नहीं सकता है।

सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

कैंसर की विभीषिका

कैंसर दुनिया के अन्य देशों की तरह भारत में भी तेजी से फैल रहा है। लेकिन विडंबना है कि कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में आम जनता में कोई विशेष जानकारी नहीं हैं और वे कैंसर के शुरुआती दौर में इसे गंभीरता से नहीं लेते हैं। बड़े शहरों में जाकर जांच करने पर जब कैंसर का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। यदि कैंसर के शुरुआती लक्षणों का समय रहते पता चल जाए तो अधिकांश मामलों में इसे ठीक किया जा सकता है। अत: आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से देश भर में कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों व उपचार के बारे में व्यापक जानकारी दी जानी चाहिए। हमारे देश में कैंसर के इलाज के लिए बहुत कम अस्पतालों में सुविधा उपलब्ध है और जहां उपलब्ध है वहां भी बहुत महंगी है। अत: सरकार को कैंसर की दवाइयों, निदान और इलाज को यथासंभव सस्ता बनाने पर ध्यान देना चाहिए। कैंसर की विभीषिका से मुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान जरूरी है जिसमें समाज के सभी वर्गों व खासकर छात्रों-नौजवानों को शामिल किया जाना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप चलाएं पाठ्यक्रमः मुख्यमंत्री

● वृहद रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले सीएम

● ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्तावों से 1.10 करोड़ लोगों को मिलेगी नौकरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे 1ण्10 करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी मिलेगी। इसके लिए जरूरी है कि सभी आईटीआईए पॉलिटेक्निक जैसे संस्थान इंडस्ट्री की मांग को समझकर, उसके अनुरूप ट्रेड व पाठ्यक्रम तैयार करें। युवाओं को जाब व सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए। सीएम योगी रविवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में वृहद रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को ट्रेनिंग से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम के साथ युवाओं को जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इस योजना में आधा मानदेय सरकार व आधा इंडस्ट्री द्वारा दिया जाता है। इससे युवा अपने शिक्षा के दौरान परिवार पर न निर्भर होकर आत्मनिर्भर रहेगा। उसको शिक्षा के साथ मानदेय भी प्राप्त होगा। सीएम योगी ने इस बात और प्रसन्नता जताई कि एक वर्ष में दूसरी बार मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वृहद रोजगार मेला का आयोजन हो रहा है। जिसमें लगभग 15 हजार युवाओं को रोजगार प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो नौजवान आज यहां प्लेसमेंट नहीं पाए हैं वे प्रयास करते रहेंए उनके लिए भी शासन द्वारा रोजगार सृजन का कार्य हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम आज उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता है। आज का उत्तर प्रदेश नए भारत का एक नया उत्तर प्रदेश है जहां हर क्षेत्र में सफलता के नित नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं। विकास के नए माडल दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डाटा टेक्नोलॉजी से जुड़कर व्यावसायिक शिक्षा विभाग वैश्विक मानक के अनुरूप नए कोर्सेज के लिए कार्य कर रहा है। विगत दिनों से पूरे विश्व में कुशल एवं योग्य युवाओं की मांग हो रही है। शासन ने व्यावसायिक शिक्षा विभाग के माध्यम से इजरायल, रूस, जर्मनी से संवाद स्थापित करके युवाओं को रोजगार के लिए वहां भेजने का कार्य किया है। इजरायल भेजने के लिए युवाओं का चयन किया गया है। वहां इन युवाओं को मुफ्त भोजन व आवास के साथ 1.5 लाख रुपये प्रतिमाह का वेतन प्राप्त होगा। यहां के युवा आईटीआई करके 1.5 लाख प्रतिमाह कमाएंगे तो है उनके घर के साथ पूरे गांवए राज्य व पूरे राष्ट्र में खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्मनी में भी अच्छे नर्सिंग प्रोफेशनल्स की अत्यधिक मांग है। हमें इसके लिए ध्यान देना होगा। एक प्लेसमेंट सेल के माध्यम से युवाओं की कैरियर काउंसलिंग कर उनको देश व विदेश में रोजगार के अवसर से जागरूक कराना होगा। युवाओं को उस देश के भाषा के लिए भी प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम को भी शुरू करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान ही उन्हें उस देश की भाषा सिखा दी जाएगीए तो उन्हें एक बेहतरीन पैकेज की प्राप्ति भी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में भी कुशल युवाओं की मांग है। इजरायल फिर से यहां के युवाओं के लिए मांग कर रहा है। इसके लिए कौशल विकास विभाग के साथ सभी को प्रयास कर युवाओं को उस योग्य बनाने का प्रयास करना होगा। उन्हें उस प्रकार के कोर्सेज व वहां की भाषा को सिखाने के लिए कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में यूपी के स्किल युवाओं की मांग को देखते हुए उस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। इसको ध्यान मे रखते हुये सरकार टाटा टेक्नोलाजी के साथ मिलकर 150 विश्व स्तरीय आईटीआई बनाने जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में एमएसएमई में 96 लाख यूनिट हैं। इन यूनिट को बाजार व तकनीक से जोड़कर एक्सपोर्ट के लिए अच्छी पैकेजिंग की सुविधा प्राप्त करनी होगी। इससे वैश्विक मांग के अनुसार उत्पाद की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके अलावा भी अन्य कार्य कर सकते है। नौजवान को आज अच्छे पैकेज पर जाब प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा योजना जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को प्रशिक्षण के साथ उन्हें टूल भी दिये जा रहे हैं। सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए ब्याज रहित लोन देने का कार्य भी किया जा रहा है। सरकार युवा उद्यमियों को एक नयी प्रोत्साहन पैकेज की भी घोषणा करने जा रही है। इसमें लाखों युवा रोजगार से जुड़ सकते है। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप व ब्याज रहित ऋण के कार्य को सरकार लगातार बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप पिछले कुछ सालों के प्रयास के फलस्वरूप आज यूपी के लोंगो को पैसा यूपी में ही खर्च हो रहा है। यहां का सीडी रेशियो आज 42 से बढ़कर 56 प्रतिशत हो चुका है। यह विकास में बड़ा योगदान दे रहा है। इन्ही प्रयासों के कारण आज देश में उप्र छठवी अर्थव्यवस्था से उठकर दूसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह खुद को देश में एक अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित कर रहा है। यूपी की इस उपलब्धि में युवाओं की भी बड़ी भूमिका है। सीएम ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थान युवाओं की स्किल मैपिंग करए उनकी क्षमता को पहचान कर उनका मार्गदर्शन करें। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी संस्थानों के लिए एक मंच का कार्य करेगी। इस शिक्षा नीति में परम्परागत पाठ्यक्रम के साथ ही स्किल पर भी ध्यान दिया गया है ताकि शिक्षा प्राप्त करने के बाद युवा को रोजगार के लिए न भटकना पड़े। इससे बेरोजगारी का भी उन्मूलन हो सकेगा। शासन के प्रयासो के बाद आज प्रदेश में बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत से घटकर मात्र दो प्रतिशत रह गयी है।

सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहा यूपी का चहुमुखी विकासः कपिलदेव अग्रवाल

वृहद रोजगार मेले में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। भारत को विश्व गुरु बनने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार युवाओं को लगातार कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने का अभियान चला रही है। आज उत्तर प्रदेश तीव्रगति से आगे बढ़ रहा है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पराम्परागत पाठ्यक्रम के साथ कौशल विकास के पाठ्यक्रम जोड़े गये है ताकि हर युवा के हाथ में हुनर हो। प्रदेश का युवा नौकरी लेने की बजाय नौकरी देने वाला बनें। कार्यक्रम को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अपर मुख्य सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एम. देवराज आदि भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वृहद रोजगार मेला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल के पास लगे विभिन्न विभागों समेत आजीविका मिशन, नवाचार आदि से जुड़े स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टालों पर मौजूद लोगों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 350 लोगों की समस्याएं

● पोलियोग्रस्त भाइयों को देख भावुक हुए सीएम बोलेः इलाज में नहीं आने देंगे कमी

लखनऊ/गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में रविवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में अपनी दादी के साथ आए दो पोलियोग्रस्त मासूम भाइयों को देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने इन बच्चों की दादी से इलाज के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि इलाज में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए सरकार भरपूर सहायता करेगी। इसे लेकर सीएम ने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

गोरखपुर प्रवास के दौरान जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात करना और उनकी समस्याएं जानकर निस्तारण कराना सीएम योगी की दिनचर्या में शामिल रहता है। शनिवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में जनता दर्शन में करीब साढ़े तीन सौ लोगों से मुलाकात की। इस दौरान देवरिया जिले के खुखुंदू थानांतर्गत सेखा बभनौली से आई भागीरथी देवी के साथ आए दो मासूम बच्चों ;दस वर्षीय आयुष और आठ वर्षीय पीयूषद्ध को देख सीएम योगी उनसे पढ़ाई के बारे में पूछने लगे। तभी भागीरथी देवी ने बताया कि ये दोनों भाई पोलियोग्रस्त हैं। पांच साल के हुए तो बीमारी का पता चला। मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या ये बिलकुल भी नहीं चल पाते हैं। दादी ने बताया कि दस.बीस कदम तक। इस पर मुख्यमंत्री ने आयुष को चलने का प्रयास करके दिखाने को कहा। लंगड़ाते हुए वह दो चार कदम चला तो सीएम योगी भावुक हो उठे और भागीरथी देवी से दोनों बच्चों के इलाज के बारे में पूछा। उन्होंने पीजीआई लखनऊ में इलाज चलने की जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इन बच्चों के इलाज में कोई कमी नहीं आने देंगे। इसके लिए भरपूर सहायता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले को पूरी संवेदनशीलता से देखने और आयुष्मान कार्ड न होने की दशा में कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने दोनों मासूम भाइयों को दुलारा और खूब आशीर्वाद भी दिया।

भागीरथी देवी ने अगस्त 2023 में अपने बेटे आदित्य चौहान पोलियोग्रस्त दोनों बच्चों के पिताद्ध की मौत की जांच कराने तथा कुछ लोगों द्वारा जांच की मांग करने पर धमकी देने की शिकायत भी की। इस पर सीएम ने पुलिस अफसरों को त्वरित और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं। यह भी ध्यान दिया जाए किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार.दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह मंदिर की गौशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाया। गोशाला का भ्रमण कर सीएम योगी ने गोवंश को उनके विभिन्न नामों से पुकारा। सीएम योगी की आवाज सुनते ही गोवंश उनके पास आ गए। सीएम योगी ने उन्हें दुलारकर अपने हाथों से उन्हें गुड़.रोटी खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी ली।

ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बचने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरीः योगी

● विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रमों के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया मुख्यमंत्री ने

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूली छात्र छात्राओं को ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण की सीख देते हुए कहा कि दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बचने के लिए पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। पर्यावरण को बचाकर ही जीव सृष्टि की भी रक्षा की जा सकेगी। पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार तो प्रयास कर ही रही है, समाज को भी जागरूक होना पड़ेगा। सीएम योगी रविवार को दोपहर बाद दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज सभागार में एक मीडिया समूह की तरफ से आयोजित सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करने के बाद उनका मार्गदर्शन कर रहे थे। इस समारोह में पूर्व में हुए बाल मेला एवं बाल उमंग कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कृत कराया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति में मनुष्य के साथ हर जीव की मौजूदगी आवश्यक है। सभी एक दूसरे पर आश्रित हैं। इसलिए हमें उनकी जरूरत को भी देखने की आवश्यकता है। पर्यावरण के नुकसान से जीव सृष्टि को नुकसान होगा और इस खतरे से मनुष्य भी अछूता नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के वैज्ञानिक और पर्यावरणविद ग्लोबल वार्मिंग से चिंतित हैं। इसे रोका नहीं गया तो दुनिया के कई क्षेत्रों में व्यापक सूखा और बाढ़ जैसी आपदाएं आ सकती हैं। खाद्यान्न का भीषण संकट उत्पन्न हो सकता है। जरूरी है कि हम आज ही इस पर नियंत्रण रखने की तरफकदम बढ़ाएं।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर सीएम योगी ने अपनी सरकार की तरफसे उठाए गए एक महत्वपूर्ण उपाय की जानकारी भी छात्र-छात्राओं को दी। उन्होंने बताया कि 5.6 वर्ष पूर्व मोहल्ले में हैलोजन स्ट्रीट लाइट जलती थी। इससे बिजली का खर्च अधिक होता था और कार्बन उत्सर्जन भी। यह ग्लोबल वार्मिंग के लिहाज से खतरनाक था। सरकार ने अभियान चलाकर कम ऊर्जा की खपत और कम कार्बन उत्सर्जन करने वाली एलइडी स्ट्रीट लाइट लगाकर ऊर्जा की बचत भी की और कार्बन उत्सर्जन से होने वाले नुकसान को भी कम किया। बताया कि प्रदेश में बिना पैसा खर्च किए 16 लाख एलइडी स्ट्रीट लाइट लगा दी गई हैं। देश को अच्छा बनाना है तो ऊर्जा की बचत करनी ही होगी। पर्यावरण संरक्षण की अपनी पाठशाला को आगे बढ़ते हुए सीएम योगी ने कहा कि सरकार जुलाई माह में वन महोत्सव का आयोजन कर व्यापक पैमाने पर पौधारोपण और पौधों के संरक्षण का अभियान चलाती है। सौ वर्ष पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित करती है। वन महोत्सव की उपलब्धियां ऐसी हैं कि कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसे लेकर प्रदेश को पुरस्कृत कर रही हैं। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रदेश सरकार की तरफ से प्रतिबंधित किए जाने की बात कहते हुए विद्यार्थियों से अपील की कि वे इसके लिए समाज को भी जागरूक करें। लोगों को यह समझाएं कि सड़क या नाली में कूड़ा न फेकें। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। स्वच्छता को अपनाकर बहुत सी बीमारियों से भी बचा जा सकता है।

भाजपा अपनों से ही हारेगीः अखिलेश

● पीडीए में विश्वास करने वालों की संख्या कुल मिलाकर 90 प्रतिशत हैः सपा प्रमुख

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि एक सर्वे के अनुसार लोगों से बात करने पर पता चला है कि पीडीए में विश्वास करने वालों की संख्या कुल मिलाकर 90 प्रतिशत है। 49 प्रतिशत पिछड़ों का विश्वास पीडीए में है। 16 प्रतिशत दलितों का विश्वास पीडीए में है। 21 प्रतिशत अल्पसंख्यकों का विश्वास पीडीए में (मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन व अन्य, आदिवासी) है तथा 4 प्रतिशत अगड़ों का विश्वास भी पीडीए में है। उपरोक्त सभी में आधी-आबादी मतलब महिलाएं सम्मिलित हैं, इन 90 प्रतिशत लोगों में से अधिकांश इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेंगे। भाजपा इसी कारण न कोई गणित बैठा पा रही है, न कोई समीकरण, इसीलिए भाजपा के पिछले सारे फ़ार्मूले, इस बार फेल हो गये हैं। इसीलिए भाजपा उम्मीदवारों के चयन में बहुत पीछे छूट गयी है। भाजपा को उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। भाजपा का टिकट लेकर हारने के लिए कोई लड़ना नहीं चाहता है। यहाँ तक कि भाजपा के मुख्य समर्थकों में भी जो महिलाएँ महिला पहलवानों की दुर्दशा, मणिपुर की वीभत्स घटनाए माँ बेटी को जलाने के कांड जैसी अन्य अनगिनत नारी अपमान की घटनाओं को लेकर भाजपा समर्थक होने के नाते शर्मिंदा हैं वे इस बार सन् 2024 में भाजपा का साथ नहीं देंगी। साथ ही नौकरी या भर्ती की उम्मीद लगाये बैठे, जो युवा भाजपा राज में हताश हुए हैं, वे सब भी इस बार भाजपा को हराने हटाने के लिए ही वोट देंगे। अपने को बुद्धिजीवी समझने वाले समाज में जो लोग तथाकथित नैतिकता व राजनीतिक ईमानदारी के नाम पर भाजपा की ओर देखते थे, वे महाराष्ट्र, बिहार, चंडीगढ़ मेयर चुनाव और झारखंड की सत्ता के लालच से भरी अनैतिक व भ्रष्ट व्यवहार की घटनाओं से न केवल क्षुब्ध हैं बल्कि व्यथित भी हैं। ऐसे लोग बहुत ज़्यादा हैं, इनकी निष्क्रियता भी भाजपा के वोटों में भारी कमी करेगी। भाजपा अपनों से ही हारेगी।

किसानों के बीच दुगुनी आय के झूठे वादों, बोरी की चोरी, फ़सल को नुक़सान पहुँचाते पशुओं से छुटकारा दिलाने की झूठी गारंटियों, महँगी होती कृषि की लागत के कारण भाजपा विरोधी लहर चल रही है। जीएसटी की बंदइंतजामी भाजपा के परंपरागत कारोबारी वोटरों मतलब दुकानदारों, व्यापारियों व छोटे कारख़ाना मालिकों को भाजपा से पहले ही दूर कर चुकी है। भाजपा अपने अरबपति साथियों के लिए मज़दूर व श्रमिक विरोधी नियम.क़ानून लाकर मेहनत मजूरी का पैसा मार रही है, इसीलिए मज़दूर.किसान भी भाजपा के पूरी तरह खिलाफ़ हो गया है। इस चौतरफ़ा विरोध के माहौल में भाजपा उप्र में हार मानकर बैठ चुकी है।

बायर सेलर सम्मेलन में मल्टीनेशनल कंपनियों ने किए एमओयू

● संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ग्रीस, नेपाल, बहरीन सहित 10 देशों के 40 से अधिक खरीदारों ने सम्मेलन में की भागीदारी

लखनऊ। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा रविवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सहयोग से आयोजित किए गये द्वितीय इंटरनेशनल बायर सेलर मीट एवं प्रदर्शनी के दूसरे दिन के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह तथा विधायक डॉ. धर्मपाल की गरिमामय उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन में विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ग्रीस, नेपाल, बहरीन सहित 10 देशों के 40 से अधिक खरीददारों ने तथा प्रदेश के लगभग 500 प्रगतिशील किसानों ने सम्मेलन में भागीदारी की।

प्रदेश के कृषि मंत्री शाही ने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय ग्लोबल समिट एवं अन्तर्राष्ट्रीय बायर सेलर मीट का आयोजन किया जा रहा है। आगरा में अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र की स्थापना प्रधानमंत्री के प्रयासों से आगरा में किया जा रहा है, जो आगरा, अलीगढ एवं कानपुर मण्डल के आलू कृषकों लिये वरदान साबित होगा। बायर सेलर मीट के तकनीकी सत्र में उद्यान मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से विश्व की तीसरी अन्तर्राष्ट्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र की शाखा की स्थापना उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा में होने जा रही है, इस संस्थान की स्थापना से कृषकों को उच्च कोटि के आलू बीज की प्रजातियॉ उपलब्ध हो सकेंगी तथा कृषकों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही औद्यानिक फसलों की उत्पादकता में किसानों को तकनीकी जानकारी प्राप्त होगी।

बायर सेलर मीट के समापन सत्र में आलू के वैल्यू चेन विस्तार हेतु निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं यूपीएलएसएस लि. फेयर एक्सपोर्ट लुलू ग्रुप, बायर क्राप साइन्सेस, एक्सिस बैंक, यारा फर्टीलाइजर एवं बजाज एलियांस के साथ एमओयू का आदान प्रदान किया गया। हाईटैक नर्सरी हेतु निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, विभाग एवं यारा फर्टीलाइजर, बायर लाइफ साईन्स तथा यूपीएलएसएस लि. के साथ एमओयू का आदान प्रदान किया गया एवं 01 एमओयू डिजिटल एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट प्रमोशन के पीएमयू गठन के लिये एक्सेस असिस्ट से किया गया। इसके साथ ही बायर सेलर मीट के अवसर पर सिंगापुर, पोलेण्ड एवं दुबई हेतु आलू के निर्यात के सम्बन्ध में आबू धाबी के लूलू ग्रुप द्वारा समझौता किया गया। बायर सेलर मीट में आयोजित तकनीकी सत्र में वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि श्री विकास कानूनगो ने बताया कि प्रदेश सरकार वर्ल्ड बैंक के सहयोग से प्रधानमंत्री की कृषि क्षेत्र में 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश कृषि विकास और ग्रामीण उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र मजबूती परियोजना, यूपी एग्रीस के डिजीटल एग्रीकल्चर कम्पोनेंट योजना पर कार्य किया जा रहा है, इस योजना के माध्यम से कृषकों को लक्षित उपज में सुधार, निर्यात में वृद्धि तथा एआई तकनीकी का प्रयोग कर बागवानी फसलों में अच्छी पैदावार प्राप्त कर अधिक लाभ उपलब्ध हो सकेगा। एग्रीबाजार एजेन्सी के प्रतिनिधि ने बताया कि कृषक एआई तकनीक का प्रयोग कर सेटलाइट के माध्यम से अपनी कृषि भूमि तथा फसल सुरक्षाए मानसून की जानकारी प्राप्त कर फसलों का अच्छा उत्पादन कर अधिक प्राप्त किया जा सकेगा। आईएफसी के प्रतिनिधि हेमेन्द्र माथुर ने जानकारी दी कि आईएफसी कम्पनी उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र में एआई तकनीकी को बढ़ावा देने हेतु 100 स्टार्टअप कार्य कर रहे हैं।

सरकार की नीयत पर निर्भर है विकासः मुख्यमंत्री योगी

● आज उत्तर प्रदेश बन गया है निवेश का महत्वपूर्ण गंतव्यः सीएम

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बदलाव, नयापन और विकास के लिए सरकार की नीयत को जवावदेह करार दिया है। किसी भी प्रदेश का विकास वहां की सरकार की नीयत पर निर्भर है। सरकार पारदर्शी और ईमानदार होगी तो उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। यदि सरकार भ्रष्ट, बेईमान होगी तो उसके परिणाम भी उसी प्रकार के देखने को मिलेंगे जैसे कि 2017 के पहले उप्र में देखने को मिलते थे।

सीएम योगी रविवार पूर्वाह्न गोरखपुर में एक मीडिया समूह की तरफ से आयोजित विमर्श कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश विषयक विमर्श में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद सरकार की नीयत विकास की रही तो आज उप्र आर्थिक निवेश का महत्वपूर्ण गंतव्य बन गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी की रैंकिंग 14वें स्थान से दूसरे स्थान पर हो गई है और अब नम्बर वन की लड़ाई है। आबादी में पहले स्थान वाला यह राज्य देश की छठवीं अर्थव्यवस्था था, आज यह नंबर दो की अर्थव्यवस्था हो गया है। अगले पांच सालों में अग्रणी स्थान पर होगा। देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर यह प्रदेश अगले तीन वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सात साल पहले वाला इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार, विकास जनकल्याणकारी योजनाओं के लिहाज से बदहाल राज्य नहीं रह गया है। अब यह हर दूसरे.तीसरे दिन दंगों के लिए जाने जाना वाला, नागरिकों की पहचान का संकट वाला और चौपट उद्योग कारोबार वाला राज्य भी नहीं है। अब तो यह दंगामुक्त, कानून व्यवस्था का रोल मॉडल, नागरिक पहचान को देश.दुनिया में सम्मान दिलाने वाला और बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर व नीतियों के संगम से निवेश का सर्वोत्तम गंतव्य बनकर देश की अर्थव्यवस्था का अग्रणी और ग्रोथ इंजन बनने वाला नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि दस वर्ष पूर्व भारत की स्थिति क्या थीए सभी जानते हैं। देश में उपद्रव और असंतोष के हालात थे। दुनिया में भारत की इज्जत नहीं थी। लोग संदेह की निगाहों से भारत को देखते थे। भारत के पासपोर्ट की कोई कीमत नहीं थी। भारत की सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं। पूर्व की स्थिति बताने के बाद सीएम योगी ने बीते दस सालों में आए बदलाव का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष के अंदर भारत ने हर एक क्षेत्र में नई प्रगति की है। दुनिया मे नई पहचान बनाई है। नए भारत का दुनिया में गौरव बढ़ा है। दुनिया में भारत के पासपोर्ट की कीमत बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि ऐसा ही नयापन पिछले सात वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश के बारे में भी सबको देखने को मिला होगा। जबकि आज से सात वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के लोग बाहर जाते थे लोग बड़ी संदेह की नजर से देखते थे। कुछ जनपदों के तो नाम पर लोग होटल और धर्मशाला में कमरा भी नहीं देते थे। युवाओं के सामने पहचान का संकट था। उन्होंने पहचान के इस संकट का कारण भी समझाया और कहा कि प्रदेश में दूसरे.तीसरे दिन दंगे होते थे। व्यापार चौपट था। उद्यम बंद हो रहे थे। विकास तार.तार था। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब 2017 में सरकार बनाई तो प्रदेश में वेतन देने के लिए पैसा नहीं था। तीन.चार जिलों को छोड़कर गोरखपुर समेत बाकी जिलों को चार.पांच घण्टे ही बिजली मिलती थी।

इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर कानून व्यवस्था तक की स्थिति थी खराब

सीएम योगी ने कहा कि पहले प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर बहुत कमजोर था। प्रदेश में दो एयरपोर्ट ;लखनऊ और वाराणसीद्ध ही क्रियाशील थे। गोरखपुर में एक ही फ्लाइट थी और वह भी कभी-कभी आती थी। इंटरस्टेट कनेक्टिविटी बहुत खराब थी। सुरक्षा की स्थिति बदहाल थी। बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं, महिलाएं बाजार नहीं जा सकती थीं। जनकल्याण की योजनाओं की हालत खस्ता थी। पर आज सात साल में आए बदलाव का परिणाम यह है कि यूपी का नागरिक देश और दुनिया में कहीं भी जाता हैए अगले व्यक्ति के सामने उत्तर प्रदेश के नाम पर चेहरे पर चमक देखने को मिलती है। यूपी को अब हेय दृष्टि से नहीं बल्कि नई पहचान और सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। डबल इंजन सरकार के प्रयास से उप्र तेजी से आगे बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने बदलाव के आयामों से उत्तर प्रदेश को नयापन देने वाले बिंदुओं को भी सिलसिलेवार गिनाया। बताया कि आज उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को देश में सबसे अच्छा माना जा रहा है। एक्सप्रेसवेज का सबसे अच्छा संजाल आज यूपी में है। एयर कनेक्टिविटी में भी यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज के समय में प्रदेश में चार इंटरनेशनल समेत नौ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। कुछ ही महीनों में दस नए एयरपोर्ट क्रियाशील हो जाएंगे। जेवर में पांच हजार हेक्टेयर भूमि पर एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। यहां फरवरी में ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू हो चुके हैं। इंटरस्टेट रोड कनेक्टिविटी शानदार हुई है। नेपाल, बिहार, झारखंड, हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और दिल्ली तक यूपी की सुदृढ़ कनेक्टिविटी है। एक दौर तक एनसीआर में गुड़गांव का इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा माना जाता था। जबकि आज नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद का इंफ्रास्ट्रक्चर सबसे बेहतरीन माना जाता है। यूपी को नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बनाने में यहां कानून व्यवस्था के क्षेत्र में आई मजबूती का बड़ा योगदान है। विमर्श में इसकी चर्चा भी लाजिमी थी।

सीएम योगी ने इस पहलू को भी तथ्यों के साथ समझाया। बताया कि आज उत्तर प्रदेश एक सुरक्षित प्रदेश की पहचान रखता है। यहां दंगामुक्त और सुरक्षा का बेहतरीन मॉडल दिया गया है। सात वर्षों में यहां कोई भी दंगा नहीं हुआ है। एक दो साल में यहां लोग दंगों का नाम भी भूल जाएंगे। महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश पूरे देश में नम्बर वन है। टेक्नोलॉजी के बेहतर इस्तेमाल से पुलिस अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर किया गया है।

इसी माह धरातल पर उतारेंगे दस लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

सुरक्षा को विकास, निवेश और रोजगार के लिए अनि

गडकरी ने फ्लाईओवरों का किया वर्चुअल उद्घाटन

केंद्रीय गृहराज्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों संग बटन दबाकर किया लोकार्पण

लखीमपुर खीरी। रविवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र श्टेनीश्एपीडब्ल्यूडी मंत्री उप्र जितिन प्रसादए विधायक योगेश वर्माए मंजू त्यागी की उपस्थिति में राष्ट्रीयराजमार्ग.730 पर जिले के छाउछए एलआरपीए राजापुर चौराहा.रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में उप्र के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने भी वर्चुअल प्रतिभाग किया।

इसके उपरांत केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र श्टेनीश् ने विधायक योगेश वर्माए मंजू त्यागीए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनारए जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंहए भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रए बीजेपी जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंहए ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंहए सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजयए जितेंद्र त्रिपाठी जीतूए प्रवक्ता अंबरीश सिंह की मौजूदगी में बटन दबाकर विधिवत लोकार्पण कर जनपदवासियों को समर्पित किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने जनप्रतिनिधियों एवं अफसरो के साथ छाउछ ओवर ब्रिज के शुरुआती छोर पर पहुंचकर फीता काटकर लोकार्पित किया।

कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग.730 पर जिले में छाउछए एलआरपीए राजापुर चौराहा.रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर परियोजनाओं से जिले को होने वाले लाभ बताकर इसे जिले को समर्पित किया। यह केंद्रीय गृह राज्यमंत्रीए सांसद अजय मिश्र टेनी के प्रयासों की तस्वीर है। उन्होंने कहा कि 2024 जब समाप्त होगा तो उत्तर प्रदेश का नेशनल हाईवे का रोड नेटवर्क अमेरिका के बराबर होगा। वर्चुअल संबोधन में पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने छाउछए एलआरपीए राजापुर चौराहा.रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर परियोजनाओं के साकार होने पर जनपद वासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि पूरा पीडब्ल्यूडी महकमा जिले के विकास में कोई कमी नहीं रहने देगा। विकास की गंगा बहाने का सिलसिला जारी रहेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पुल से लखीमपुर.खीरी के निवासियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगीए आवागमन सुगम होगा और जनपद प्रगति पथ पर अविराम गतिमान रहेगा।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि कोई शहरए गांव और देश किस स्तर पर खड़ा है इसकी पहचान सड़के करती हैं। इस परियोजना के साकार होने से राजापुर से लालपुर तक जाने में अब समय की बड़ी बचत हुई है। पहले गांव के रास्ते कीचड़ एवं पानी से भरे रहते थे। 2014 के बाद प्रत्येक सड़क चाहे वह गांव की हो या शहर की स्टेट हाईवे हो एवं राष्ट्रीय हाईवे हो प्रत्येक क्षेत्र में बड़ा काम हुआ है। यात्रा सुगमता के लिए ओवरब्रिज के साथ.साथ अन्य बड़े प्रयास हुए हैंए इससे सामाजिकए आर्थिक गतिविधियां बढ़ी है। केंद्र सरकार जहां एक ओर 60 हजार किमी के नए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कियाए वही उनकी चौड़ाई भी बढ़ाई। आज 13 हजार किमी से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़के प्रतिवर्ष बना रही है। पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 500 से ढाई सौ तक की आबादी के गांवो को पक्की सड़कों से जोड़ा। इस दौरान डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनारए जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंहए पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्राए बीजेपी जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंहए ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंहए सांसद प्रतिनिधि अभियन्ता निर्माण खण्ड.3 अनिल यादव मौजूद रहे।

सीएम लघु सिंचाई योजना से केंद्रीय मंत्री ने किसानों को दिए अनुदानित डीजल पम्पसेट

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत रविवार को केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र श्टेनी ने विधायक योगेश वर्माए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए ब्लाक प्रमुख दिव्या सिंह की उपस्थिति में पूर्व निर्मित ;2015.16 सेद्ध उथले नलकूपों पर अनुदानित डीजल पम्पसेट का वितरण ब्लॉक लखीमपुर में किया। इस दौरान सहायक अभियन्ता ;लघु सिंचाईद्ध रामेश्वर सिंहए बीडीओ ज्ञानेन्द्र सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने विधायक सदर के साथ संसदीय क्षेत्र खीरी के विभिन्न विकासखण्डों के 101 कृषकों को अनुदानित डीजल पम्पसेट का प्रमाण.पत्र एवं अनुदानित डीजल पम्पसेट का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कृषकों की आय दोगुना करने हेतु विभिन्न प्रकार की कृषकों को दी जा रही सहायता से अवगत कराया। उन्होंने कृषकों को अवगत कराया कि उनकी आय दोगुना करने के लिए किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के अतिरिक्त खाद्य.बीज परए किसान सम्मान एवं किसान क्रेडिट कार्ड आदि विभिन्न योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा कृषकों की फसलों में कीटनाशकों से बचाव हेतु ड्रोन के माध्यम से आर्टिफिशियल इन्टेनियस के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव किये जाने की भी व्यवस्था की गयी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि शासन और सरकार किसानो के हित को लेकर पूरी तरह समर्पित है किसान हित ही सर्वोपरि है। जिन किसान भाइयों को अनुदानित डीजल पम्पसेट प्रदान किया गयाए वह बधाई के पात्र हैं। यह डीजल पंप सेट उनकी आय बढ़ाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने अन्य किसानों को भी प्रेरित किया कि वह योजना में आवेदन करके इसका लाभ प्राप्त करें। सहायक अभियन्ता रामेश्वर सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुये विभाग में संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से कृषकों को बताया कि लघु एवं सीमान्त कृषकों को उथले नलकूप गहराई अधिकतम 30 मी0 होती है का लाभ दिया जा रहा है जिसके अन्तर्गत लघु कृषक को अधिकतम रूण् 11000 काए सीमान्त कृषक को अधिकतम रू0 15400 एवं अनुसूचित जाति ध् जनजाति के लघु एवं सीमान्त कृषकों को अधिकतम रूण् 19800 का अनुदान देकर उथले नलकूप का लाभ दिया जाता है। इसी प्रकार मध्यम गहरे नलकूप जिसकी गहराई 30.60 मी तक होती है का लाभ सभी श्रेणी के कृषक प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अन्तर्गत नलकूप पर रूण् 1ण्75 लाख विद्युतीकरण पर रूण् 0ण्68 लाख एवं जल वितरण प्रणाली पर रूण् 0ण्14 लाख का अधिकतम अनुदान अथवा लागत का 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसी योजना के अन्तर्गत गहरे नलकूप योजना के अन्तर्गत 60 मी0 से अधिक गहराई के नलकूप का लाभ सभी श्रेणी के कृषक प्राप्त कर सकते हैं जिसमें नलकूप पर रूण् 2ण्65 लाखए विद्युतीकरण पर रूण् 0ण्68 लाख व जल वितरण प्रणाली पर रूण् 0ण्14 लाख का अधिकतम अनुदान अथवा लागत का 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत ;वर्ष 2015.16 सेद्ध उथले नलकूप के लाभार्थी कृषकों को डीजल पम्पसेट हौज एवं जल वितरण प्रणाली पर अनुदान देय है। इस योजना के अन्तर्गत सामान्य श्रेणी के लघु कृषक को अधिकतम रूण् 18000 सीमान्त कृषक को अधिकतम रू0 25200 एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कृषकों को रूण् 32400 का अनुदान डीजल पम्पसेट पर देय हैए शेष लागत कृषकों द्वारा वहन किया गया। इन सभी योजनाओं का लाभ प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर दिया जाता है जिसमें ऑनलाइन आवेदन पर किया जाता है।

जन सैलाब के साथ भाजपा नेताओं ने दिखाई ताकत

गुरसहायगंज (कन्नौज)। कन्नौज के बोर्डिंग मैदान पर सांसद सुब्रत पाठक के पिता स्व ओमप्रकाश पाठक की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में जनसभा में जन सैलाब के साथ भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीते तिवारी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, व्यापारी नेता सागर अग्रवाल, संजीव गुप्ता उर्फ संजू, धर्मेन्द्र कौशल, मानव गुप्ता नें पहुंचकर ताकत का अहसास कराया। बीतेदिन सांसद सुब्रत पाठक के पिता स्व ओमप्रकाश पाठक की स्मृति में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 351 करोड़ की 59 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव नें अपने बडे भाई पूर्व दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के साथ मुख्यमंत्री को गदा भेंट कर स्वागत किया और आगामी लोकसभा में जीत के लिये हुंकार भरी। इसके मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योग व्यापार के साथ राष्ट्रवादी मिशन के लिए जीवन समर्पित करने वाले स्व. ओम प्रकाश पाठक और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. बनवारी लाल दोहरे को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करनें के उपरान्त वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. बनवारी लाल दोहरे के परिजनों से वार्ता कर हाल लिया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

सूफी संतों की शिक्षाओं से ही विश्वशांति संभव . जमाल सिद्दीकी

संडीला;हरदोई द्ध।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सूफी संत संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सूफी संतो की सर्वधर्म संभाव की शिक्षाओं के प्रति जागरूक किया।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने इस संवाद कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि सूफी संतों ने सदैव प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया है। सूफियों की दरगाहों के दरवाजे सदैव सब के लिए खुले रहे हैं और आज भी सभी धर्मों को समान दृष्टि से देखने और प्रेमपूर्ण व्यवहार करने की शिक्षाएं प्रदान कर रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष बाबा खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सूफी संतों की विचार धारा का सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर ही देश में सूफी संत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंनें विशेष रूप से मुस्लिमों को भाजपा के साथ जोड़ने का आह्वान किया। इस संवाद कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रानू अंसारीए आस्ताना दादा मियां के सज्जादा नशीन सूफी इसहाक अली खांए दरगाह सागर मियां के सज्जादा नशीन मुईज़ उद्दीन सागरीए सूफी इकबालए सूफी शफी अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल से 300 यूनिट फ्री बिजली मिलेगीः राजपूत

फर्रुखाबाद । भाजपा सांसद एवं रेलवे स्थाई संसदीय सलाहकार समिति सदस्य मुकेश राजपूत ने बताया कि केंद्रीय अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सूर्योदय योजना के तहत देश के पात्र एक करोड़ घरों के छत पर आधारित सोलर पैनल के माध्यम से 300 यूनिट फ्री बिजली देने का प्राविधान किया गया, इससे प्रति वर्ष प्रत्येक घर को 12 से 18 करोड़ राशि की बचत होगी।श्री राजपूत संसद में पेश अंतरिम केंद्रीय बजट में भाग लेकर यहां वापस लौटने के बाद आज रविवार को रिमझिम कर हो रही वर्षा के दौरान करीब 2रू00 बजे शहरके आवास विकास स्थित केंद्रीय लोकसभा 40 चुनाव कार्यालय मे आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। संसद सदन में पेश अंतिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि रेल की 40000 सामान्य खराब बोगियां को यात्री ट्रेनों को सुरक्षित एव भीड़भाड़ कम करन के लिए वंदे भारत रेल गाड़ी के मानकों के अनुरूप परिवर्तित किया जायेगा। इसके अलावा बजट मेंष् नमो इंडियाष् के तत्वावधान में शहरी परिवर्तन के प्रमुख इंजन के रूप में मेट्रो रेल की कल्पना की गई है। जबकि लॉजिस्टिक्स दक्षता सुधार और लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करने के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति के अंतर्गत तीन प्रमुख रेलवे कॉरिडोर भी प्रस्तावित किए गए हैं।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के लिए वर्ष 2014 की तुलना में दुगनी वृद्धि बड़े पैमाने पर हवाई अड्डों की संख्या में हुई जो अव 149 तक पहुंच गई। इसी क्रम में फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद में स्थित हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में परिवर्तित किए जाने तथा यहां से लोकल फ्लाइट उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई है।श्री राजपूत ने कहा कि हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अंतिम बजट में 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को ध्यान में रखकर बजट पेश किया। इस बजट में सरकार ने प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखा है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है,। इस बजट के माध्यम से सरकार 2024 और 2025 में 47 लाख 65 हजार768 करोड खर्च करेगी, जवकि सरकार ने कर दरो में कोई परिवर्तन नहीं किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आगामी 5 वर्षों में 2 करोड़ पात्रों के अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे।एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सपा ने हमेशा श्रीराम एव राम मंदिर निर्माण का विरोध का किया है बह तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है देश की जनता को सब कुछ दिखाई दे रहा है, आगामी लोकसभा चुनाव में जनता उनको करारा जवाब देगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, लोकसभा संयोजक दिनेश कटियार, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला महामंत्री डीएस राठौर, मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

डीएम ने किया आयुष्मान भवः मेला का किया औचक निरीक्षण

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहम्मदाबाद पर आहूत आयुष्मान भवः मेला का औचक निरीक्षण किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये गये कि अस्पताल परिसर में और अच्छे ढंग से साफ-सफाई नियमित रूप से करायें। आकस्मिक वार्ड कक्ष में कुछ जगह छत पर जाले लगे पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये यह निर्देश दिये गये कि कहीं पर भी जाले न लगे रहें और सीलिंग पंखों पर कहीं पर भी धूल अथवा गन्दगी न रहे। नियमित रूप से साफ-सफाई करायें। जिन स्थानों पर छत से सीलन आ रही है, उसका तत्काल ट्रीटमेन्ट करायें। निरीक्षण के समय तक 69 लोगों का पंजीकरण स्वास्थ्य परीक्षण हेतु किया गया था। सभी को आवश्यक औषधियां निःशुल्क दी गयीं थीं। स्थानीय लोगों ने यहां की स्वास्थ्य सेवाओं पर सन्तोष व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर भी उपस्थित रहे थे।

मुस्लिम महासंघ ने की सलमान खुर्शीद को गठबंधन का प्रत्याशी बनाने की मांग

फर्रुखाबाद । सिविल लाइन्स निवासी बाबर खा के आवास पर मुस्लिम महासंघ की बैठक हाफिज अब्दुल साहब की अध्यक्षता में हुई,संचालन रिजवान अहमद ताज ने किया।जिसमे वक्ताओं ने कहा कि स बीवीपा कांग्रेस आलाकमान को गठबंधन की स्थति अतिशीघ्र साफ करना चाहिए।सभी एक राय से मांग की कि इंडिया गठबंधन की ओर से सलमान को प्रत्याशी घोषित किया जाए।तारिक बशीर अहमद ने सपा मुखिया से अपने फैसले पर पुनर विचार की मांग की।विसिमजमा खा ने सलमान खुर्शीद को गठबंधन प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की।बाबर ने कहा कि सलमान साहब फर्रुखाबाद का गौरव है,उन्हें ही गठबंधन का प्रत्याशी बनाया जाए।मोहम्मद खालिद ने कहा सलमान साहब व नबलकिशोर दोनो को एक साथ बैठाकर गठबंधन प्रत्याशी तय होना चाहिए।बैठक में मनोज कुमार मंजुल,हाफिज साहिल,हाफिज शाने आलम,मौलाना शकील,सचेंद्र शाक्य,सचिन जाटव,महेश जाटव,मिर्जा नसीर,मनोज लोधी,रेहान अहमद,सैय्यद मेराज अली,शकीकुल अंसारी आदि मौजूद रहे।

कायस्थ समाज की एकताए विकास व भगवान चित्रगुप्त की महिमा का प्रसार है सर्वोच्च प्राथमिकता

लखीमपुर खीरी। श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा लखीमपुर खीरी के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ0 ओ0पी0 श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह कायस्थ समाज के लिए हमेशा की तरह ततपर रहेंगे। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। हमेशा इस समाज ने समाज की अगुवाई कर सामाजिकए राष्ट्र उत्थान में अपना अहम योगदान दिया है। प्रशासनिक व लेखन क्षेत्र में इन कलम के पुजारियों ने दिशा देकर दशा बदलने का काम किया है। मौजूदा समय मे हालात किसी से छिपे नही हैं। उन्होंने कायस्थ एकता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी। अध्यक्ष डॉ0 श्रीवास्तव ने अपनी आगामी रणनीति के विषय मे बताते हुए कहा कि कायस्थ समाज का सर्वांगीण विकासए भगवान चित्रगुप्त की महिमा का प्रसार एवं कायस्थ एकता के प्रयास उनकी सर्वोत्तम प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कायस्थ प्रतिभाओं के विकास के लिए संस्था पुरजोर प्रयास करेगी। दायित्व ग्रहण के बाद पत्रकारों से मुखातिब हुए नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ0 श्रीवास्तव ने उपरोक्त बातें कहीं।

सदर विधायक ने मनु लॉ कालेज में छात्रों को वितरित किए स्मार्ट फोन

लखीमपुर खीरी।जनपद के सीतापुर रोड पर स्थित मनु लॉ कॉलेज में छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया।स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे।स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सभी को स्मार्टफोन वितरित किए।मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही हैं और भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के योजनाओं को सभी तक पहुंचा रही हैं।स्कूलों के छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए स्मार्ट फोन की योजना शासन की प्रथमिकताओं में है और छात्र छात्राओं को आगे बढ़ाने एवं पढ़ाई करने में मदद मिलेगी।विकास की विभिन्न योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है।इसी क्रम में विधायक योगेश वर्मा ने छात्रों को स्मार्ट फोन का वितरित किए।कॉलेज की प्रबंधक व नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ बिना भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है इसका हम सभी लोग स्वागत करते हैं।मनु लॉ कालेज में स्मार्ट फोन के कुल 124 फोन वितरित किए गए जिसमें एलएलबी में 106 और बीए के 18 छात्र छात्राएं शामिल है।स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के समय कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

गबन में जेई गिरफ्तार पंचायत सचिव भी दोषी

फर्रुखाबाद। थाना शमशाबाद पुलिस ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के धन का गवन करने वाले जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। जनपद एटा के थाना मारहरा के ग्राम सिरसा बदन निवासी अशोक कुमार राजपूत पुत्र महेंद्र पाल लघु सिंचाई विभाग फतेहगढ़ में अवर अभियंता के पद पर तैनात थे। वह थाना मऊ दरवाजा के मोहल्ला अमीन खां में रहते हैं। पुलिस ने गिरफ्तार जी राजपूत को पुलिस लाइन में मीडिया के सामने पेश किया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मीडिया को बताया कि 5 जनवरी 23 को प्रधानों ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत बेहटा बल्लू कासिमपुर तराई, समेचीपुर चितार एवं गुटेटी दक्षिण में विकास कार्य हेतु आए 1627 343 रुपयों का गबन ग्राम विकास अधिकारी कपिल देव त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

ब्लाक शमशाबाद के एडीओ पंचायत आफाक हुसैन ने थाना शमशाबाद में ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारी कपिल देव त्रिपाठी के विरुद्ध विकास कार्य हेतु आए 1627 343 रूपयों के गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मुकदमे की जांच में जेई अशोक कुमार राजपूत को गबन का दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त ने पूछने पर पुलिस को बताया कि मैं वर्तमान समय मे लघु सिचाई विभाग फतेहगढ मे सहायक अभियन्ता कार्यालय मे अवर अभियन्ता के पद पर कार्यरत हूँ।

उच्चाधिकारियों के आदेश के पर ग्राम पंचायत बेहटा बल्लू के नगला मलू मे जूनियर हाईस्कूल स्कूल व पंचायतघर तथा ग्राम पंचायत गुटैटी दक्षिण मे स्थित पंचायतघर मे बिजली पानी फिटिंग व ग्राम पंचायत समैचीपुर चितार मे स्थित पंचायतघर मे बिजली पानी फिटिंग एवं ग्राम पंचायत कासिमपुर तराई के मजरा साधौ सराय स्थित पंचायत घर मे बिजली पानी फिटिंग एवं रंगाई पुताई कराने हेतु प्रस्ताव स्टेटमेन्ट तैयार करने हेतु नामित किया गया था।

स्थलीय मुआयना करने के उपरान्त मेरे द्वारा ग्राम पंचायतवार कार्यों के नाम व बजट की रूपरेखा तैयार कर सम्बन्धित को उपलब्ध करायी गयी थी। के आधार पर उपरोक्त ग्राम पंचायतो के सचिव व ग्राम विकास अधिकारी कपिल देव त्रिपाठी द्वारा अपने स्तर से काम कराया गया था। कराये गये कार्य की मैनेजमेन्ट बुक (डठ) मेरे द्वारा तैयार की गयी थी। थानाध्यक्ष बलराज भाटी एवं विवेचना अधिकारी फैजबाग चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह पटेल की टीम ने जेई को गिरफ्तार किया है। जेई को अदालत में पेश किया गया अदालत ने जेई को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।बताया गया कि शातिर ग्राम विकास अधिकारी कपिल देव त्रिपाठी ने हाई कोर्ट से गिरफ्तारी का स्टे ले रखा है। उसे भी किसी दिन जेल जाना होगा।

भाजपा केरल की द्विध्रुवीय राजनीति को खत्म करेगी: प्रकाश जावड़ेकर

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने दावा किया है कि उनकी पार्टी 2019 के चुनावों के विपरीत आगामी लोकसभा चुनावों में कम से कम पांच सीटें जीतकर केरल की द्विध्रुवीय राजनीति को समाप्त कर देगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य के लोगों को एहसास हो गया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। केरल के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी जावड़ेकर ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, अगर 2019 में आप हिंदू, ईसाई, मुस्लिम..किसी भी केरलवासी से पूछते, तो उन्होंने आपको बताया होगा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। उनका अपना विमर्श और विश्वास था। अब केरल में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, किसी से भी पूछेंअ वह आपको बताएगा कि प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार वापस आ रहे हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ईसाइयों तक उनकी पार्टी की ठोस पहुंच के परिणामस्वरूप उनका एक बड़ा वर्ग अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों में इसके लिए मतदान करेगा। यह पूछे जाने पर कि 2019 से भाजपा के लिए चीजें कैसे अलग हैं, जब उसके गठबंधन को लगभग 15 प्रतिशत वोट मिले और कोई सीट नहीं मिली, जावड़ेकर ने कहा कि हर किसी को अब एहसास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता बरकरार रखेंगे और उनकी सरकार का काम राज्य में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि लोग यह भी जानते हैं कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। जावड़ेकर ने कहा कि मतदाताओं को एहसास है कि उन्होंने 2019 में कांग्रेस को वोट दिया था, लेकिन देश भर में हर जगह पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने 2019 में केरल की 20 लोकसभा सीटों में से 19 सीटों पर जीत हासिल की थी। वायनाड से चुनाव लड़ने के गांधी के फैसले से गठबंधन को केरल में फायदा हुआ था। हालांकि, गांधी उत्तर प्रदेश में अमेठी से हार गए थे। भाजपा नेता ने कहा कि यूडीएफ और राज्य में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के आसपास केंद्रित यह द्विध्रुवीय राजनीति इस बार खत्म हो जाएगी और भाजपा इस बार कम से कम पांच सीटें जीतेगी। जावड़ेकर 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण के माध्यम से लोगों से जुड़ने की भाजपा की कवायद की निगरानी के लिए वायनाड में थे। गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस ने इस कार्यक्रम के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, वहीं वायनाड जिले में 140 से अधिक स्थानों पर हजारों मतदाताओं ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा।

ईसाइयों के बीच पैठ बनाने के भाजपा के प्रयास के बारे में उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस के दौरान पांच लाख से अधिक ईसाइयों के घरों में जाकर उन्हें बधाई दी और उन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। जावड़ेकर ने आरोप लगाया कि मणिपुर में मेइती-कुकी हिंसा को लेकर समुदाय में भाजपा को बदनाम करने की कोशिश की गई। मेइती मुख्यत: हिंदू हैं, जबकि अधिकतर कुकी ईसाई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा समुदाय को यह समझाने में सफल रही है कि हिंसा का धर्म से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि यह दोनों समुदायों के बीच पुरानी जातीय प्रतिद्वंद्विता का नतीजा है। भाजपा नेता ने कहा कि सरकार द्वारा प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ केंद्र की कार्रवाई की केरल के लोगों ने भी सराहना की है।

शशि थरूर ने विपक्षी दलों के नेताओं पर जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाया

जयपुर(भाषा)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी दलों के नेताओं को निशाना बनाए जाने पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या इस देश में कोई और अपराधी नहीं है और क्या सारे अपराधी केवल विपक्ष में हैं। थरूर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), आयकर विभाग और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) को अपना काम करने दें। लेकिन उनके निशाने पर विपक्ष (विपक्षी दल) ही क्यों है? यह कैसे संभव है कि देश में और कहीं अपराधी नहीं हैं, बल्कि केवल विपक्ष में ही हैं। अब तक किसी ने भी इन प्रश्नों का संतोषजनक जवाब नहीं दिया है। थरूर का यह बयान केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा हाल में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत विपक्ष के अन्य नेताओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के बीच आया है।

थरूर ने कहा, जब वैसे नेता, जिनके खिलाफ आरोप हैं और उनके खिलाफ जांच चल रही होती है लेकिन जब वे भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो फिर कोई इस बारे में नहीं सुनता है...इस तरह के कई मामले बंद भी कर दिए जाते हैं। इससे पहले, थरूर ने यहां जयपुर साहित्य महोत्सव के एक सत्र में भाग लेते हुए लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्षरण पर चिंता जताते हुए कहा था कि बहुमत की आड़ में देश चुनावी लोकतंत्र के बजाय चुनावी तानाशाही में तब्दील हो रहा है। थरूर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय राजनीतिक परिदृश्य व्यक्ति केंद्रित हो गया है और पिछले 10 वर्षों से देश ने केवल मैं और सिर्फ मैं ही सुना है। उन्होंने कहा कि लेकिन अब देश को एक ऐसे वैकल्पिक नेतृत्व की जरूरत है, जो जनता-जनार्दन की बात सुने, उसकी जरूरतों को समझे और उसकी समस्याओं का समधान निकाले।

पूर्व नौकरशाह, लेखक और कांग्रेस पार्टी के नेता शशि थरूर ने यहां 17वें जयपुर साहित्य महोत्सव में यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क में ग्लोबल डेवलपमेंट पॉलिटिक्स के वरिष्ठ प्रोफेसर इंद्रजीत रॉय की पुस्तक पर आधारित सत्र ऑडेसियस होप : हाउ टू सेव ए डेमोक्रेसी पर एक चर्चा में भाग लेते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता और उनके मूल ढांचे को ध्वस्त करने का भी आरोप लगाया।आगामी आम चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व का भारतीय जनता पार्टी को फायदा मिलने और इसके विपक्ष के लिए नुकसानदेह होने की आशंका पर तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के सांसद थरूर ने कहा, हमारे यहां संसदीय प्रणाली है, जिसे राष्ट्रपति द्वारा संचालित किया जाता है और हमें इस बारे में 2014 के मैं नहीं, हम नारे को याद रखना चाहिए।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सीमाओं को बाधा नहीं मानना चाहिए : शाह

राष्ट्रमंडल कानूनी शिक्षा संघ - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

नई दिल्ली(भाषा)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं, इसलिए विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किसी भी सीमा को बाधा न मानकर आपराधिक मामलों को सुलझाने के लिए इन सीमाओं को अहम बिंदु के रूप में देखना चाहिए। शाह ने यहां राष्ट्रमंडल कानूनी शिक्षा संघ (सीएलईए)- राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी) को संबोधित करते हुए कहा कि जब हाल ही में बनाए गए तीन आपराधिक न्याय कानून लागू हो जाएंगे, तो प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर ही लोगों को उच्च न्यायालय के स्तर तक न्याय मिल सकता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब वाणिज्य और अपराध के मामलों में भौगोलिक सीमाओं का कोई मतलब नहीं रह गया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि न्याय मिलने की प्रक्रिया के लिए सीमा पार चुनौतियां मौजूद हैं, लेकिन वाणिज्य, संचार, व्यापार तथा अपराध के लिए कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा, अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं। इसलिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भौगोलिक सीमाओं को बाधा नहीं मानना चाहिए। भविष्य में आपराधिक मामलों के समाधान के लिए भौगोलिक सीमाएं एक अहम बिंदु होनी चाहिए। शाह ने कहा कि सरकारों को इस दिशा में काम करने की जरूरत है, क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के छोटे मामलों से लेकर वैश्विक संगठित अपराध तक, स्थानीय विवाद से लेकर सीमा पार विवाद तक, स्थानीय अपराध से लेकर आतंकवाद तक, सभी में कुछ न कुछ संबंध हैं। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि तीन नए कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के बाद भारत में दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी।

अयोध्या के एक और श्री राम वर्ष 1900 से कर रहे हैं गरीबों की सेवा

भाषा। अयोध्या

सदियों से अयोध्या के लोग भगवान राम से अपनी भलाई के लिए प्रार्थना करते रहे हैं, लेकिन शहर में एक और श्री राम भी हैं जो 120 से अधिक वर्षों से गरीबों और बीमारों को राहत और सहायता प्रदान करते आ रहे हैं और उनके जख्मों का उपचार करते हैं। ऐतिहासिक विरासत को समेटे श्री राम अस्पताल का भवन शहर के केंद्र में राम पथ से जुड़े व नवनिर्मित भव्य राम मंदिर से एक किलोमीटर से भी कम की दूरी पर स्थित है।

इमारत के मुख्य ब्लॉक में एक दीवार पर लगी पुरानी संगमरमर की पट्टिका पर एक शिलालेख है, जिस पर लिखा है - माननीय राय श्री राम बहादुर द्वारा अयोध्या के गरीबों के लिए निर्मित यह अस्पताल पांच नवंबर 1900 को शुरू किया गया था तब इसकी आधारशिला फैजाबाद मंडल के आयुक्त आईसीएस श्री जे हूपर द्वारा रखी गई थी। शिलालेख में लिखा है कि इसे 12 अप्रैल 1902 को आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत के लेफ्टिनेंट गवर्नर एचएच सर जेम्स डिग्स लाटूश, केसीएसआई ने सार्वजनिक उपयोग के लिए खोला था। एक अन्य पट्टिका पर हिंदी और उर्दू में वही शिलालेख अंकित है।

अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी यश प्रकाश सिंह ने यहां पीटीआई-भाषा को बताया, यह अस्पताल क्योंकि अयोध्या में और राम जन्मभूमि स्थल के निकट स्थित है इसलिए बहुत बड़ी संख्या में लोग सोचते हैं कि इसका नाम प्रभु श्री राम के नाम पर रखा गया है। इसके संस्थापक श्री राम एक परोपकारी व्यक्ति थे, जिन्होंने इस अस्पताल की स्थापना की थी। अस्पताल में अयोध्या और फैजाबाद के साथ-साथ गोंडा और बस्ती जिलों से भी मरीज आते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन है और इलाज मुफ्त है। कई लोग यह भी सोचते हैं कि यह एक निजी अस्पताल है। अस्पताल को अब आधिकारिक तौर पर राजकीय श्री राम अस्पताल कहा जाता है। अपनी स्थापना के बाद से अस्पताल ने गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा की है और राम मंदिर के निर्माण के साथ बदली अयोध्या की रंगत के बाद यह भी नए जोश के साथ चिकित्सा सेवा के जरूरतमंद श्रद्धालुओं की सेवा कर रहा है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को हुआ और आम जनता के लिए इसके कपाट 23 जनवरी को खोल दिए गए। तब से अब तक लाखों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। सिंह ने कहा, उद्घाटन के पहले दिन एक भक्त जो बेहोश हो गया था। उसे एम्बुलेंस में हमारे अस्पताल में लाया गया और उसे चिकित्सा सहायता दी गई, अन्य श्रद्धालु जिन्हें सांस लेने में समस्या की शिकायत थी, या जो भीड़ में घायल हो गए थे, उनकी भी देखभाल की गई। अस्पताल राम मंदिर परिसर की ओर जाने वाले मुख्य सजावटी प्रवेश द्वार से पैदल दूरी पर स्थित है। 120 बिस्तरों वाले श्री राम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, पहले अस्पताल की पुरानी इमारत का रंग गुलाबी था। लेकिन राम पथ के किनारे की इमारतों के समान स्वरूप के अनुरूप इसका रंग हाल में बदलकर पीला कर दिया गया।

अयोध्या में राम मंदिर, मस्जिद से धर्मनिरपेक्षता मजबूत होने के बयान को लेकर आईयूएमएल नेता की आलोचना

मलप्पुरम(भाषा)। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की केरल इकाई के अध्यक्ष पी. सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल राम मंदिर के बारे में अपने बयान को लेकर रविवार को विवादों में घिर गए। थंगल ने हाल में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है और नया मंदिर तथा प्रस्तावित मस्जिद, दोनों ही देश में धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करेंगे। आईयूएमएल केरल में विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) का एक प्रमुख सहयोगी और मुस्लिम समुदाय के बीच अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाला राजनीतिक दल है। थंगल ने यह बयान 24 जनवरी को यहां पास में मंजेरी में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था, जिसका एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के गठबंधन सहयोगी इंडियन नेशनल लीग (आईएनएल) ने आईयूएमएल नेता पर निशाना साधा है, वहीं कांग्रेस और आईयूएमएल ने थंगल का बचाव करते हुए कहा कि वह नफरत और समाज को बांटने के प्रयासों से संबंधित अभियान को रोकने की कोशिश कर रहे थे। मंजेरी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, थंगल ने कहा था कि राम मंदिर एक वास्तविकता है और देश की बहुसंख्यक आबादी उसमें श्रद्धा रखती है। थंगल ने वीडियो में कहा, हमें इसका विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है। मंदिर, अदालत के आदेश के आधार पर बना और बाबरी मस्जिद का निर्माण होने वाला है।

भड़काऊ भाषण मामले में गुजरात पुलिस ने मुंबई में इस्लामी उपदेशक को हिरासत में लिया

मुंबई (भाषा)। भड़काऊ भाषण के एक मामले की जांच कर रही गुजरात पुलिस ने रविवार को इस सिलसिले में मुंबई से इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुफ्ती सलमान फिलहाल घाटकोपर पुलिस थाने में है। अधिकारी ने कहा कि मुफ्ती के सैकड़ों समर्थक उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते हुए पुलिस थाने के बाहर जमा हो गए, इससे इलाके में यातायात जाम हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के जूनागढ़ की पुलिस ने उपदेशक द्वारा कथित तौर पर दिया गया एक भड़काऊ भाषण सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इस सिलसिले में दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि यह भाषण 31 जनवरी की रात को यहां बी डिवीजन पुलिस थाने के पास एक खुले मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया था। भड़काऊ भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अजहरी और स्थानीय आयोजकों मोहम्मद यूसुफ मलिक और अजीम हबीब ओडेदरा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

कठिन चुनौतियों से निपटने की युवा पीढ़ी की क्षमता से विस्मित हूं: प्रधान न्यायाधीश

भाषा। वडोदरा

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि वह मौके के अनुरूप युवा पीढ़ी की आगे बढ़ने और वर्तमान समय की कठिन चुनौतियों से निपटने की क्षमता से विस्मित हैं। उन्होंने युवाओं को असफलताओं से सीखने की भी सलाह दी। प्रधान न्यायाधीश ने युवाओं से अयथार्थवादी उम्मीदों से प्रभावित न होने की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि जीवन एक मैराथन है न कि 100 मीटर की दौड़।

महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा के 72वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में स्नातक छात्रों को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय ने 346 स्वर्ण पदकों में से 336 महिलाओं को प्रदान किए, जो वास्तव में हमारे राष्ट्र में बदलते समय का संकेत है। मौजूदा दौर को हमारे इतिहास का अनोखा समय बताते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि प्रौद्योगिकी की वजह से लोग पहले से कहीं अधिक जुड़े हुए हैं, लेकिन इससे उनके सामने भय और चिंताएं भी पैदा हुई हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम हर दिन नए और अनूठे व्यवसायों को उभरते हुए देखते हैं, लोग अपनी खुद की पेशेवर यात्रा तय करते हैं जो पारंपरिक मानदंडों का अनुपालन नहीं करता है। स्नातक होने का यह एक रोमांचक समय है। लेकिन मैं जानता हूं कि ए परिस्थितियां कुछ अनिश्चितताओं और भ्रम को भी जन्म देती हैं। उन्होंने छात्रों से कहा, आप भाग्यशाली हैं कि ऐसे समय में जी रहे हैं जब आप पहले से कहीं अधिक विचारों के संपर्क में हैं। आप एक अनोखी पीढ़ी हैं जो पहले की पीढ़ियों की तुलना में हमारे समय की चुनौतियों के बारे में ज्यादा जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि वह मौके के हिसाब से युवा पीढ़ी की आगे बढ़ने और हमारे समय की भारी चुनौतियों का सामना करने की क्षमता से अचंभित हैं और उनसे आग्रह किया कि वे आगे बढें, अयथार्थवादी उम्मीदों से प्रभावित न हों और अपनी नाकामी से सीखें।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमारी औपचारिक शिक्षा यह नहीं बताती है कि विफलता हमारे विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। हमारी शिक्षा प्रणाली हमारे लिए असफलता से घृणा करने और उसका भय पैदा करने के लिए बनाई गई है। हालांकि, जीवन का मतलब असफलताओं से मुक्त होना नहीं है। उन्होंने कहा कि जीवन में असफलताएं आत्मनिरीक्षण करने और एक बेहतर इंसान के रूप में उभरने के लिए बनाई गई हैं।

भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि विद्वान व्यक्ति वह है जो अपने वर्ग के प्रति जागरूक है और केवल अपने वर्ग के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेता है, लेकिन बुद्धिजीवी एक मुक्त प्राणी है जो वर्ग विचार से प्रभावित हुए बिना कार्य करने के लिए स्वतंत्र होता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, आप केवल विद्वान व्यक्ति बने रहने का विकल्प चुन सकते हैं। लेकिन अपने साथियों के प्रति आपकी सहानुभूति, दुनिया को पहले से कहीं बेहतर बनाने का आपका उत्साह और अपनी शिक्षा का इस्तेमाल, इन भावनाओं को व्यक्त करने की आपकी क्षमताएं आपको निश्चित रूप से एक बुद्धिजीवी बनाएंगी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पूर्ववर्ती बड़ौदा राज्य के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय के शासन के बारे में कहा कि उन्हें शिक्षा और जन कल्याण में योगदान देने के लिए जाना जाता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि गायकवाड़ के शासनकाल के दौरान डॉ. आंबेडकर को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए छात्रवृत्ति दी गई थी। उन्होंने कहा कि इससे आंबेडकर को उच्च अध्ययन के लिए अमेरिका जाने में मदद मिली, जिससे उन्हें स्वतंत्रता और मुक्ति के समतावादी विचार का पता चला।

पेज एक का शेष

पूर्वोत्तर की..

किया कि पिछले 10 वर्षों में क्षेत्र में विकासात्मक गतिविधियों पर खर्च चार गुना बढ़ा दिया गया है। मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, जो राज्य से राज्यसभा सदस्य थे, का नाम लिए बिना कहा, यह पहले तब भी नहीं किया गया था जब प्रधानमंत्री असम से चुने गए थे।

विधायक खरीद...

की जांच में तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा था। सूत्रों ने बताया कि जब नोटिस दिया गया, तो आतिशी अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं। इससे पहले भी आज पुलिस अधिकारी मंत्री के आवास पर पहुंचे थे, लेकिन तब भी वह मौजूद नहीं थीं। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, टीम नोटिस देने दोबारा गई। टीम पहले सुबह उनके आवास पर गई थी, तब वह अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं। आप में सूत्रों ने बताया कि आतिशी ने अपने कार्यालय के कर्मचारियों को नोटिस लेने का निर्देश दिया। नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए आप नेता जैस्मीन शाह ने कहा कि नोटिस में किसी समन या प्राथमिकी या भारतीय दंड संहिता या दंड प्रक्रिया संहिता की किसी धारा का जिक्र नहीं है। यह केवल सफेद कागज पर लिखा एक पत्र है। उन्होंने कहा, अपराध शाखा के अधिकारी मंत्री आतिशी को नोटिस देने आज भी उनके आवास पर पहुंचे। वे केवल उन्हें ही निजी तौर पर नोटिस देना चाहते थे, न कि उनके कर्मचारियों को। क्या दिल्ली के मंत्रियों को हर दस्तावेज निजी रूप से लेने के लिए हमेशा अपने घर पर रहना चाहिए। शाह ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी को नोटिस देने से पहले पांच घंटे तक इंतजार किया था। केजरीवाल और आतिशी ने 27 जनवरी को दावा किया था कि भाजपा, आप सरकार को गिराने के लिए उनके विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए और अगले साल के विधानसभा चुनाव में टिकट की पेशकश कर उन्हें खरीदने का प्रयास कर रही है। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें झूठा और निराधार बताया था और मुख्यमंत्री को उनके दावों के समर्थन में सबूत पेश करने की चुनौती दी थी। पुलिस ने केजरीवाल और आतिशी से आप के उन विधायकों के नामों का खुलासा करने को कहा है, जिन्होंने भाजपा के उनसे संपर्क करने का दावा किया था। नोटिस के अनुसार, अपराध शाखा ने केजरीवाल और आतिशी से पांच फरवरी तक नोटिस पर जवाब देने के लिए कहा है। नोटिस में कहा गया है, आपके इन आरोपों के संबंध में मिली एक शिकायत पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा जांच कर रही है कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी छोड़ने और उसकी पार्टी में शामिल होने के लिए आप के मौजूदा विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए देने की पेशकश की है। आपने 27 जनवरी को एक्स पर आरोप लगाए थे। नोटिस के अनुसार, इन ट्वीट को पढ़ने से यह पता चलता है कि आपके पास एक संज्ञेय अपराध के संबंध में कुछ सूचना है। इसलिए आपसे पांच फरवरी तक संलग्न प्रश्नावली का जवाब देने का अनुरोध किया जाता है। इसमें कहा गया है, अगर आप कोई भी अतिरिक्तापूरक जानकारी साझा करना चाहते हैं, या जिसे आप जांच के लिए सहायक मानते हैं तो वह या तो लिखित रूप से प्रस्तुत की जा सकती है या ऊपर लिखी तारीख या स्थान पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा दर्ज कराई जा सकती है।

आईएसआई....

प्रतिष्ठानों की सामरिक गतिविधियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाओं को आईएसआई के हैंडलर्स को धन के लालच में उपलब्ध करवा रहा है। सतेन्द्र सिवाल को एटीएस फील्ड यूनिट मेरठ पर बुलाकर नियमानुसार पूछताछ की गयी और उसके द्वारा भेजी गयी सूचनाओं के संबंध मे जानकारी की गयी तो सतेन्द्र संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। गहनता से हुई पूछताछ में सतेन्द्र ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। सतेन्द्र वर्ष 2021 से मास्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में आईबी इंडिया बेस्ड सिक्योरिटी अस्सिटेंट के पद पर कार्यरत है। उपरोक्त के संबंध में थाना एटीएसए लखनऊ पर अंतर्गत धारा 121ए भादवि तथा शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त सतेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र व 600 रुपए नकद बरामद हुए।

दक्षिण के..

नायर ने स्वयं पुस्तक का पहला अध्याय लिखा है जिसमें बताया गया है कि कैसे समुदाय के नेता मन्नम ने समुदाय की सेवा को राष्ट्रीय और राजनीतिक सेवाओं के साथ एकीकृत किया। 1959 के मुक्ति संग्राम में उनके द्वारा दिए गए नेतृत्व के लिए सम्मान में उन्हें केरल के शेर के रूप में संबोधित किया गया था। ईएमएस नंबूदरीप्पाडु के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट सरकार ने नागरिक अधिकारों और लोकतंत्र को ध्वस्त कर दिया था और केरल की मूल संस्कृति को हवा में उड़ा दिया था। यह मन्नाथु पद्मनाभन के नेतृत्व में मुक्ति संघर्ष था जिसने केरल को एक बड़ी आपदा से बचाया। नायर ने कहा, जिनका लेख कर्मयोगी काम का स्वर निर्धारित करता है। मन्नम द्वारा निर्धारित एजेंडे के अनुरूप, एनएसएस ने सभी राजनीतिक दलों से समान दूरी की नीति बनाए रखी है। लेकिन सदस्य अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी के लिए इस शर्त पर काम करने के लिए स्वतंत्र हैं कि वे पार्टी की विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए मंच का दुरुपयोग नहीं करेंगे।

अभी और...

जिससे कई उड़ानों में देरी हुई। सफदरजंग में सुबह 8.30 बजे दृश्यता 500 मीटर देखी गई। विलंबित उड़ानों में, उनमें से एक बड़ी संख्या रियाद, अबू धाबी, वियाना, टोरंटो, बैंकॉक और दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरने वाली थी। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 20.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम, लोधी रोड, रिज, आयानगर, जाफरपुर, नरेला, पीतमपुरा और एसपीएस मयूर विहार में अधिकतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस, 19.4 डिग्री सेल्सियस, 19.9 डिग्री सेल्सियस, 19.2 डिग्री सेल्सियस, 20.8 डिग्री सेल्सियस, 20.4 डिग्री सेल्सियस और 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के वैज्ञानिक नरेश का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण हाल ही में उत्तर भारत में बारिश का मौसम आने के बाद, पहाड़ी इलाकों में इस सप्ताह के अंत में एक और विक्षोभ के कारण मौसम प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा, कल से एक और पश्चिमी विक्षोभ का असर शुरू हो जाएगा, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी और बारिश होगी। 75 से 100 फीसदी स्टेशनों के बीच बारिश और बर्फबारी की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि 4 फरवरी को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी की उम्मीद है, जबकि पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश में हल्की ओलावृष्टि हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में 4 फरवरी को बर्फबारी होने की उम्मीद है, जबकि पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश में हल्की ओलावृष्टि संभव है। हवा के पैटर्न में बदलाव के कारण। इससे तापमान में वृद्धि की प्रवृत्ति होती है। इसलिए हमें उम्मीद नहीं है कि उत्तर-पश्चिम भारत और मध्य भारत में तापमान में गिरावट होगी। नरेश ने कहा, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली एनसीआर में अलग-अलग इलाकों में सुबह के दौरान तापमान में वृद्धि होने के साथ ही सुबह में घना कोहरा छा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण आने वाले दिनों में उत्तर भारत में शीत लहर की स्थिति नहीं बनेगी। उन्होंने कहा, कोई ठंडा दिन नहीं होगा, क्योंकि अगले कुछ दिनों में तापमान में गिरावट नहीं होगी। इसलिए हमें अगले कुछ दिनों में ठंडे दिन की उम्मीद नहीं है। हम अगले 5-7 दिनों में शीत लहर की भी उम्मीद नहीं कर रहे हैं।

बच्चे ने...

पेश करने और उसकी मानसिक स्थिति की जांच करने की मांग की गई है। मालमू हो कि उसी सोसायटी में, कुछ दिन पहले, एक व्यक्ति ने जानबूझकर एक पिल्ले को अपने वाहन से कुचल दिया था। एक और पिल्ला संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया था। संभवत: उसे जहर दिया गया था। जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पिल्लों के खिलाफ इस तरह की क्रूर कार्रवाई का कारण है समाज के व्हाट्सएप ग्रुप पर नफरत फैलाई जाना। पीएफए स्वयंसेवक सुरभि रावत ने कहा, आजकल बच्चों के पास फोन हैं और वे आसानी से वयस्कों से प्रभावित हो जाते हैं जो भय फैलाने में लगे रहते हैं।

भाजपा विधायक गायकवाड के खिलाफ एससी-एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज

मुंबई। भाजपा विधायक एवं ठाणे जिले स्थित एक पुलिस थाने में शिवसेना के एक नेता को गोली मारने के आरोपी गणपत गायकवाड पर एक ग्रामीण की शिकायत पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दी। अधिकारी ने बताया कि गायकवाड के खिलाफ मामला एक ग्रामीण की शिकायत पर दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे 31 जनवरी को गणपत गायकवाड और सात अन्य लोगों द्वारा जाति-आधारित दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। गणपत गायकवाड पर आरोप है कि उन्होंने शुक्रवार देर रात ठाणे जिले के उल्हासनगर में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कमरे के अंदर कल्याण से शिवसेना नेता महेश गायकवाड को छह गोलियां मारी थीं और उनके सहयोगी राहुल पाटिल को भी घायल कर दिया था। इस मामले में कल्याण पूर्व के तीन बार के विधायक गायकवाड पर हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया है। हिल लाइन पुलिस थाने के एक अधिक

भुजबल का इस्तीफा स्वीकार नहीं : फडणवीस

भाषा। मुंबई



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के वरिष्ठ नेता और राज्य कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। फडणवीस ने शनिवार देर रात संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ही इस पर स्पष्टीकरण दे पाएंगे।महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने शनिवार को खुलासा किया कि उन्होंने पिछले साल 16 नवंबर को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपनी ही सरकार पर मराठा समुदाय को ओबीसी कोटा में पिछले दरवाजे से आरक्षण देने का आरोप लगाया है। भुजबल ने कहा कि वह दो महीने से अधिक समय तक चुप रहे, क्योंकि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने उन्हें इस बारे में नहीं बोलने के लिए कहा था। फडणवीस ने पत्रकारों से कहा, मुख्यमंत्री इस पर स्पष्टीकरण दे पाएंगे, लेकिन मैं अभी केवल इतना ही कह सकता हूं कि भुजबल का इस्तीफा मैंने या मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किया है। शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं सांसद संजय राउत ने भुजबल के इस खुलासे को बेकार की बात करार दिया कि उन्होंने राज्य मंत्रिमंडल से अपना इस्तीफा पिछले साल नवंबर में दे दिया था। राउत ने कहा, ऐसा बताया जा रहा है कि (कार्यकर्ता) मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण आंदोलन चलाने के खिलाफ भुजबल के गुस्से के पीछे (उपमुख्यमंत्री) देवेंद्र फडणवीस का हाथ है। दोनों मिले हुए हैं। मैं इस्तीफा दे दूंगा लेकिन आप इसे स्वीकार नहीं करेंगे या आप इस्तीफा दे देंगे लेकिन हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। राज्यसभा सदस्य ने पूछा कि भुजबल का इस्तीफा स्वीकार करने का अधिकार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास है या उपमुख्यमंत्री फडणवीस के पास। उन्होंने कहा, हमारा विचार है कि सभी समुदायों को उनके अधिकार मिलने चाहिए, लेकिन दूसरों के अधिकारों का अतिक्रमण करने की कीमत पर नहीं। उन्होंने कहा कि भुजबल का भी यही कहना है। जरांगे ने रविवार को कहा कि भुजबल मराठा आरक्षण के बारे में अपने बयानों से उपमुख्यमंत्री अजित पवार और फडणवीस को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। जरांगे ने जालना के अंतरवाली सरती गांव में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान भुजबल के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि मराठा समुदाय को आरक्षण दिलाने के लिए छेड़-छाड़ करके और फर्जी रिकॉर्ड का इस्तेमाल किया जा रहा है। भुजबल ने शनिवार को दोहराया कि वह मराठा समुदाय को आरक्षण देने के विरोध में नहीं हैं, लेकिन मौजूदा ओबीसी कोटा साझा करने के खिलाफ हैं। वह अजित पवार-नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सदस्य हैं। वरिष्ठ ओबीसी नेता ने कहा, बर्खास्त करने की कोई जरूरत नहीं है। मैंने अपना इस्तीफा दे दिया है। मैं अंत तक ओबीसी के लिए लड़ूंगा।

भाजपा सदस्यों ने सांसद डी के सुरेश के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया

अलग राष्ट्र संबंधी टिप्पणी

भाषा। बेंगलुरु

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई सदस्य कांग्रेस सांसद डी के सुरेश की अलग राष्ट्र संबंधी टिप्पणी के विरोध में रविवार को उनके आवास के बाहर प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए। सुरेश ने बृहस्पतिवार को कहा था कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे अन्याय को रोका नहीं गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। प्रदर्शनकारियों को यहां सदाशिवनगर में सुरेश के आवास के बाहर वंदे मातरम , भारत माता की जय और डी के सुरेश मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सुना गया। पुलिस प्रदर्शनकारियों को जल्द ही वहां से हटाकर एक बस में ले गई। सुरेश कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार के भाई हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, भाजपा के सदस्यों का एक समूह कांग्रेस सांसद के आवास के बाहर एकत्र हुआ था। उन्होंने दक्षिणी राज्यों के लिए अलग राष्ट्र की मांग से जुड़े उनके बयान के खिलाफ वहां विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन हमारे अधिकारियों ने उन्हें तुरंत वहां से हटाकर हिरासत में ले लिया। स्थिति नियंत्रण में है। बेंगलुरु ग्रामीण सीट से सांसद सुरेश ने यह भी आरोप लगाया था कि दक्षिण भारत पर हिंदी थोपी जा रही है।

क्विक न्यूज

सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी, आईबीएम, एसएपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

नई दिल्ली। सीबीआई ने 2011 में एयर इंडिया के 225 करोड़ रुपए में सॉफ्टवेयर खरीदने के मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में एयर इंडिया के तत्कालीन सीएमडी, एसएपी इंडिया और आईबीएम के खिलाफ रविवार को आरोप पत्र दायर किया। मामले की जानकारी रखने वाले जांच एजेंसी के लोगों ने बताया कि सीबीआई ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सिफारिश पर मामला दर्ज किया है। सीवीसी की जांच में पहली नजर में पाया गया है कि सॉफ्टवेयर की खरीद में प्रक्रियागत अनियमितताएं है। उन्होंने कहा कि लगभग छह साल की जांच के बाद सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी अरविंद जाधव, आईबीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और छह अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप पत्र दायर किया है। सीवीसी ने सीबीआई को लिखे पत्र में कहा कि एयर इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कंपनी ने उचित निविदा प्रक्रिया का पालन किए बिना एसएपी एजी से एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर प्रणाली खरीदी थी।

तेलंगाना सरकार ने वेंकैया नायडू, चिरंजीवी सहित पद्म पुरस्कार विजेताओं को किया सम्मानित

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने रविवार को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, तेलुगु अभिनेता चिरंजीवी और अन्य लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुने जाने पर उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने वेंकैया नायडू और चिरंजीवी को सम्मानित किया, जिन्हें हाल ही में देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित करने की घोषणा की गई थी।राज्य से पद्मश्री पुरस्कार पाने वालों में गद्दाम सम्मैया, वेलु आनंद चारी, केथवथ सोमलाल, दसारी कोंडप्पा, उमा माहेश्वरी और कुरेला विट्टलाचार्य शामिल है। इस अवसर पर रेवंत रेड्डी ने कहा कि यह एक अराजनीतिक कार्यक्रम था। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा, हम सभी को एकजुट होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए आगे बढ़ना चाहिए। आशा है कि तेलुगु गौरव वेंकैया नायडू भारत के राष्ट्रपति पद पर आसीन होंगे। इसमें कहा गया कि सरकार की ओर से पद्म पुरस्कार विजेताओं को 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया है।

श्री हनुमान कृपा महोत्सव का भव्य आयोजन

ब्यावर। अष्ट सिद्धि नवनिधि के दाता ए अस बर दीन जानकी माता। सीधा सरल अर्थ है कि माता सीता के वरदान से प्रभु हनुमान जी अष्ट सिद्धि नवनिधि के दाता है। उनके पास हर प्रकार की सिद्धि है। अगर हनुमान जी का नाम लेते है तो सभी बाधाएं दूर हो जाती है। इस चौपाई को बोलने से बड़ी से बड़ी मुश्किल हल हो जाती है। कुछ ऐसा ही नजारा शनिवार को ब्यावर में देखने को मिला। जहां पर श्री सीमेंट परिसर में स्थित श्री संकट मोचन हनुमान के वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। एक फरवरी से शुरू हुआ यह आयोजन 4 फरवरी तक चला। इस अवसर पर श्री सीमेंट के एमेरिटस चेयरमैन बीजी बांगड़ ने कहा कि संकट मोचन हनुमान जी की कृपा हमारे ऊपर शुरु से ही रही है। जबसे हमने प्रांगण में हनुमान जी प्रतिमा स्थापित की है उसके बाद निरंतर प्रगति कर रहे हैं। श्री सीमेंट के चेयरमैन ने श्री हनुमान जी की कृपा पर विस्तार से चर्चा की। कंपनी के वाइस चेयरमैन ने महोत्सव के आयोजन और उद्देश्यों के बारे में बताया। कंपनी के प्रबंध निदेशक नीरज अखौरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर सीमेंट के संस्थापक परिवार के सभी सदस्यों के अलावा कंपनी के कर्मचारी एवं गणमान्य अतिथियों के अलावा राजस्थान सहित दूसरे राज्यों से भी भारी संख्या में यहां श्रद्धालु उपस्थित थे।भक्त शिरोमणि श्याम वर्ण हनुमान जी के इस मंदिर के प्रांगण में कदम रखते ही श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की याद आ गई। काले पाषाण से बनी इस मूर्ति को देखने के साथ ही भक्तों की आंखों के सामने रामलाल की प्रतिमा उभर आती है।

डिजिटल करेंसी से आध्यात्मिकता का प्रचार

मुंबई। डिजिटल दुनिया और तकनीक को सनातन से जोड़ने के लिएए सनातनी कॉइंस ने सनातनी टोकन लॉन्च किया है। इसे टिकर द्वारा दर्शाया गया है, जो आध्यात्मिकता, प्रौद्योगिकी, तकनीक और समाज को जोड़ने का प्रयास करता है, और एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत साझा करने वाले लोगों के बीच एक मजबूत बंधन बनाता है।इस डिजिटल टोकन का उद्देश्य सनातन धर्म के गहन सिद्धांतों के साथ इससे जुड़े सभी विषयों को साथ जोड़ना है। अत्याधुनिक बीईपी.20 तकनीक से निर्मित यह टोकन आने वाले समय में विश्व में एक गहरी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। यह डिजिटल टोकन लोगों को सशक्त बनाने के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग कर रहा हैए इस ब्लॉकचेन के माध्यम से यह हिंदू धर्म से जुड़े लोगों को उनकी संस्कृति से जोड़े रखने में भी मदद करने का प्रयास करेगा। वर्तमान में इसकी सप्लाई करीब 12 बिलियन है, और पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में यह सप्लाई निरंतर बढ़ती रहेगीसनातनी कॉइंस के संस्थापक और भारतीय पुलिस महासंघ के अध्यक्ष अजय राज पांडे के अनुसार कंपनी का लक्ष्य पारंपरिक मूल्यों और संस्कृतियों को संरक्षित करते हुए दुनिया को सनातन धर्म की विशेषताओं और गूढ़ रहस्यों से अवगत कराना तथा हिन्दू धर्म के लोगों को और सशक्त बनाना है। इसका उद्देश्य समुदाय को एक साथ लाना और एक विकेंद्रीकृत रणनीति स्थापित करना है।

उप्र में महिला न्यायाधीश की मौत मामले में प्रियंका गांधी ने भाजपा नीत सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश में एक महिला न्यायाधीश का शव उनके क्वार्टर में पाए जाने के बाद रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें चिंता है कि वहां एक सामान्य लड़की को किस तरह का डर महसूस होता होगा। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में न्यायाधीश की मौत के मामले में उनके पिता की शिकायत के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। प्रियंका ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उप्र के बांदा में कुछ हफ्ते पहले एक महिला न्यायाधीश ने इच्छा मृत्यु मांगी। अब बदायूं में एक महिला न्यायाधीश का शव उनके घर में पाया गया, जिसकी जांच पर उनके परिवार ने गंभीर सवाल उठाए है।

बिहार के कांग्रेस विधायक 12 फरवरी के विश्वास मत से पहले हैदराबाद पहुंचे

हैदराबाद। बिहार के कई कांग्रेस विधायक कथित तौर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को बधाई देने के लिए रविवार को यहां पहुंचे। रेड्डी ने दिसंबर 2023 में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री का पदभार संभाला है। मीडिया में आई खबरों में दावा किया गया है कि कांग्रेस ने विधायकों की खरीद-फरोख्त के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाया है, जिसके तहत वे यहां पहुंचे है। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नवगठित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार 12 फरवरी को विश्वास मत हासिल करना चाहती है। तेलंगाना कांग्रेस के सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बिहार के कांग्रेस विधायक तेलंगाना के मुख्यमंत्री को बधाई देने आए है।

पीपीएल की जीत से कापीराइट में लाभ

नई दिल्ली। उल्लेखनीय फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉपीराईट सोसाइटी के रूप में पंजीकरण की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए म्युज़िक लाइसेंसिंग के दिग्गजों फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड -पीपीएल और नोवेक्स कम्युनिकेशन्सल प्रा लिमिटेड नोवेक्स के द्वारा कॉपीराईट मालिकों के रूप में लाइसेंस जारी करने के अधिकारों को स्पष्ट रूप से बरक़रार रखा है। 24 जनवरी 2024 को सुनाया गया यह ऐतिहासिक फैसला साइउण्ड रिकॉर्डिंग लाइसेंस के लिए मालिक के अधिकारों के दायरे पर लम्बे समय से चल रही बहस को हल करता है। इस कानूनी लड़ाई में पीपीएल की जीत न सिर्फहमारी बल्कि पूरे संगीत उद्योग की जीत हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला कॉपीराईट मालिकों एवं एक्सक्लुज़िव लाइसेंसियों के अधिकारों पर ज़ोर देते हुए पीपीएल को उल्लंघन से सुरक्षा के टूल्स प्रदान करता है जो असली म्युज़िक लेबल्स पर मेहनत से कमाए गए निवेश को कमज़ोर बनाते हैं। जीबी अय्यर एमडी एवं सीईओए पीपीएल ने यह जानकारी दी। 1941 में स्थापित पीपीएल ने 200 से अधिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ़ कई मामलों में जीत हासिल की है।

उत्तर प्रदेश के आगरा में सड़क दुर्घटना में दंपति की मौत

आगरा। आगरा के यमुना पार क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को नवीन गल्ला मंडी के पास की है और मृतकों की पहचान एटा के गांव नगला भिकारी निवासी मोहनलाल (64) और उनकी पत्नी गिरजा देवी (58) के रूप में हुई है। ट्रांस यमुना थाना के प्रभारी सुमनेश विक्कल ने कहा, दंपति अपने बेटे से मिलने के लिए बस से आगरा आ रहे थे। दोपहर में दो बजे बस से नवीन गल्ला मंडी के पास उतरने के बाद सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने दोनों को चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि मोहनलाल की मौके पर ही मौत हो गई और गिरजा देवी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

जम्मू-कश्मीर में एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत सात लोगों की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर, जम्मू और रियासी जिलों में रविवार को तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक कार को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे एक दंपति और उनकी दो बेटियों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।उन्होंने बताया कि यह परिवार जम्मू से कश्मीर जा रहा था, दुर्घटना आधी रात के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टिकरी के पास सालोर में हुई और बचावकर्मियों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त वाहन से शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

राकांपा (शरद गुट) ने पवार की मृत्यु के लिए प्रार्थना करने का अजित पर आरोप लगाया

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार पर उनकी आयु की ओर इशारा करते हुए परोक्ष रूप से कटाक्ष किया और आखिरी चुनाव की भावनात्मक अपील की बात की। राकांपा के शरद पवार गुट ने पलटवार करते हुए दावा किया कि ए टिप्पणी अमानवीय हैं और इसने राज्य के उपमुख्यमंत्री पर पार्टी संस्थापक शरद पवार की मृत्यु के लिए प्रार्थना करने का आरोप भी लगाया। अजित पवार ने पिछले साल जुलाई में राकांपा में बगावत करके पार्टी को विभाजित कर दिया था तथा आठ विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे। अजित पवार ने तब से अपने विद्रोह को लगातार यह कहते हुए उचित ठहराया है कि वरिष्ठों को अगली पीढ़ी को रास्ता देना चाहिए था। अजित पवार का यह इशारा परोक्ष रूप से शरद पवार की ओर था। नाम लिए बिना शरद पवार (83) पर निशाना साधते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, पता नहीं कुछ लोग कब रुकेंगे।

एकजुट संगठनात्मक रणनीति लोस चुनाव में जीत की कुंजी: नड्डा

धर्मशाला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को हिमाचल प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट संगठनात्मक रणनीति के महत्व को रेखांकित किया। यहां राज्य स्तरीय एक संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव से पहले विभिन्न अभियानों की सावधानीपूर्वक योजना बनाने और इसके कार्यान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, नए मतदाताओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से जुड़ने के अभियानों पर विस्तृत दिशानिर्देश दिए। रेखांकित किया कि राज्य की सभी चार लोकसभा सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट संगठनात्मक रणनीति महत्वपूर्ण है। भाजपा की हिमाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि बैठक में गांव चलो जनसंपर्क कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। बैठक में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और पार्टी के वरिष्ठ नेता सौदान सिंह और अविनाश राय खन्ना शामिल हुए।

अडाणी समूह गुजरात में बना रहा है 1.2 अरब डॉलर का दुनिया का सबसे बड़ा तांबा संयंत्र

अहमदाबाद। अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी की अगुवाई वाला समूह गुजरात के मुंद्रा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थान तांबा विनिर्माण संयंत्र बना रहा है। इस संयंत्र से आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने और ऊर्जा बदलाव में मदद मिलेगी। अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की अनुषंगी कंपनी कच्छ कॉपर लिमिटेड (केसीएल) दो चरण में 10 लाख टन सालाना क्षमता वाली तांबा रिफाइनरी परियोजना स्थापित कर रही है। केसीएल के प्रबंध निदेशक विनय प्रकाश ने कहा कि 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से तैयार हो रहा यह संयंत्र मार्च के अंत तक पहले चरण का परिचालन शुरू कर देगा। उन्होंने बताया कि संयंत्र मार्च, 2029 तक पूर्ण पैमाने पर 10 लाख टन क्षमता के साथ परिचालन शुरू करेगा। चीन और अन्य देशों की तरह भारत भी तांबे का उत्पादन तेजी से बढ़ा रहा है, जो जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण धातु है। ऊर्जा बदलाव के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), चार्जिंग अवसंरचना, सौर फोटोवोल्टिक (पीवी), पवन ऊर्जा और बैटरी सभी में तांबे की जरूरत होती है। पहले चरण में पांच लाख टन प्रति वर्ष की क्षमता शुरू की जाएगी। इसके लिए केसीएल ने जून, 2022 में वित्तपोषण हासिल किया था। प्रकाश ने कहा, अडाणी समूह संसाधन कारोबार, लॉजिस्टिक, नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढांचे में अपनी मजबूत स्थिति का लाभ उठाकर तांबे के कारोबार में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रति व्यक्ति तांबे की खपत लगभग 600 ग्राम है, जबकि वैश्विक औसत 3.2 किलोग्राम है।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर पाबंदी का क्या होगा असर, समझिए पूरा मामला

भाषा। नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के एक स्कूल शिक्षक के बेटे विजय शेखर शर्मा इस बात से प्रभावित हुए कि जैक मा का अलीबाबा समूह डेस्कटॉप कंप्यूटर के बजाय स्मार्टफोन पर अधिक ध्यान दे रहा था। आगे चलकर उन्होंने एक डिजिटल भुगतान कंपनी बनाई, जो भारतीयों को अपने मोबाइल फोन से सब्जी या सिनेमा टिकट खरीदने या बिजली, पानी के बिलों का भुगतान करने का विकल्प देती थी। इसके बाद उन्होंने एक मोबाइल मार्केटप्लेस बनाने की योजना बनाई, जहां माचिस से लेकर आईफोन तक हर तरह का सामान ऑनलाइन खरीदा-बेचा जा सकता था। हालांकि, अब वह अपने कारोबारी जीवन के सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को निर्देश दिया है कि वह अपने ज्यादातर कारोबार को रोक दे। ऐसे में कंपनी अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है। क्या है पेटीएम पेमेंट्स बैंक का संकट क्या? आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार नहीं करने का निर्देश दिया है। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। पेटीएम वॉलेट के ग्राहक तबतक इसका उपयोग कर सकते हैं, जबतक कि उनकी शेष राशि खत्म न हो जाए। वे 29 फरवरी के बाद इसमें राशि नहीं जोड़ सकेंगे। यदि आरबीआई नरम नहीं पड़ा, तो पेटीएम वॉलेट के लिए टॉप-अप बंद हो जाएगा और इसके माध्यम से लेनदेन नहीं किया जा सकेगा। पेटीएम पेमेंट्स बैंक का मालिक कौन है?पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) की सहयोगी इकाई है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पीपीबीएल की चुकता शेयर पूंजी (सीधे और अपनी सहायक कंपनी के माध्यम से) का 49 प्रतिशत हिस्सा है।

कलाकार एकजुट हों, समाज कल्याण में कला की भूमिका समझकर इसका उपयोग करें: भागवत

भाषा। बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को देश के कलाकारों से एकजुट होने और समाज के कल्याण में कला की भूमिका को समझकर इसका उपयोग करने का आह्वान किया। वह भारतीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए काम करने वाली आरएसएस से जुड़ी संस्था संस्कार भारती द्वारा यहां आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में आयोजित अखिल भारतीय कलासाधक संगम के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा, (कला का उद्देश्य) समाज में सुधार लाना, समाज को सौहार्दपूर्ण बनाना है। यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हमारा समाज अपना उदाहरण देकर पूरी दुनिया को जीवन की शिक्षा दे सके। कला जगत को एकजुट होकर इस दिशा में काम करना होगा। भागवत ने कहा कि फिलहाल ऐसा नहीं हो रहा है। आरएसएस प्रमुख के अनुसार कलाकार आज सामाजिक जीवन में कला की वास्तविक भूमिका को समझे बिना ही इसका उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कलाकारों से समाज के कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्यकर्ता के रूप में काम करने को कहा। भागवत ने कहा, ऐसे कई कलाकार हैं, जो ईमानदारी से अपनी कला का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं होना चाहिए।

आयकर विभाग में 12,000 पद खाली, नियुक्ति के लिए उठा रहे कदम : सीबीडीटी प्रमुख

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 तक कर्मचारियों की कमी है और खाली पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिम बजट में 25,000 रुपए तक की बकाया कर मांग को वापस लेने की घोषणा के तहत करदाताओं को एक लाख रुपए तक की राहत मिल सकती है। इससे उन करदाताओं को लाभ होगा होगा, जिन्हे निर्धारित अवधि में एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिले हैं।गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 कर्मचारियों की कमी है। ए पद मुख्य रूप से ग्रुप सी श्रेणी के हैं। इन पदों को भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या 55,000 के करीब है।अंतरिम बजट में 25,000 रुपए तक की कर मांग को वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर गुप्ता ने कहा, इस पहल का मकसद करदाताओं को राहत देना है। इसके तहत हम प्रति करदाता एक लाख रुपए तक की सीमा रखने का प्रयास करेंगे। यानी करदाता को अगर एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिला है, तो उसे एक लाख रुपए तक की राहत मिल सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण में 2009-10 तक 25,000 रुपए और वित्त वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक 10,000 रुपए तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की।सीतारमण ने कहा, बड़ी संख्या में कई छोटी-छोटी प्रत्यक्ष कर मांग बही-खातों में लंबित है। उनमें से कई मांग वर्ष 1962 से भी पुरानी हैं। इससे ईमानदार करदाताओं को परेशानी होती है और रिफंड को लेकर समस्या होती है। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, ऐसी लगभग 1.11 करोड़ विवादित मांगें हैं और इसमें शामिल कुल कर मांग 3,500-3,600 करोड़ रुपए है।

राजस्थानी कारीगरों को यूएई के पहले हिंदू मंदिर में मिली जगह

भाषा। नई दिल्ली

पिछले चार वर्षों से संगमरमर के टुकड़ों को तराशकर उन्हें स्तंभों के साथ ही भगवान राम एवं भगवान गणेश जैसे हिंदू देवताओं की मूर्तियों में तब्दील करने वाले राजस्थान के कारीगर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि उनकी कला को अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर में जगह मिली है। इस मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को होने वाला है। राजस्थान के मकराना के गांवों के कारीगरों ने भव्य मंदिर की कल्पना को साकार करने के लिए अपनी मूर्तिकला के साथ 2019 में एक रचनात्मक यात्रा शुरू की थी, जो कोविड-19 महामारी के दौरान भी जारी रही।राम किशन सिंह ने मकराना से पीटीआई-भाषा को बताया, मैं तीसरी पीढ़ी का मूर्तिकार हूं और हम आजीविका के लिए पत्थरों को तराशने का काम करते हैं। मैं अबू धाबी में एक हिंदू मंदिर के विचार को लेकर बहुत उत्साहित था। भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश देने के लिए इससे बेहतर उदाहरण क्या हो सकता है? उन्होंने कहा, मैंने मंदिर के लिए 83 टुकड़ों पर काम किया है। मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास अबू मुरीखा में 27 एकड़ की जगह पर किया जा रहा है।मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर की पृष्ठभूमि पर उत्कृष्ट संगमरमर की नक्काशी है, जिसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है। मंदिर के लिए बड़ी संख्या में गुलाबी बलुआ पत्थर उत्तरी राजस्थान से अबू धाबी ले जाए गए थे। सोम सिंह ने कहा, पचास डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी टिके रहने के लिए जाने जाने वाले इन पत्थरों का चयन, संयुक्त अरब अमीरात की जलवायु के लिए व्यावहारिक विचारों को दर्शाता है। भव्यता सुनिश्चित करने के लिए मंदिर के निर्माण में इतालवी संगमरमर का उपयोग किया गया है। सोम सिंह राजस्थान के एक कारीगर हैं, जिन्होंने मंदिर के लिए मूर्तियां गढ़ीं और बाद में स्थल पर काम करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात चले गए।उल्लेखनीय वास्तुशिल्प तत्वों में दो घुमट (गुंबद), सात शिखर शामिल हैं जो संयुक्त अरब अमीरात के सात अमीरात का प्रतीक हैं। प्रत्एक शिखर के भीतर, नक्काशी रामायण, शिव पुराण, भागवतम और महाभारत के साथ-साथ भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, भगवान वेंकटेश्वर और भगवान अयप्पा को

महिलाओं को किसान ड्रोन संचालक बनने का प्रशिक्षण दे रहा है आईआईटी मंडी

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के मंडी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की ओर से शुरू किए गए ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत राज्य की कई महिलाएं कृषि कार्य के मकसद से ड्रोन संचालित करने का प्रशिक्षण ले रही हैं। यह अपने तरह की एक कौशल विकास पहल है। अधिकारियों के अनुसार, कृषि ड्रोन अनुप्रयोगों से समय और कीटनाशक की बचत होगी और यह बहुत लागत प्रभावी है। अधिकारियों के अनुसार इससे मानव स्वास्थ्य पर कीटनाशकों का प्रभाव भी कम होगा। उन्होंने कहा कि उन्नत कृषि पद्धतियों के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आईआईटी-मंडी के आई-हब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सोमजीत अमृत ने पीटीआई-भाषा से कहा, उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, तकनीकी क्षमताओं को बढ़

इजराइल ने हिजबुल्लाह को दी चेतावनी

● अगर उकसाया तो तुरंत हमला करने के लिए तैयार है

भाषा। राफाह

इजराइल की सेना ने पड़ोसी देश लेबनान में हिजबुल्लाह को अब तक की विस्तृत चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसे उकसाया गया तो वह तुरंत हमला करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही इजराइली सेना ने गाजा में चार महीने से चल रहे युद्ध के दौरान उत्तरी सीमा पर हिजबुल्लाह की गतिविधियों का जिक्र किया और इस आतंकवादी समूह के खिलाफ सीरिया में कई हवाई हमले करने की बात भी स्वीकार की। इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा, युद्ध हमारी पहली प्राथमिकता नहीं है लेकिन हम निश्चित रूप से तैयार हैं। जहां भी हिजबुल्ला होगा तो हम कार्वाई करते रहेंगे, पश्चिम एशिया में जहां भी जरूरत होगी हम कार्वाई करते रहेंगे। जो लेबनान के लिए सही है, वही सीरिया के लिए भी सही है और वही ज्यादातर अन्य दूरस्थ स्थानों के लिए भी सही है। ये टिप्पणियां रक्षा मंत्री की उस चेतावनी के बाद आई हैं कि गाजा में चरमपंथी समूह हमास के खिलाफ संघर्ष विराम का मतलब यह नहीं है कि इजराइल जरूरत पड़ने पर हिजबुल्लाह पर हमला नहीं करेगा। इस क्षेत्र में ईरान समर्थित समूहों के साथ व्यापक युद्ध की चिंताओं के बीच इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम को बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। हमास के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि वे अमेरिका, मिस्र, कतर और इजराइल द्वारा दिए गए प्रस्ताव का अध्ययन कर रहे हैं और कहा कि इजराइल स्थाई संघर्ष विराम समेत कई शर्तें स्वीकार कर रहा है। हमास शासित गाजा में युद्ध के कारण उसकी 85 फीसदी आबादी विस्थापित हो गई है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में 107 लोगों की मौत हो गई है।

इजराल-हमास युद्ध को लेकर जर्मनी में यहूदी छात्र की पिटाई, अस्पताल में भर्ती

बर्लिन। जर्मनी के बर्लिन शहर स्थित एक कॉलेज छात्र ने इजराइल-हमास संघर्ष पर बहस से आक्रोशित होकर शुक्रवार रात अपने एक यहूदी सहपाठी की पिटाई कर दी, जिसके बाद उसे अस्पताल मे भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया 30 वर्षीय यहूदी छात्र शुक्रवार देर रात एक परिचित के साथ बर्लिन के नजदीक मित्ते गया था, तभी उसकी मुलाकात विश्वविद्यालय के 23 वर्षीय साथी छात्र से हुई। पुलिस ने बताया कि 23 वर्षीय छात्र फलस्तीन समर्थक है जबकि 30 वर्षीय यहूदी छात्र ने इजराइल के समर्थन मे सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था और दोनो की इस मुद्दे पर तीखी बहस हुई।

अमेरिका, ब्रिटेन और उनके सहयोगियों ने यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों पर हमले किए

वाशिंगटन। अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने शनिवार को यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्रों पर हमले किए। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यह जानकारी दी। ऑस्टिन ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि ए हमले करने में अमेरिका और ब्रिटेन को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड से भी सहयोग मिला। ऑस्टिन ने कहा, अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्रों के खिलाफ फिर से हमले किए। यह सामूहिक कार्वाई हूती विद्रोहियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि अगर वे अंतरराष्ट्रीय नौवहन और जहाजों पर अपने अवैध हमलों को नहीं रोकेंगे तो उन्हें आगे भी इसी प्रकार परिणाम भुगतने होंगे। हम दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक में जीवन और जहाजों के मुक्त नौवहन की रक्षा करने में नहीं हिचकेंगे। उन्होंने कहा कि इन हमलों का उद्देश्य लाल सागर से वैध तरीके से गुजरने वाले अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर अस्थिर करने के मकसद से किए जा रहे अकारण हमलों को अंजाम देने की ईरान समर्थित हूती मिलिशिया की क्षमताओं को रोकना तथा कम करना है। गठबंधन सेना ने हूतियों के हथियारों के जखीरे के केंद्र, मिसाइल प्रणालियों, वायु रक्षा प्रणालियों और रडार से जुड़े 13 स्थानों को निशाना बनाया। अमेरिका, ब्रिटेन और उसके अन्य गठबंधन सहयोगियों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड के समर्थन से अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने यमन में 13 स्थानों पर 36 हूती ठिकानों के खिलाफ आवश्यक हमले किए।

क्विक न्यूज

इमरान और उनकी पत्नी के खिलाफ फैसला देकर नारीवादियों-वकीलों की आलोचनाओं में घिरे न्यायाधीश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी के गैर इस्लामी निकाह के मामले मे विवादास्पद फैसले ने पाकिस्तान मे तूफान पैदा कर दिया है। इस मुद्दे पर कानून के स्थापित सिद्धांत का उल्लंघन करने और मासिक धर्म जैसे निजी मामलो को उजागर करके एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने को लेकर नारीवादियो और महिला वकीलो ने न्यायाधीश की आलोचना की है। वरिष्ठ दीवानी न्यायाधीश कुरतुल्ला ने बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मनेका द्वारा दायर मामले मे इद्दत (प्रतीक्षा अवधि) के दौरान निकाह करने के लिए खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की जेल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 5,00,000 रुपए का जुर्माना लगाया। खावर मनेका ने पिछले साल नवंबर मे यह मामला दायर किया था। खान और बुशरा बीबी ने एक जनवरी, 2018 को निकाह किया था और शादी के लगभग छह साल बाद मनेका ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि बीबी ने इद्दत पूरी किए बिना इमरान खान से शादी की और निकाह करने से पहले भी दोनो व्यभिचारपूर्ण रिश्ते मे लिप्त थे। सुरक्षा कारणो से कार्यवाही रावलपिंडी की अडियाला जेल मे की गई। पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान (71 वर्ष) को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले मे दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल पांच अगस्त को गिरफ्तार कर लिया गया था और उन्हे जेल मे रखा गया है। उनचास वर्षीय बुशरा बीबी को दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हे इमरान खान के बानीगाला निवास मे कैद कर दिया गया है।

चिली : जंगल की आग घनी आबादी वाले इलाके में फैलने से कम से कम 46 लोगों की मौत

विना देर मार (चिली)। मध्य चिली मे जंगलो मे लगी भीषण आग के घनी आबादी वाले इलाके मे फैलने से कम से कम 46 लोगो की मौत हो गई और लगभग।,100 मकान जलकर खाक हो गए। देश के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि कम से कम 46 लोगो की मौत हो गई है तथा मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है क्योकि वालपराइसो क्षेत्र मे चार स्थानो पर भीषण आग लगी है और दमकलकर्मियो को अत्यधिक खतरे वाले इलाको तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बोरिक ने चिलीवासियो से बचावकर्मियो के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होने कहा, यदि आपको इलाका खाली करने के लिए कहा जाता है तो ऐसा करने मे संकोच न करे। आग तेजी से फैल रही है और जलवायु परिस्थितियो के कारण उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया है। तापमान उच्च है, हवा तेज चल रही है और आर्द्रता कम है। चिली की गृह मंत्री कैरोलिना तोहा ने शनिवार को बताया कि देश के मध्य और दक्षिण के 92 जंगल आग की चपेट मे है, जहां इस सप्ताह तापमान असामान्य रूप से अधिक रहा है। वालपराइसो क्षेत्र मे सबसे भीषण आग लगने के कारण प्राधिकारियो ने लोगो से अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानो पर जाने का आग्रह किया। वालपराइसो क्षेत्र मे तीन आश्रय शिविर बनाए गए है। तोहा ने बताया कि बचाव दल सबसे अधिक प्रभावित इलाको तक पहुंचने के लिए अब भी संघर्ष कर रहे है।

रहस्य और रोमांच देखेगी पूरी दुनिया

हालीवुड। अनेरी वजानी स्टारर और रहस्य व रोमांच से भरपूर सीरीज़ बाघिन 8 फ़रवरी से अतरंगी नामक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर तमाम दर्शकों का अनूठे ढंग से मनोरंजन करने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि शो में लीड भूमिका निभा रहीं अनेरी वजानी के अलावा इस शो में ज़ीशान ख़ान,अंश बागरी और कृप कपूर सूरी जैसे धाकड़ कलाकार भी अपने अभिनय का जलवा दिखाते नज़र आएंगे। अतरंगी ओटीटी प्लेटफॉर्म के संस्थापक विभु अग्रवाल ने बाघिनके लॉन्च के मौके पर कहा कि फ़िल्म बाघिन् के ज़रिए हम अपने दर्शकों के सामने दिलचस्प किस्म के कंटेंट को अनूठे अंदाज़ में प्रस्तुत करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। साल 2024 में हमारे कई शोज़ दर्शकों के सामने होंगे और ऐसे में यह साल अतरंगी के लिए एक बेहद अहम साल साबित होने वाला है हमें इस बात का पूरा भरोसा है कि कहानी को पेश करने के लिहाज़ से श्बाघिनश् ओटीटी की दुनिया में एक नया मापदंड स्थापित करेगी।मेकर्स को इस बात का पूरा यकीन है कि श्बाघिनश् एक ऐसी सशक्त फ़िल्म साबित होगी जो ओटीटी पर मनोरंजन के मायने को पुनर्भाषित करेगी। बड़े सितारों के दमदार अभिनय और सशक्त कहानी को बयां करने वाली ये सीरीज़ यकीनन लोगों को बहुत पसंद आएगी। आप 8 फ़रवरी से एक्सक्लूसिव तौर पर अतरंगी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर? बाघिन को देखने का लुत्फ़उठा सकते हैं।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए चुनाव संबंधी मामलों से सावधानीपूर्वक निपटें : पाकिस्तान उच्चतम न्यायालय

इस्लामाबाद। पाकिस्तान मे आम चुनाव से पहले उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी कि चुनावी कानूनो की व्याख्या मताधिकार के पक्ष मे की जानी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाताओ के पास अपने भविष्य के नेतृत्व को चुनने के लिए अधिकतम विकल्प हो। मीडिया मे रविवार को प्रकाशित खबरो मे यह जानकारी दी गई। डॉन अखबार मे प्रकाशित खबर के मुताबिक न्यायमूर्ति सैयद मंसूर अली शाह ने एक फैसले मे यह टिप्पणी तब कलमबद्ध की जब अदालत की तीन न्यायाधीशो की पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सदस्य की उम्मीदवारी को खारिज करने का फैसला बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के आदेश को पलट दिया। पाकिस्तान मे आठ फरवरी को मतदान होगा। नेशनल असेंबली (एनए) निर्वाचन क्षेत्र 49 (अटक-ङ्ग) से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उम्मीदवार ताहिर सईद की उम्मीदवारी को चुनाव अधिकारी ने उनके घोषित अपराधी होने के आधार पर खारिज कर दिया था। निर्वाचन अधिकारी के फैसले को लाहौर उच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा जिसे सईद ने उच्चतम न्यायालय मे चुनौती दी थी।न्यायमूर्ति शाह के नेतृत्व वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 62 और 63 मे यह उल्लेख नहीं है कि एक घोषित अपराधी निर्वाचित होने या संसद सदस्य बनने के लिए अयोग्य है। न्यायमूर्ति शाह ने अदालतो से कहा कि वे नामांकन पत्रो की स्वीकृति या अस्वीकृति पर फैसला इस दृष्टिकोण से करे कि इनमे संवैधानिक अधिकार और मूल्य निहित है। ज का सार है, और उस अधिकार पर कोई भी प्रतिबंध प्रतिनिधि सरकार के हृदय पर हमला है।

डिज़्नी पर दिखेगी बहनों की कहानी

डिज्नीलैंड। बाइपन भारी देवा को दुनियाभर के सिनेमाघरों में लोगों ने पसंद किया है। यह फैमिली ड्रामा, हंसी-मजाक और आंसुओं का एक बढ़िया संगम है। इस मनोरंजक फिल्म में एकदूसरे से अजनबी छह बहनों की कहानी है, जिन्हें मजबूरी में मंगलागौर,विवाहित महिलाओं का त्यौहार प्रतियोगिता के लिये एक साथ होना पड़ता है। क्या वे अपने अतीत को जीतकर अपने संघर्षों का सामना कर पाएंगी। इसका जवाब अब आपकी उंगलियों के इशारे पर है,क्योंकि यह मूवी डिज़्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। माधुरी शिंदे द्वारा निर्मित, वैशाली नाइक द्वारा लिखित और केदार शिंदे द्वारा निर्देशित बाइपन भारी देवा में शानदार कलाकारों ने अभिनय किया है। इनमें रोहिणी हट्टंगडी, वंदना गुप्ते, सुकन्या कुलकर्णी नूतन असगांवकर, सुरुचि अदारकर और सुचित्रा बेंदेकर शामिल हैं। यह फिल्म दर्शकों को भावनाओं से भरी एक रोलर कोस्टर राइड पर लेकर जाएगी। फिल्म के निर्देशक केदार शिंदे ने कह कि बाइपन भारी देवा, का निर्देशन करना वाकई एक यादगार अनुभव था, जिसकी मेरे दिल में एक खास जगह है। चूंकि यह फिल्म अब डिज़्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही हैए इसलिये बाइपन भारी देव् का जादू ज्यादा से ज्यादा दर्शकों पर चलेगा और वह भाषा की सीमाओं के पार जाएगा। अपनी जिन्दगी में मौजूद वास्तविक महिलाओं की भावनाओं को देखा है और इस फिल्म को अच्छा एहसास देने वाला एक ड्रामा बनाकर परिवारों के लिये ज्यादा प्रासंगिक बनाया है।

यूक्रेन के हिस्से में हुए हमले में कम से कम 28 लोगों की मौत

मॉस्को। रूस के नियंत्रण वाले लिसिचांस्क शहर मे एक बेकरी पर किए गए यूक्रेन के हमले मे कम से कम 28 लोगो की मौत हो गई। रूसी अधिकारियो ने यह जानकारी दी। स्थानीय नेता लियोनिड पेस्कनिक ने टेलीग्राम पर एक बयान मे कहा कि शनिवार को हुए इस हमले मे मारे गए लोगो मे एक बच्चा भी शामिल है। उन्होने कहा कि आपात सेवा कर्मियो ने मलबे के अंदर से 10 लोगो को बाहर निकाला है। वही, कीव मे यूक्रेन के अधिकारियो ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नही दी है।

किर्लोस्कर ग्लोबल एक्सपो में करेगा प्रदर्शन

ग्लोबल। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर - टीकेएम ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में उन्नत हरित प्रौद्योगिकी उत्पाद श्रृंखला की अपनी आकर्षक रेंज और इसके स्थानीयकरण पहल को प्रदर्शित किया है। मंडप में प्रदर्शन इसके थीम पर केंद्रित है जो ग्रो इंडिया द ग्रो विद इंडिया,भारत को बढ़ाएं, भारत के साथ बढ़ें है। एक उज्जवल और स्थायी भविष्य के लिए यह कई सारे रास्ते अपनाने के नजरिये मल्टीपल पाथवे दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर भारत, ऊर्जा सुरक्षा और कार्बन तटस्थता की प्रमुख राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के पैवेलियन में विद्युतीकृत वाहन प्रौद्योगिकियों की पूरी श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एमडी और सीईओ तथा टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन के क्षेत्रीय सीईओ मासाकाजु योशिमुरा ने कहा कि हमें भारत ग्लोबल मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में भाग लेने की खुशी है, क्योंकि यह हमारे अत्याधुनिक हरित वाहनों को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।

पाकिस्तानः कुरैशी चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने जेल मे बंद देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी को सरकारी खुफिया जानकारी लीक करने के मामले मे 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के मद्देनजर उन्हे पांच साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया। पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी (67) को ऐसे समय मे अयोग्य ठहराया गया है जब आठ फरवरी को देश मे आम चुनाव होने है। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) सरकार की कार्वाई के बावजूद और अपने प्रसिद्ध चुनाव चिह्न बल्ले के बिना चुनाव लड़ रही है। खान और कुरैशी को गोपनीयता का उल्लंघन करने के मामले मे मंगलवार को 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने विशेष अदालत के 30 जनवरी, 2024 के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि संविधान और कानून के अनुसार कोई भी दोषी व्यक्ति चुनाव मे भाग नही ले सकता है।

विमान डांवाडोल हो तो आपके शरीर के साथ क्या होता है - असुविधा को कैसे कम करें

लैकेस्टर। इस सप्ताह पूरे ब्रिटेन मे मौसम की एक और मार देखी गई है, जिसमे कई उड़ाने विलंबित या रद्द कर दी गई है। कुछ उड़ाने रवाना तो हुई, लेकिन जहां जाना था वहां नही पहुंची और उन्हे अपने गंतव्य की बजाय कही और जाना पड़ा - जैसे किस्टैनस्टेड से न्यूक्रेतक जाने वाले यात्री जो अंततः मलागा की ओर चले गए।यात्रियो ने इस दौरान एक बात का जिक्र किया। उनका कहना था कि मौसम की खराबी के कारण उड़ान के कुछ हिस्से मे और लैंडिंग का प्रयास उनके लिए सबसे अधिक परेशान करने वाले अनुभव थे।असमान वायु संचलन के कारण विमान मे हलचल महसूस होती है, जिसकी आवृत्ति बढ़ती जा रही है। यदि आप घर पर अपने हेयर ड्रायर को चालू करते है और उसे स्थिर रखते है, तो हवा एक स्थिर दर से चलती है, लेकिन एक बार जब आप अपने बालो को सुखाना शुरू करते है और हेअर ड्रायर को इधर-उधर घुमाते है, तो हवा की गति असमान हो जाती है, यानी अशांत हो जाती है।

अमेरिका : जो बाइडन ने साउथ कैरोलाइना का प्राइमरी चुनाव जीता

भाषा। कोलंबिया (अमेरिका),

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए इस साल होने वाले चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया के तहत कराए गए साउथ कैरोलाइना प्राइमरी चुनाव में जो बाइडन ने आसानी से जीत हासिल कर ली। इसी के साथ उन्होंने पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने की राह में शनिवार को पहली आधिकारिक जीत अपने नाम की। बाइडन अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनने के सबसे प्रबल दावेदार हैं। यह सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी का पहला आधिकारिक प्राइमरी चुनाव है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में भी साउथ कैरोलाइना प्राइमरी चुनाव ने बाइडन को पार्टी उम्मीदवार बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। बाइडन (81) ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के अन्य दावेदारों-मिनेसोटा से सांसद डीन फिलिप्स और लेखिका मैरिएन विलियम्सन को शनिवार को हुए प्राइमरी चुनाव में हरा दिया। बाइडन को इस प्राइमरी चुनाव में 96.2 प्रतिशत वोट मिले जबकि विलियम्सन को मात्र 2.1 प्रतिशत वोट मिले। फिलिप्स तीसरे स्थान पर रहे। राज्य में रिपब्लिकन पार्टी का प्राइमरी चुनाव 24 फरवरी को होना है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (77) अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनने के सबसे प्रबल दावेदार हैं। बाइडन ने प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल करने के बाद कहा कि वह रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी ट्रंप को नवंबर में होने वाले चुनाव में फिर से हराएंगे। उन्होंने कहा, साउथ कैरोलाइना के मतदाताओं ने 2020 में राजनीतिक विश्लेषकों को गलत साबित किया था, उन्होंने हमारे प्रचार अभियान में नई जान फूंकी थी और हमें राष्ट्रपति पद जीतने की राह पर आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा, अब 2024 में भी साउथ कैरोलाइना के लोगों ने अपनी पसंद बता दी है। मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि आपने हमें राष्ट्रपति पद का चुनाव फिर से जीतने और (पूर्व राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप को फिर से हराने की राह पर अग्रसर किया है। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने हैं और इससे पहले डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी अपने-अपने उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया से गुजर रही हैं।

अमेरिका में ट्रक से चुराए मेमोरी कार्ड से खुली दोहरे हत्याकांड की गुत्थी

एंकरेज (अमेरिका)। अमेरिका के एंकरेज शहर में देह व्यापार में शामिल एक महिला जब एक ट्रक चालक के साथ डेट पर गई तो उसने वाहन में से एक डिजिटल मेमोरी कार्ड चुरा लिया लेकिन उस वक्त उसे इसकी भनक तक नहीं थी कि इस कार्ड में दो हत्याकांड का राज छिपा हुआ है। चोरी, मारपीट और वेश्यावृत्ति के अपराधिक इतिहास वाली इस महिला को उस कार्ड में जो मिला, वह दोहरे हत्याकांड की कुंजी है। अब चार साल बाद इस हत्याकांड के मुकदमे की सुनवाई शुरू होने वाली है। इस कार्ड में मैरिएट होटल में एक महिला की पिटाई और गला घोटकर उसकी हत्या की भयानक तस्वीरें और वीडियो दर्ज है। इसमें कंबल से ढके उसके शव को सामान ढोने वाली एक गाड़ी में ले जाने की भी तस्वीरें हैं। एक वीडियो में हमलावर को यह कहते हुए सुना जा सकता है, मेरी फिल्मों में, हर किसी को मरना ही पड़ता है। ट्रक से एसडी कार्ड चुराने के करीब एक सप्ताह बाद महिला ने इस पुलिस को सौंप दिया, जिसने वीडियो में सुनाई दे रही आवाज ब्रायन स्टीवन स्मिथ (52) की बताई जिसे वह पहले की एक जांच से ही जानते थे। वे दक्षिण अफ्रीका का रहने वाला है। स्मिथ ने कैथलीन हेनरी (30) और वेरोनिका अबौचुक (52) की मौत के मामले में हत्या, यौन शोषण और सबूतों से छेड़छाड़ के 14 आरोप स्वीकार नहीं किए हैं। हेनरी और अबौचुक दोनों अलास्का की रहने वाली थीं और बेघर थीं। वे पश्चिमी अलास्का के छोटे-से गांवों से थीं। प्राधिकारियों ने बताया कि मैरिएट होटल में हेनरी की हत्या हुई। स्मिथ दो सितंबर से चार सितंबर 2019 तक उस होटल में ठहरा था। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, कार्ड में रिकॉर्ड आखिरी तस्वीर छह सितंबर की है और उसमें हेनरी का शव एक काले रंग के पिकअप वाहन में पीछे रखा हुआ दिख रहा है। मैरिएट मामले के बारे में स्मिथ से पूछताछ करने पर अधिकारियों को अबौचुक की हत्या की भी जानकारी मिली। प्राधिकारियों के अनुसार, 2014 में अलास्का आया स्मिथ अभी एंकरेज सुधार गृह में हिरासत में हैं और वह उसी महीने अमेरिका का नागरिक बना था जिस महीने हेनरी की हत्या की गई थी। एंकरेज में रहने वाली उसकी पत्नी स्टेफनी बिसलैंड और दक्षिण अफ्रीका में उसकी बहन ने मुकदमे के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

नामीबिया के राष्ट्रपति गेनगॉब का कैंसर के इलाज के दौरान निधन

हरारे (जिम्बाब्वे)। नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगॉब का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को निधन हो गया। उनके कार्यालय ने यह घोषणा की। वह 82 वर्ष के थे। अफ्रीका के सबसे स्थिर लोकतांत्रिक देशों में से एक नामीबिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लेडी पोहाम्बा हॉस्पिटल में गेनगॉब के चिकित्सा दल ने उन्हें बचाने का पूरा प्रयास किया लेकिन उनका निधन हो गया। अस्पताल में उनकी पत्नी मोनिका गेनगॉब और उनकी संतान भी मौजूद थे। नामीबिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति एंगोलो मुम्बा ने शांति का आह्वान करते हुए कहा कि इस संबंध में आवश्यक राजकीय व्यवस्था करने के लिए तत्काल मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई जाएगी। उनके कार्यालय ने पिछले महीने बताया था कि गेनगॉब का कैंसर का इलाज चल रहा था। उनकी आठ जनवरी को कोलोनोस्कोपी और गैस्ट्रोस्कोपी हुई थी और उसके बाद उनकी बायोप्सी हुई थी। उनके कार्यालय के अनुसार, वह अमेरिका में कैंसर का इलाज कराने के बाद 31 जनवरी को स्वदेश लौटे थे। 2014 में उन्होंने प्रोस्टेट कैंसर से जंग जीतने के बारे में बताया था। गेनगॉब इस अफ्रीकी राष्ट्र के 2015 से राष्ट्रपति थे और उनका दूसरा तथा अंतिम कार्यकाल इस साल खत्म होना था। वह 1990 में नामीबिया के स्वतंत्रता हासिल करने के बाद से देश के तीसरे राष्ट्रपति बने थे। रंगभेद विरोधी कार्यकर्ता के तौर पर करीब तीन दशक तक पड़ोसी देश बोत्सवाना और अमेरिका में निर्वासन में रहने के बाद गेनगॉब देश में लौटे और 1990 से 2002 तक नामीबिया के पहले प्रधानमंत्री रहे। वह 2008 से 2012 तक भी प्रधानमंत्री पद पर रहे। मृदु भाषी लेकिन अफ्रीका के एजेंडे का पुरजोर समर्थन करने वाले गेनगॉब का अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों से करीब संबंध रहा। लेकिन कई अन्य अफ्रीकी नेताओं की तरह उन्होंने चीन के साथ भी अच्छे संबंध स्थापित किए। विवादों, हिंसक चुनावों और तख्तापलट से त्रस्त इस क्षेत्र में स्थित नामीबिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता है।

मैंने बचपन में नस्लवाद का अनुभव किया: ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि है कि उन्हें बचपन में नस्लवाद को महसूस किया और उनके माता-पिता ने उन्हें नाटक की अतिरिक्त कक्षा के लिए भेजा, ताकि वह अन्य बच्चों की तरह अच्छी तरह से बोल सकें। वर्ष 2022 में सुनक ने इतिहास रच दिया, जब दिवाली के दिन सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी का नया नेता चुने जाने के बाद महाराजा चार्ल्स तृतीय ने उन्हें भारतीय मूल के पहले व्यक्ति के रूप में ब्रिटेन का प्रधानमंत्री नियुक्त किया। हिंदू धर्म के अनुयाई 43 वर्षीय सुनक 210 वर्षों में सबसे कम उम्र के ब्रिटिश प्रधानमंत्री हैं। वह ब्रिटेन में भारतीय मूल के पहले हिंदू प्रधानमंत्री भी हैं। आईटीवी न्यूज से बातचीत में सुनक ने बताया कि उनके माता-पिता इसके प्रति दृढ़ थे कि उन्हें और अन्य बच्चों के अनुरूप ढलना चाहिए और अच्छी तरह बोलना चाहिए। सुनक ने कहा कि इसके लिए उनके माता-पिता ने उन्हें नाटक की अतिरिक्त कक्षा के लिए भेजा। उन्होंने कहा, ऐसा न होना कठिन है, ठीक है, और जाहिर तौर पर मैंने एक बच्चे के रूप में नस्लवाद का अनुभव किया है। सुनक ने अपने छोटे भाई-बहनों के लिए अपशब्द सुनने के दर्द को भी याद किया। उन्होंने कहा कि नस्लवाद चुभता है और उस तरह से पीड़ा पहुंचाता है, जो अन्य चीजें नहीं पहुंचातीं।सुनक ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने जो कुछ अनुभव किया वह अब उनके बच्चों के साथ नहीं होगा। अपनी भारतीय विरासत पर चर्चा करते हुए सुनक ने कहा कि उनके माता-पिता चाहते थे कि वह और उनके भाई-बहन (एक भाई और बहन) अन्य लोगों के अनुरूप ढलें। उन्होंने आगे कहा कि उनकी मां इस बात को लेकर विशेष रूप से सचेत थीं कि उनके बच्चे कैसे बोलते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मां जिन चीजों को लेकर बहुत ज्यादा जुनूनी थीं, उनमें से एक यह थी कि वह उच्चारण पर जोर दिए बिना ठीक से बातचीत कर सकें। सुनक ने कहा कि नस्लवाद का कोई भी रूप पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

न्यूरालिंक ने पहली बार मानव मस्तिष्क में अपनी चिप प्रतिरोपित की, पता चलेगी गड़बड़ियां

भाषा। मेलबर्न

अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने पिछले हफ्ते घोषणा की कि उनकी मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान में एक उपकरण प्रतिरोपित किया है। कंपनी का प्राइम अध्ययन पक्षाघात से पीड़ित लोगों के मस्तिष्क में प्रतिरोपण का परीक्षण कर रहा है ताकि वे अपने विचारों से बाहरी उपकरणों को नियंत्रित कर सकें। प्राइम अध्ययन को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने पिछले साल अनुमोदित किया था। न्यूरालिंक को प्रयोगशाला में जानवरों के साथ दर्व्यवहार के लिए पिछले कुछ वर्षों में जांच का सामना करना पड़ा है और कंपनी के कई अधिकारी कंपनी छोड़कर चले गए हैं। इसके बावजूद 10 साल से कम पुरानी कंपनी के लिए प्राइम परीक्षण एक बड़ी उपलब्धि है। न्यूरालिंक की चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। किसी उपकरण को प्रतिरोपित करना प्रतिस्पर्धियों, वित्तीय बाधाओं और नैतिक दुविधाओं से घिरी दशकों तक चलने वाली क्लिनिकल परियोजना की शुरुआत भर है। दशकों का विकास-मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का पहला प्रदर्शन 1963 में किया गया था। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान के दौरान तंत्रिका विज्ञानी विलियम ग्रे वाल्टर ने अपने एक मरीज के मस्तिष्क को प्रोजेक्टर से जोड़कर अपने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने उनके विचारों से अपनी प्रस्तुति की स्लाइड को आगे बढ़ाकर दिखाया। बहरहाल, गंभीर पक्षाघात से पीड़ित मरीजों की गतिशीलता और संचार क्षमता को बहाल करने के लिए मस्तिष्क-रिकॉर्डिंग तकनीकों का उपयोग करने संबंधी खोज 2000 के दशक की शुरुआत में आरंभ हुई थी। न्यूरालिंक की तकनीक अत्याधुनिक रिकॉर्डिंग उपकरणों पर आधारित है। न्यूरालिंक द्वारा प्रतिरोपित किया जाने वाला उपकरण यूटा ऐरे नामक अन्य उपकरण की तुलना में अधिक पतला, छोटा और कम अवरोध पैदा करने वाला है। वर्ष 2005 से उपलब्ध मौजूदा मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस में यूटा ऐरे का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। प्रतिद्वंद्वी- अगली पीढ़ी के मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का व्यावसाईकरण करने की दौड़ में न्यूरालिंक को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है ।

स्ट्रोक के लिए स्ट्रोकोलॉजिस्ट प्रोग्राम

कानपुर। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स और क्वालिटी एवं एक्रिडिटेशन इंस्टीट्यूट-क्यूएआई ने मैरिंगो सिम्स अस्पताल में अत्याधुनिक सेंटर ऑफ़एक्सीलेंस इन क्वॉलिटी एंड पेशेंट सेफ्

गिल का शतक, भारत की दूसरी पारी सस्ते में सिमटी

● दूसरा टेस्ट : इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य दिया

भाषा। विशाखापत्तनम

भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर इंग्लैंड को वापसी का मौका दिया लेकिन इसके बावजूद मेहमान टीम को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां रिकॉर्ड 399 रन का लक्ष्य मिला जिसके जवाब में उसने एक विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। हैदराबाद में श्रृंखला के पहले टेस्ट की तरह भारत के पास एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी से इंग्लैंड को मैच से बाहर करने का मौका था लेकिन शुभमन गिल (147 गेंद में 104 रन) के शतक के बावजूद भारत दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गया। मेजबान टीम ने अपने अंतिम छह विकेट 44 रन पर गंवाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों जैक क्राउली (नाबाद 29) और बेन डकेट (28) ने पहले विकेट के लिए 11 ओवर के भीतर 50 रन जोड़कर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (आठ रन पर एक विकेट) ने डकेट को विकेटकीपर कोना भरत के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। दिन का खेल खत्म होने पर रात्रि प्रहरी रेहान अहमद नौ रन बनाकर क्राउली का साथ निभा रहे थे। इंग्लैंड को जीत के लिए अब भी 332 रन की दरकार है। पिच बल्लेबाजी के लिए मुश्किल नहीं हैं लेकिन कुछ गेंद नीची रह रही हैं। इंग्लैंड को हालांकि श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बनाने के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य मिला है। वेस्टइंडीज ने दो साल पहले बांग्लादेश में 395 रन बनाकर जीत दर्ज की थी जो एशिया में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत है। भारतीय टीम दूसरी पारी में एक समय चार विकेट पर 211 रन बनाकर काफी अच्छी स्थिति में थी लेकिन निचले क्रम ने एक बार फिर निराश किया। दूसरी पारी में गिल ने खराब फॉर्म से उबरते हुए शतक जड़ा। उन्होंने अक्षर पटेल (84 गेंद में 45 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 89 रन जोड़े लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद भारतीय पारी को सिमटने में अधिक वक्त नहीं लगा। चाय के बाद रेहान अहमद (88 रन पर तीन विकेट) ने पहले ही ओवर में भरत (06) को पवेलियन भेजा जिन्होंने मिड ऑन पर बेन स्टोक्स को कैच थमाया। टॉम हार्टले (77 रन पर चार विकेट) के अगले ओवर में कुलदीप यादव (00) गेंद को हवा में लहराकर डकेट को आसान कैच दे बैठे। जसप्रीत बुमराह 26 गेंद तक टिके रहे लेकिन खाता खोले बिना हार्टले का चौथा शिकार बने। रेहान ने अश्विन (29) को विकेटकीपर बने फोक्स के हाथों कैच कराके भारत की पारी का अंत किया। तीसरे दिन शुरुआत में जूझने के बाद गिल ने अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। अक्षर भी अच्छी लय में नजर आए। गिल ने लंच से पहले अपना अर्धशतक पूरा किया और स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। लेग स्पिनर रेहान ने राउंड द विकेट गेंदबाजी की रणनीति अपनाई लेकिन गिल ने उन पर सीधा छक्का जड़ा और फिर इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। गिल ने शोएब बशीर के पारी के 52वें ओवर में शतक पूरा किया। वह पिछली 13 पारियों में पहली बार 50 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। गिल हालांकि शतक पूरा करने के बाद बशीर की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे।

एंडरसन ने स्ट की उंगली की चोट पर कहा, चिंता की बात नहीं

विशाखापत्तनम। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दिग्गज बल्लेबाज जो स्ट की दाएं हाथ की छोटी अंगुली में चोट संबंधित चिंताओं को खारिज कर दिया जिसके कारण उन्हें रविवार को यहां भारत के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन सुबह के सत्र में मैदान से बाहर जाने को बाध्य होना पड़ा। स्ट को भारत की दूसरी पारी के 18वें ओवर के दौरान चोट लगी जब उन्होंने स्लिप में शुभमन गिल के बल्ले से लगकर आई गेंद को लपकने की कोशिश की। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान की अंगुली पर गेंद लगी और फिर बाउंड्री के लिए चली गई। इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने एक अपडेट में कहा, तीसरे दिन के पहले सत्र में स्लिप में कैच लेने का प्रयास करते हुए जो स्ट के दाएं हाथ की छोटी उंगली पर चोट लगी। उन्होंने कहा, इंग्लैंड की मेडिकल टीम उनका इलाज कर रही है और अंगुली पर बर्फ लगा रही है जिसके कारण वह मैदान से बाहर रहेंगे। पूर्व कप्तान मैदान पर वापस नहीं लौटे लेकिन टीम के साथी एंडरसन ने कहा कि टीम प्रबंधन कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता।

स्कोरबोर्ड

भारत पहली पारी : 396, इंग्लैंड पहली पारी : 253,भारत दूसरी पारी:यशस्वी का स्ट बो एंडरसन 17, रोहित बो एंडरसन 13, गिल का फोक्स बो बशीर 104,अय्यर का स्टोक्स बो हार्टले 29,पाटीदार का फोक्स बो रेहान 09, पटेल पगबाधा बो हार्टले 45,भरत का स्टोक्स बो रेहान 06,अश्विन का फोक्स बो रेहान 29,यादव का डकेट बो हार्टले,बुमराह का बेयरस्टो बो हार्टले 00,मुकेश नाबाद 00, **अतिरिक्त:** 03, **कुल:** 78.3 ओवर में सभी विकेट खोकर: 255 रन,**विकेट पतन** : 1-29, 2-30, 3-111, 4-122, 5-211, 6-220, 7-228, 8-229, 9-255, गेंदबाजी: एंडरसन 10-1-29-2, बशीर 15-0-58-1, रेहान 24.3-5-88-3, स्ट 2-1-1-0, हार्टले 27-3-77-4

इंग्लैंड दूसरी पारी:क्राउली खेल रहे है 29,डकेट का भरत बो अश्विन 28,अहमद खेल रहे है 09, **अतिरिक्त:** 01, **कुल:**14 ओवर में एक विकेट पर: 67 रन, विकेट पतन: 1-50, **गेंदबाजी:** बुमराह 5-1-9-0, मुकेश 2-0-19-0, कुलदीप 4-0-21-0, अश्विन 2-0-8-1, अक्षर1-0-10-0

राष्ट्रीय कुश्ती में विनेश ने 55 किग्रा का स्वर्ण पदक जीता

जयपुर। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट ने रविवार को यहां आईओए की तदर्थ समिति द्वारा आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में 55 किग्रा वजन का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विनेश ने अपने अनुभव से मध्य प्रदेश की ज्योति को 4-0 से मात दी जबकि यह शीर्ष पहलवान ऊंचे वजन वर्ग में हिस्सा ले रही थी। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) का प्रतिनिधित्व कर रही 29 वर्षीय विनेश ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 50 किग्रा का स्वर्ण पदक जीता था जबकि 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 53 किग्रा वजन वर्ग में खिताब जीता था। एक अन्य मुकाबले में 2021 विश्व चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता हरियाणा की अंशु मलिक ने 2020 एशियाई चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता सरिता मोर (रेलवे) को 59 किग्रा वजन वर्ग में 8-3 से पराजित किया। हरियाणा ने 189 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। आरएसपीबी 187 अंक से दूसरे स्थान पर जबकि पुडुचेरी 81 अंक से तीसरे स्थान पर था।

अवनि प्रशांत संयुक्त 10वें स्थान पर रहीं

पटाया (थाईलैंड)। भारतीय महिला गोल्फर अवनि प्रशांत ने रविवार को यहां महिलाओं की एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप के अंतिम दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 10वें स्थान पर रहीं। यह उनका चैम्पियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने 68-69-71-71 से कुल नौ अंडर 279 का स्कोर बनाया। हालांकि वह इससे बेहतर कर सकती थी।

ओडिशा तालिका में शीर्ष पर

भुवनेश्वर। खिताब की प्रबल दावेदार ओडिशा एफसी ने रविवार को यहां इंडियन वुमैन्स लीग फुटबॉल में स्पोर्ट्स ओडिशा को 3-1 से हराकर तीन अंक हासिल किए। विजेता टीम के लिए लिंडा कोम ने आठवें और विन थेगी टुन ने 45ूवें मिनट में गोल किए। फिर टुन ने 50वें मिनट में दूसरा गोल दागा। स्पोर्ट्स ओडिशा ने 67वें मिनट में मनीषा नायक की बदौलत एकमात्र गोल किया। ओडिशा एफसी सात मैच में 19 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है जबकि स्पोर्ट्स ओडिशा आठ मैच में दो अंक लेकर निचले पायदान पर है।

अफगानिस्तान की जोरदार वापसी, इब्राहिम का शतक

कोलंबो। इब्राहिम जादरान के पहले टेस्ट शतक से अफगानिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में एक विकेट पर 199 रन बनाकर जोरदार वापसी की। पहली पारी में 241 रन से पिछड़ने के बाद इब्राहिम (नाबाद 101) ने नूर अली जादरान (47) के साथ पहले विकेट के लिए 106 रन जोड़कर अफगानिस्तान को अच्छी शुरुआत दिलाई।

माली को हराकर आइवरी कोस्ट सेमीफाइनल में

बोआके (आइवरी कोस्ट)। ओमार डियाकिट के अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे आइवरी कोस्ट ने शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में माली को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। माली को 71वें मिनट में नेने डोरगेलेस ने बढ़त दिलाई। साइमन एडिनगरा ने 90वें मिनट में गोल दागकर आइवरी कोस्ट को बराबरी दिलाई और क्वार्टर फाइनल को अतिरिक्त समय में खींचा।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कड़े मुकाबले की उम्मीद: ब्रिंकमैन

भुवनेश्वर। कप्तान थिएरी ब्रिंकमैन ने कहा है कि दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए एफआईएच हॉकी प्रो लीग के दौरान भारत और ऑस्ट्रेलिया का सामना करने की चुनौती के लिए तैयार है। नीदरलैंड की पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंग हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए रविवार को यहां पहुंची।

आकाश गोरखा स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में हारे

सोफिया (बुल्गारिया)। भारतीय मुक्केबाज आकाश गोरखा (60 किग्रा) रविवार को यहां 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट के शुरूआती दिन उज्बेकिस्तान के दिलशोद अब्दुमुरोदोव से हार गए। क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए हुए मुकाबले में आकाश ने आक्रामक शुरूआत की लेकिन दिलशोद ने पूरे मुकाबले में धैर्य बनाए रखा और भारतीय मुक्केबाज की कमियों का फायदा उठाते हुए विभाजित फैसले में 4-1 से जीत हासिल की। राष्ट्रीय चैम्पियन जुगनू (86 किग्रा) राउंड 16 के मुकाबले में यूक्रेन के कोचारियान अशोत के सामने होंगे।

भारत ने विश्व ग्रुप एक में जगह बनाई

डेविस कप : पाकिस्तान को 4-0 से हराया

भाषा। इस्लामाबाद

भारतीय डेविस कप टीम ने युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत तथा निकी पूनाचा के विजई पदार्पण से पाकिस्तान को 4-0 से हराकर 60 साल बाद चिर प्रतिद्वंद्वी देश का ऐतिहासिक दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की। युकी और साकेत ने युगल मुकाबले में जीत के साथ भारत को प्ले ऑफ में 3-0 की विजई बढ़त दिलाई। शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान टीम की जोड़ी को 6-2 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा। पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे। इस मुकाबले में हार भारत की जीत तय करती। युकी और साकेत ने हालांकि मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा। पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए। फिर 28 वर्षीय पूनाचा को मोहम्मद शोएब के खिलाफ बेमानी चौथा मैच खेलने के लिए उतारा गया जिन्होंने इसमें 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। इसके बाद पांचवां मैच नहीं खेला गया। शोएब अपनी सर्विस से जूझते नजर आए लेकिन उनका बैकहैंड कमाल का था। शोएब के मजबूत पक्ष को महसूस करते हुए पूनाचा ने उन्हें बैकहैंड के लिए ज्यादा गेंद नहीं दीं और आसानी से जीत हासिल की। शोएब अपनी सहज गलतियों पर भी लगाम नहीं रख सके जिससे भारतीय खिलाड़ी को काफी अंक मुफ्त में मिले। टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है। भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप एक में हिस्सा लेगी जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा। भारतीय टीम ने कड़ी परिस्थितियों और अपने आस-पास भारी सुरक्षा से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया और माहौल का अपने प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया।

मेजबान स्वीडन को 3-1 से हराकर ब्राजील पहली बार डेविस कप फाइनल्स के ग्रुप चरण में

हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)। थियागो मोंटेइरो की अगुआई में ब्राजील ने स्वीडन को शनिवार को यहां 3-1 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस फाइनल्स के ग्रुप चरण में जगह बनाई।मोंटेइरो ने स्वीडन के इलियास यमेर को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर ब्राजील की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले पुरुष युगल में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी और राफेल मातोस ने फिलिप बेरगेवी और आंद्रे गोरानसन की स्वीडन की जोड़ी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शुक्रवार को पहले एकल में मोंटेइरो ने कार्ल फ्राइबर्ग को हराया था जबकि यमेर ने गुस्तावो हेइडे को हराकर स्वीडन के लिए एकमात्र जीत दर्ज की। पिछले साल विश्व ग्रुप एक में चीन और डेनमार्क को हराने के बाद ब्राजील ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। शुक्रवार को अमेरिका ने भी यूक्रेन को हराकर फाइनल्स के ग्रुप चरण में जगह बनाई थी।

आईओए सीईओ की नियुक्त पर पीछे हटने का सवाल ही नहीं, उषा ने कहा

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पर पूरा भरोसा है और उन्हें शीर्ष पद पर नियुक्त करने के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। इस तरह की खबरें हैं कि आईओए कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे जिसमें सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित किया जाएगा। आईओए ने एक साल बाद और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के बार-बार याद दिलाने के बाद छह जनवरी को इंडियन प्रीमियर लीग टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। हालांकि उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों के भीतर आईओए की कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि महान खिलाड़ी उषा ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए उन पर दबाव डाला था। उषा ने इस आरोप को शर्मनाक बताया। कार्यकारी परिषद के 15 में से लगभग 12 सदस्यों ने तब कहा था कि अय्यर की नियुक्ति को शीर्ष संस्था ने मंजूरी नहीं दी थी।

बुमराह-शमी की गेंदबाजी पसंद: हार्मिसन

विशाखापत्तनम। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन को जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों को गेंदबाजी करते हुए देखना पसंद है और इनके अविश्वसनीय कौशल की बदौलत उन्हें लगता है कि भारत सभी परिस्थितियों में एक मजबूत ताकत बन गया है। शमी टखने की चोट के कारण अब तक इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में नहीं खेल पाए हैं। वह सीम गेंदबाजी करने में माहिर हैं जबकि बुमराह ने शनिवार को रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करके इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया। दूसरे टेस्ट में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा है जिसमें बुमराह ने घरेलू सरजमीं पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जबकि जेम्स एंडरसन ने उम्र को मात देते हुए शानदार गेंदबाजी की। हार्मिसन ने रविवार को पीटीआई से कहा, वे दोनों शानदार रहे हैं। यह उनके स्तर को दर्शाता है। यदि आपके पास बेहतरीन कौशल है तो आप टिके रहेंगे, यही एंडरसन और बुमराह के पास है। वे अविश्वसनीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के लिए 63 टेस्ट में 226 विकेट चटकाने वाले इस तेज गेंदबाज ने कहा, हैदराबाद में जब बुमराह को रूट और डकेट के विकेट मिले तो वह टेस्ट क्रिकेट के सबसे मनोरंजक घंटों में से एक था। इस टेस्ट में एंडरसन और बुमराह अविश्वसनीय हैं। भारत में केवल एक टेस्ट खेलने वाले हार्मिसन कमेंटरी के लिए आए हैं। वह शमी और सिराज की गेंदबाजी के भी प्रशंसक हैं। हार्मिसन जब खेलते थे तब भारत के पास अब की तरह विश्व स्तरीय तेज गेंदबाज नहीं थे।

बुमराह ने इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया: कुक

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह ने पिच को समीकरण से बाहर कर दिया और मुश्किल कोणों से गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को परेशान किया जिससे उन्हें खेलना लगभग नामुमकिन हो गया। इंग्लैंड की बल्लेबाजी की शुरुआत बेन डकेट और जैक क्राउली ने शानदार तरीके से की। क्राउली ने 76 रन की शानदार पारी खेली। क्राउली का विकेट टर्निंग प्वाइंट रहा जो आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में कैच आउट हुए क्योंकि गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर हवा में उछल गई।कुक ने कहा, बुमराह ने इसके बाद इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया।

तीसरे नंबर पर रन बनाना महत्वपूर्ण और संतोषजनक है : गिल

विशाखापत्तनम। भारतीय टीम प्रबंधन द्वारा खुद पर दिखाए गए विश्वास पर खरा उतरते हुए शुभमन गिल ने रविवार को यहां तीसरे नंबर पर खेलते हुए शानदार शतक जड़ा। गिल ने कहा, तीसरे नंबर पर रन बनाना मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण और बहुत संतोषजनक था। बहुत अच्छा लगा, खासकर उस समय जब हमने यशस्वी और रोहित के विकेट गंवा दिए थे। उन्होंने कहा, हमारे लिए बड़ी बढ़त लेना और जितने ज्यादा हो सके रन जुटाना काफी अहम था। गिल अपनी पारी के दौरान दो बार डीआरएस में भी बचे। उन्हें पता है कि टीम की उनसे काफी उम्मीदें लगी है जिससे उन्होंने शतक जड़ने के बाद जश्न भी शांत तरीके से मनाया।

भारत को नहीं पता था कि हमारे लिए कितना बड़ा स्कोर काफी होगा : एंडरसन

विशाखापत्तनम। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को रविवार को भारत का बल्लेबाजी करने का तरीका सतर्कता भरा लगा और उन्होंने कहा कि उनकी बैजबॉल तकनीक के खिलाफ मजबूत मेजबान टीम सुरक्षित लक्ष्य के बारे में सुनिश्चित नहीं थी। इंग्लैंड को तीसरे दिन 399 रन का लक्ष्य मिला लेकिन दोपहर के सत्र में ऐसा लग रहा था कि उन्हें इससे बड़ा लक्ष्य मिलेगा। एंडरसन ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, मुझे लगता है कि आज उनकी घबराहट दिख रही थी, जिस तरह से वे बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्हें नहीं पता कि कितने रन काफी होंगे। वे काफी सतर्क थे और यहां तक कि तब तक उनकी बढ़त इतनी बड़ी हो गई थी। एंडरसन ने कहा, बीती रात कोच ब्रैंडन मैकुलम से चर्चा हुई थी कि अगर वे 600 रन का स्कोर बना लेंगे तो हम इसे कैसे हासिल करेंगे। इससे सभी को यह बहुत स्पष्ट है कि हम कल इसे करने की कोशिश करेंगे।

एलएसजेए ने टाइम्स ऑफइंडिया को 6 विकेट से किया पराजित

लखनऊ। मैन ऑफद मैच विशाल टंडन 3 विकेट की अगुवाई में धारदार गेंदबाजी से एलएसजेए एकादश ने तृतीय एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग एलएमपीएल-2024 के चौथे दिन टाइम्स ऑफइंडिया को 6 विकेट से पराजित किया। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेली जा रही लीग में टाइम्स ऑफइंडिया की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.2 ओवर में 78 रन पर आल आउट हो गयी। टीम ने अपने शीर्ष दो विकेट 18 रन के कुल स्कोर पर गंवा दिए थे। इसके बाद जुहैब ने 27 रन बनाए लेकिन अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके और 28 रन पर आधी टीम पवैलियन लौट गयी। जवाब में एलएसजेए एकादश ने 13.2 ओवर में चार विकेट पर 82 रन बनाकर मैच जीत लिया। आशु बाजपेयी ने 20 गेंदों पर 3 चौके से नाबाद 24 रन और नदीम अहमद ने 10 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। वहीं इलेक्ट्रानिक मीडिया व हिंदुस्तान टाइम्स के बीच खेला जा रहा दिन का दूसरा मैच बारिश के चलते नहीं हो सका और दोनों टीमों ने 1-1 अंक साझा किए। इलेक्ट्रानिक मीडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर में 2 विकेट पर 96 रन बना लिए थे लेकिन तभी भारी बारिश शुरू हो गयी और फिर मैच संभव नहीं हो सका। इसके चलते अंपायरों ने मैच को रद्द घोषित कर दिया।

मुलानी के पांच विकेट, भारत ए की जीत

● इंग्लैंड लायंस को 134 रन से हराकर श्रृंखला 2-0 से कब्जाई

भाषा। अहमदाबाद

भारत ए ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को यहां तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई जिससे भारत ए ने तीन मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (60 रन देकर पांच विकेट) और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन (50 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर आठ विकेट चटकाए जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई। इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई। तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था। लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर तीन और विकेट गंवा दिए जिससे उसका स्कोर सात विकेट पर 140 रन हो गया। मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन (18) और डैन मूस्ले (05) का विकेट हासल किया। इंग्लैंड लायंस की टीम चुनौती दिए बिना आउट होने वाली नहीं थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन (80 रन) और जेम्स कोल्स (31 रन)ने आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाकर टीम को आसानी से 200 रन के पार कराया। मुलानी ने कोल्स को पगबाधा की अपील पर आउट कर इस भागीदारी का अंत किया। जैन ने फिर रॉबिन्सन को पवेलियन भेजा और इंग्लैंड लायंस की पारी खत्म होते ही मैच जल्दी समाप्त हो गया।

रणजी ट्राफी : यूपी की असम पर बढ़त

मोहित के सात विकेट से मुंबई जीता, बंगाल को हराया

कानपुर। कानपुर के ग्रीन पार्क में उत्तर प्रदेश के आठ विकेट पर 548 रन पर पारी घोषित करने के जवाब में असम ने दो विकेट पर 316 रन बना लिए है। असम की ओर से सलामी बल्लेबाज परवेज मुशर्फ (129) और राहुल हजारिका (128) ने शतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 274 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। शिवम शर्मा ने परवेज और राहुल दोनो को पगबाधा किया। असम की टीम अब भी उत्तर प्रदेश से 232 रन से पीछे है। वहीं मोहित अवस्थी ने 52 रन देकर सात विकेट चटकाए जिससे मुंबई ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में बंगाल को पारी और चार रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया। पहली पारी में 63 रन देकर तीन विकेट हासिल करने वाले मोहित ने मैच में 10 विकेट हासिल किए। मुंबई के पहली पारी के 412 रन के जवाब में बंगाल की टीम पहली पारी में अनुष्टूप मजूमदार (109) के शतक के बावजूद 199 रन पर ढेर हो गई और 213 रन से पिछड़ने के कारण उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। मेजबान टीम दूसरी पारी में भी मोहित की तूफानी गेंदबाजी के सामने 209 रन ही बना सकी। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने दूसरी पारी में सर्वाधिक 82 रन बनाए। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहित ने मौजूदा सत्र में पांच रणजी मुकाबलों में तीसरी बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उन्हे तीसरी बार मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। पटना के मोइन उल हक स्टेडियम में बिहार पर आंध्र के खिलाफ बड़ी हार का खतरा मंडरा रहा है। बिहार की टीम दूसरी पारी में आठ विकेट पर 111 रन बनाकर संकट में है।

पार्थ भुत के सात विकेट से सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हराया

सोलापुर (महाराष्ट्र)। बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के सात विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की। भुत ने 44 रन देकर सात विकेट चटकाए जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर भुत का अच्छा साथ निभाया। पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही।जडेजा ने पहली पारी में भी चार विकेट चटकाए थे और भुत तथा डोडिया के साथ मिलकर महाराष्ट्र को पहली पारी में 159 रन पर समेटकर अपनी टीम को 43 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई थी।सौराष्ट्र ने इसके बाद दूसरी पारी में 164 रन बनाकर महाराष्ट्र को 213 रन का लक्ष्य दिया।महाराष्ट्र ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 104 रन से की जिसके बाद सौराष्ट्र ने जीत की औपचारिकता पूरी की।रोहतक में सेना ने रोमांचक मुकाबले में हरियाणा को एक रन से हराया। हरियाणा की टीम 146 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 144 रन पर सिमट गई। सेना की ओर से ऑफ स्पिनर पुलकित नारंग ने 55 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

मनीष पांडे की मदद से कर्नाटक ने रेलवे को एक विकेट से हराया, त्रिपुरा ने गुजरात को मात दी

सूरत। अनुभवी बल्लेबाज मनीष पांडे के अर्धशतक से कर्नाटक ने रविवार को यहां एलीट ग्रुप सी रणजी ट्राफी मैच के तीसरे दिन रेलवे पर एक विकेट से जीत हासिल की। जीत के लिए 226 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्नाटक ने पांडे के 121 गेंद में छह चौके और एक छक्के जड़ित नाबाद 67 रन की मदद से नौ विकेट गंवाकर 229 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले रेलवे ने सुबह आठ विकेट पर 209 रन से आगे खेलते हुए दूसरी पारी में 244 रन बनाए। तेज गेंदबाज विसाख विजयकुमार कर्नाटक के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 67 रन देकर पांच विकेट प्राप्त किए। इस जीत से कर्नाटक 21 अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है और नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए तैयार है जबकि दो और लीग मैच बचे है। सलामी बल्लेबाज डी निश्चल (01) के जल्दी आउट होने के बाद रविकुमार समर्थ (35) और केवी अनीश (34) ने दूसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़कर टीम को एक विकेट पर 70 रन के स्कोर तक पहुंचाया। लेकिन इसके बाद कर्नाटक ने महज पांच रन जोड़कर तीन विकेट गंवा दिए जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 75 रन हो गया। बाएं हाथ के स्पिनर आकाश पांडे (94 रन देकर पांच विकेट) ने कुछ झटके दिए। पांडे और विकेटकीपर बल्लेबाज शरत श्रीनिवास (23) ने सातवें विकेट के लिए 34 रन की भागीदारी निभाई। श्रीनिवास के आउट होने के बाद पांडे ने विसाख (38 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 64 रन जोड़े जिससे कर्नाटक लक्ष्य के करीब पहुंचा। लक्ष्य के करीब पहुंचते ही विसाख पवेलियन लौट गए और विद्वथ कावेरप्पा (08) के आउट होने से टीम को 12 रन और बनाने थे जबकि उसका एक विकेट बचा था।

ज्योत्सनिल के 234 रन से बड़ौदा का विशाल स्कोर, दिल्ली के चार विकेट पर 113 रन

नई दिल्ली। बड़ौदा ने रविवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन पहली पारी नौ विकेट पर 435 रन के विशाल स्कोर पर घोषित करने के बाद स्टंप तक दिल्ली के 113 रन तक चार विकेट चटका दिए। बड़ौदा के सलामी बल्लेबाज ज्योत